23 अक्टूबर, 2024
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 06



BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI


# विधानसभा चुनाव 2024 : वार-पलटवार
# आरोप-प्रत्यारोप और नामांकन का दौर जारी

■ हेमंत भाजपा पर जम कर बरसे ■ बाबूलाल ने सरकार पर निशाना साधा ■ नामांकन करने में जुटे उम्मीदवार

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में 43 सीटों के लिए नामांकन 18 अक्टूबर से चल रहा है। अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। दूसरे चरण में 38 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गयी है। यह 29 अक्टूबर तक चलेगा। इस बीच प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र खरीदने और दाखिल करने का दौर जारी है। नेताओं का आरोप-प्रत्यारोप, वार-पलटवार, मतदाताओं से वादा किया जा रहा है। यह सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जहां विपक्ष पर बरसे, तो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर निशाना साधा।

## सिंगल इंजन की सरकार डबल इंजन से बेहतर : हेमंत सोरेन

**झामुमो प्रत्याशी सबिता महतो के नामांकन में हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि पांच साल सत्ता से बाहर रहने के कारण भाजपा की बौखलाहट इस कदर हावी रही कि हर दिन सरकार गिराने की साजिश रचती रही, मगर हमने पूरी ताकत से उनका मुकाबला किया। हमारी सिंगल इंजन की सरकार उनकी डबल इंजन की सरकार से बेहतर चली। हेमंत मंगलवार को इचागढ़ में झामुमो उम्मीदवार सबिता महतो के नामांकन कार्यक्रम में बोल रहे थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा-आजसू गठबंधन को किसी हाल में सत्ता में आने नहीं दिया जायेगा। राज्य की जनता उनके झांसे में नहीं आने वाली है। केंद्र पर 1.36 हजार करोड़ राज्य का बकाया है। उसके लिए हमारी सरकार लड़ रही है। एक बार फिर से झारखंड में इंडिया गठबंधन की वापसी होने जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आयी, तो ऐसी व्यवस्था होगी कि अधिकारी घर-घर जायेंगे। मुख्यमंत्री ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया है। उन्होंने सभा की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है कि इचागढ़ विधानसभा से झामुमो की उम्मीदवार और वरिष्ठ नेता सबिता महतो जी को नामंकन पत्र दाखिल करने की ढेर सारी शुभकामनाएं और जोहार। झारखंड की माटी के लाल अमर वीर शहीद निर्मल महतो और महान क्रांतिकारियों के संघर्ष और बलिदान को साकार करना ही हमारा कर्तव्य रहा है, ध्येय रहा है। -जीतेगा झारखंड!

इस मौके पर प्रत्याशी सविता महतो ने जनता से चुनाव जिताने के लिए समर्थन मांगा। वहीं विपक्ष द्वारा बाहरी बताकर दुष्प्रचारित करने को लेकर मार्मिक अपील की। उन्होंने कहा कि एक शहीद परिवार की बहू को बाहरी बताकर अपमानित किया जा रहा है। आगामी चुनाव में इसका बदला लेने के लिए तैयार रहें। इस मौके पर आजसू नेता कार्तिक महतो और कपाली नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष सरवर आलम ने अपने समर्थकों के साथ झामुमो का दामन थामा। मुख्यमंत्री ने पार्टी का पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया।

## 24 से 28 के बीच ज्यादातर प्रत्याशी करेंगे नामांकन

रांची (आजाद सिपाही)। एनडीए-इंडी गठबंधन समेत अन्य दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र खरीदने का दौर जारी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम से मंगलवार को बरहेट विधानसभा क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र खरीदा गया, तो खूंटी से नीलकंठ सिंह मुंडा ने नामांकन पत्र खरीदा। वहीं इचागढ़ से झामुमो प्रत्याशी सबिता देवी ने नामांकन किया। इसी तरह अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी नामंकन पत्र खरीदने और दाखिल करने का सिलसिला मंगलवार को जारी रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्यादातर प्रत्याशी 24 से 28 अक्टूबर के बीच नामांकन दाखिल करेंगे। धनवार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में बाबूलाल मरांडी 28 अक्टूबर को नामांकन करेंगे। गोमिया विधानसभा क्षेत्र के भाजपा समर्थित आजसू पार्टी के प्रत्याशी लंबोदर महतो, मनिका से कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह, पोटका से भाजपा प्रत्याशी मीरा समेत कुछ अन्य प्रत्याशी 24 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं, गोमिया से झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद महतो 25 अक्तूबर को नामांकन करेंगे।

## जनता के बीच भगवान बनने का भ्रम न पालें हेमंत: बाबूलाल

**सोशल मीडिया पर किया पोस्ट**
**मुफ्त बालू और आवास का वादा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एकबार फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और इंडी गठबंधन पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा है कि भ्रम पालना अगर आपकी (हेमंत सोरेन) आदत बन चुकी है, तो खुशी-खुशी इस भ्रम को पालिए। लेकिन झारखंड की जनता के दिलों में भगवान बनने का भ्रम नहीं पालिए, क्योंकि आदिवासी समाज के नाम पर राजनीति करने वालों ने आदिवासी जमीन पर ही कब्जा किया है। उस पर बैंक्वेट हॉल बनाने का सपना देखा है, वह भी हम झारखंडवासियों से अछूता नहीं है। इसके बाद भी झामुमो-कांग्रेस गठबंधन को सरकार को भ्रम पालना है, तो अच्छे से पालिए। बस इतना याद रहे कि जनता जब अपने जल, जंगल, जमीन और रोजगार संबंधी सवाल पूछे, तो भागना नहीं है। भ्रम नहीं फैलाना और अपनी नाकामी स्वीकार कर लेना। बाबूलाल ने कहा है कि पीएम आवास योजना



का लाभ झारखंड के गरीबों तक राज्य सरकार नहीं पहुंचने दे रही है। भाजपा ने प्रण लिया है कि झारखंड का कोई भी व्यक्ति छत विहीन नहीं रहेगा। सबको पक्का मकान उपलब्ध कराया जायेगा। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही 'घर साकार योजना' के तहत 21 लाख परिवारों को पक्का आवास दिया जायेगा। साथ ही लोगों को मकान निर्माण के लिए भाजपा सरकार के द्वारा फ्री बालू उपलब्ध कराया जायेगा।

उधर, मंगलवार को भाजपा मुख्यलाय में लिन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान भी बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। इसका प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने लोगों से जो वादा किया, उसे पूरा किया। इसलिए किसी के बहकावे में नहीं आयें। झारखंड को लूटने वालों के झांसे में नहीं फंसे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार झारखंड में बनायें।


FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## न्यूज रील्स

### राजद ने की 6 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा

रांची । राजद 6 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ेगा। सभी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गयी है। जारी सूची के मुताबिक इन उम्मीदवारों के नाम लिस्ट में शामिल किये गये हैं- इसमें देवघर से सुरेश पासवान, गोड्डा से संजय प्रसाद यादव, कोडरमा से सुभाष यादव, चतरा से रश्मि प्रकाशा, विश्रामपुर से नरेश प्रसाद सिंह और हुसैनाबाद से संजय कुमार सिंह यादव उम्मीदवार बनाये गये हैं।

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव: एमवीए की सीट शेयरिंग तय

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के लिए राज्य की 288 सीटों के लिए मंगलवार को महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच सीट शेयरिंग तय हो गयी है। इसमें कांग्रेस 100-105, शिवसेना उद्धव 96-100 और एनसीपी शरद 80-85 सीट पर चुनाव लड़ेगी। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को एक चरण में मतदान होगा। मतगणना 23 नवंबर को होगी।

## कोडरमा में छापा, 1.07 करोड़ रुपये बरामद

**वृंदा गांव स्थित होटल व्यवसायी के घर पहुंची पुलिस, तस्करी से जुड़ा है मामला, अफीम भी बरामद**

संजीव/ अमित

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा के एक गांव वृंदा में एक होटल व्यवसायी के घर से 1.07 करोड़ रुपये नगद और 58 ग्राम अफीम बरामद किया गया है। होटल व्यवसायी की पहचान सुखदेव रजक के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की रात दो बजे से कोडरमा पुलिस सुखदेव रजक के घर पर रेड करने पहुंची थी। मंगलवार की सुबह मौके पर दो काले रंग के बैग के साथ इनकम टैक्स की टीम भी पहुंची। बरामद रुपये गिनने के लिए मशीन भी मंगायी गयी थी। छापेमारी में करोड़ों रुपये नकद के अलावा सोना और मादक पदार्थ भी बरामद होने की सूचना है। आरोपी सुखदेव फिलहाल फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है, जबकि उसके भाई रोहित कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुखदेव रजक हजारीबाग जिले के बरही में होटल चलाता है। इसके अलावा वह अवैध कार्यों से भी जुड़ा हुआ है। सुखदेव रजक की उम्र महज 40 वर्ष है और हाल में ही यूपी के जौनपुर में भी उसने अपना व्यवसाय शुरू किया है। कई सालों पहले सुखदेव रजक के पिता महादेव रजक का यूपी के अलीगंज में मामूली होटल था। होटल नहीं चला तो वह वापस गांव आ गया। इधर सुखदेव रजक ने बरही में होटल खोला और फिर 3 से 4 साल के भीतर अकूत संपत्ति खड़ी कर ली। उसने अपने तीन भाइयों राजेश, रंजीत और रोहित को किसी न किसी रोजगार से जोड़ा है।

कोडरमा एसपी अनुरदीप सिंह ने मंगलवार को बताया कि वृंदा गांव में अवैध रूप से अफीम और पैसा रखे होने की गुप्त सूचना मिली थी। उसी आलोक में एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह और डीएसपी रतिभान सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। छापेमारी में एक करोड़ सात लाख 10 हजार 320 रुपये नकद और 58 ग्राम अफीम बरामद किया गया। साथ ही रोहित कुमार नामक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में कोडरमा थाना कांड संख्या 228/24 दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि वहां से दो मोबाइल के साथ एक महिंद्र स्कॉर्पियो और एक महिंद्र एसयूवी भी जब्त किया गया है।

## रूस में द्विपक्षीय बातचीत से पहले मोदी-पुतिन गले मिले
# रूस-यूक्रेन जंग केवल बातचीत से रुकेगी: प्रधानमंत्री




**यूक्रेन जंग पर भारत अपने स्टैंड पर कायम**
**भारत हर मदद देने को तैयार**

एजेंसी

**नयी दिल्ली/मॉस्को।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स समिट में शामिल होने के लिए मंगलावर को रूस के कजान शहर पहुंचे। यहां उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। इस दौरान दोनों नेता एक-दूसरे से गले मिले। पुतिन ने कहा कि हमारे संबंध इतने अच्छे हैं कि आप मेरी बात बिना ट्रांसलेटर (अनुवादक) के समझ जाते हैं। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन जंग पर भारत के स्टैंड को कायम रखा। उन्होंने कहा कि हर समस्या का समाधान शांतिपूर्ण ढंग से हो। रूस-यूक्रेन जंग केवल बातचीत से रुकेगी। भारत संघर्ष के समाधान में हर मदद देने को तैयार है। भारत का हर प्रयास मानवता के समर्थन में है। हम जल्द से जल्द शांति की बहाली चाहते हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री पिछले चार महीनों में दूसरी बार रूस गये हैं। इससे पहले जब वे जुलाई में रूस गये थे, तो उन्होंने पुतिन को सलाह दी थी कि बम-बंदूकों और गोलियों से शांति संभव नहीं है। इसके बाद वे यूक्रेन दौरे पर भी गये थे, जहां उन्होंने जेलेंस्की से कहा था कि मैंने पुतिन से आंख में आंख मिलाकर कहा था कि ये जंग का समय नहीं है।

मोदी का रूस में लड्डू और ब्रेड-नमक से स्वागत


इससे पहले जब मोदी एयरपोर्ट पहुंचे, तो उनका स्वागत लड्डू और ब्रेड-नमक के साथ किया गया। साथ ही वो यहां प्रवासी भारतीयों से भी मिले। इसके बाद कजान के होटल पहुंचने पर उन्होंने भारतीय पोशाक पहने रूसी कलाकारों का डांस भी देखा। विदेश मंत्रालय के मुताबिक पीएम मोदी बुधवार को ब्रिक्स की बैठक में हिस्सा लेंगे। यह दो सत्र में होगा। सबसे पहले सुबह क्लोज प्लेनरी यानी बंद कमरे में बातचीत होगी। इसके बाद शाम को ओपन प्लेनरी होगी। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी कई नेताओं से द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे।

## दाना चक्रवात: ओड़िशा और प. बंगाल के लिए रेड एलर्ट

**बंगाल-ओडिशा में सुरक्षा की चेतावनी जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/कोलकाता।** भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) ने पूवार्नुमान लगाया कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र 23 अक्टूबर तक भयंकर चक्रवाती तूफान में बदल सकता है। अगले दिन ओड़िशा और पश्चिम बंगाल से सटे तटों तक पहुंच सकता है। चक्रवात दाना के आने से दोनों राज्यों में कम से कम तीन दिनों तक भारी बारिश होने की संभावना है। मध्य पूर्व बंगाल



की खाड़ी पर बन रहे डिप्रेशन की बुधवार को साइक्लोनिक तूफान में तब्दील होने की पूरी संभावना है, जिसके बाद ये पश्चिम और उत्तर दिशा में गति करते हुए ओड़िशा और पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों से टकरायेगा। ये कितना खतरनाक हो सकता है? इसका अंदाजा इसकी लैंडफॉल स्पीड से ही लगाया जा सकता है। आईएमडी के मुताबिक, लैंडफॉल के समय 100-120 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना हैं। मौसम विभाग की मानें तो 24 तारीख की रात और 25 अक्टूबर की सुबह के बीच यह तूफान गंभीर चक्रवात में तब्दील होकर ओड़िशा के पुरी और बंगाल के सागर द्वीप समूह से टकरायेगा। इसी के साथ 24 अक्टूबर को पश्चिम और पूर्व मिदनापुर के साथ दक्षिण 24 परगना में भारी बारिश होने की संभावना है।

### झारखंड में आज से दिखेगा चक्रवात का असर

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में 23 अक्टूबर से चक्रवात दाना असर दिखने की उम्मीद है। मौसम विभाग की ओर से इसे लेकर आम लोगों से अलर्ट रहने की अपील की गई है। वहीं यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार झारखंडमें राज्य के पूर्वी हिस्से में मेघ गर्जन और वज्रपात देखने को मिल सकता है। राज्य में 23 की शाम से ही बादल छाने लगेंगे। इसके साथ ही बारिश भी हो सकती है। इसी तरह 24 अक्टूबर को कोल्हान के कई इलाकों में भारी बारिश देखने को मिलेगी। वहीं मध्य इलाके में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इस दौरान हवा की रफ्तार 30 से 50 किमी प्रतिघंटे हो सकती है। 25 अक्टूबर को इसका दायरा बढ़ेगा। पूरे दक्षिण इलाके के साथ-साथ मध्य हिस्से में भी भारी बारिश होने की संभावना है। राज्य के शेष हिस्से में हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है। मौसम केंद्र रांची की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक 26 अक्टूबर से फिर मौसम साफ रहने वाला है। इस दौरान अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री तक रहने वाला है। वहीं ठंड की बात करें तो इसका असर अचानक से बढ़ सकता है। सुबह-शाम ठंड का एहसास होगा।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 73,700 रु./10 ग्राम
चांदी 10,2000 रु./प्रति किलो



# झारखंड के चुनावी मैदान में इस बार दिखेंगी अधिक महिलाएं

## ■ भाजपा ने 66 प्रत्याशियों में से एक दर्जन महिलाओं को दिया है टिकट

## ■ कांग्रेस की पांच और झामुमो की चार महिला प्रत्याशी दिखेंगी मैदान में

## ■ गांडेय, झरिया और रामगढ़ सीट पर महिलाओं के बीच होगा मुकाबला

**आजाद सिपाही विशेष**

**विधानसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच झारखंड में इस बार एक नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। यह ट्रेंड है महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का। इस बार के विधानसभा चुनाव में अब तक भाजपा ने 66, आजसू ने 10, जदयू ने दो, लोजपा (आर) ने एक और कांग्रेस ने 21 प्रत्याशियों की सूची जारी की है। इनमें यदि महिला प्रत्याशियों की बात की जाये, तो उनकी संख्या झारखंड में अब तक हुए विधानसभा चुनावों में सर्वाधिक है। भाजपा ने जहां 12 महिला प्रत्याशियों को टिकट दिया है, वहीं कांग्रेस ने पांच महिला प्रत्याशियों को उतारा है। झामुमो ने अपने प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं की है, लेकिन ऐसी संभावना है कि वह तीन निवर्तमान महिला विधायकों के अलावा एक या दो अन्य महिलाओं को टिकट जरूर देगी। आजसू ने भी एक महिला प्रत्याशी को टिकट दिया है। झारखंड की राजनीति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी इस बात का संकेत है कि यहां महिलाओं के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण बड़ी तेजी से बदल रहा है। आज राजनीति में महिलाएं जितनी प्रभावशाली तरीके से आगे आ रही हैं, उससे तो यही साबित होता है कि झारखंड अपनी आधी आबादी का नेतृत्व स्वीकार करने के लिए पूरी तरह तैयार है। वैसे भी राज्य की कम से कम 27 ऐसी विधानसभा सीटें हैं, जहां पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। जनजातीय समाज में महिला नेतृत्व की पुरानी परंपरा है और यहां अधिकांश गंभीर आंदोलनों की कमान महिलाओं ने सफलतापूर्वक संभाली है। झारखंड की राजनीति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड में विधानसभा चुनाव की गहमा-गहमी के बीच जिस एक महत्वपूर्ण वर्ग पर लोगों का ध्यान गया है, वह है राजनीति में महिलाओं की भागीदारी। यह जानना सुखद है कि झारखंड की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। आसन्न विधानसभा चुनाव में तो स्थिति यह है कि इस बार सबसे अधिक महिलाएं चुनाव मैदान में दिखेंगी। इस चुनाव के लिए भाजपा ने अपने 66 प्रत्याशियों में से 12 महिलाओं को टिकट दिया है, जबकि कांग्रेस के 21 प्रत्याशियों की सूची में पांच महिलाओं के नाम हैं। आजसू ने 10 प्रत्याशियों में से एक महिला को टिकट दिया है, जबकि झामुमो की सूची अब तक जारी नहीं हुई है, लेकिन ऐसे संकेत हैं कि वह तीन निवर्तमान विधायकों के अलावा और एक या दो महिलाओं को टिकट दे सकता है। यानी इतना तय है कि विभिन्न राजनीतिक दलों की तरफ से इस बार दो दर्जन के करीब महिलाएं चुनाव मैदान में उतरेंगी। छोटी पार्टियों द्वारा उतारी गयी महिला प्रत्याशियों और निर्दलीय के रूप में मैदान में उतरीं महिलाओं की संख्या अब तक साफ नहीं है।

### तीन सीटों पर मुकाबला महिलाओं के बीच

इस बार झारखंड विधानसभा चुनाव में कम से कम तीन ऐसी सीटें हैं, जहां मुकाबला महिलाओं के बीच होगा। ये विधानसभा सीटें रामगढ़, गांडेय और झरिया हैं। इनमें से रामगढ़ और झरिया में 2019 में भी महिलाओं के बीच ही मुकाबला हुआ था। रामगढ़ सीट पर मुकाबला आजसू की सुनीता चौधरी और कांग्रेस की ममता देवी के बीच होगा। 2019 में ममता देवी ने सुनीता चौधरी को हराया था, लेकिन बाद में एक आपराधिक मामले में अदालत द्वारा सजा सुनाये जाने के बाद उनकी विधायकी चली गयी थी। तब उपचुनाव में सुनीता चौधरी ने ममता देवी के पति को हराया था। अब ममता देवी की सजा पर रोक लगायी जा चुकी है और वह एक बार फिर सुनीता चौधरी को चुनौती देने मैदान में उतर रही हैं।

गांडेय विधानसभा सीट पर झामुमो की कल्पना सोरेन का मुकाबला भाजपा की मुनिया देवी से होगा। 2019 में यहां से झामुमो के सरफराज अहमद ने जीत हासिल की थी, लेकिन पिछले साल के अंत में उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। तब गांडेय में मई में उपचुनाव हुआ और झामुमो ने कल्पना सोरेन को मैदान में उतारा था। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को मात दी थी। इस बार भाजपा ने यहां से मुनिया देवी को उतारा है, जो कल्पना सोरेन को चुनौती देंगी।

झरिया विधानसभा सीट पर 2019 की तरह इस बार भी कांग्रेस की पूर्णिमा नीरज सिंह का मुकाबला भाजपा की रागिनी सिंह से होगा। पिछले चुनाव में पूर्णिमा नीरज सिंह ने रागिनी सिंह को मात दी थी। इस बार दोनों ही दलों ने इन दोनों पर फिर से भरोसा जताया है।



### पांचवीं विधानसभा में महिलाओं की स्थिति

झारखंड की पांचवीं विधानसभा में कुल 12 महिला विधायक थीं। इनमें भाजपा की तीन, कांग्रेस और झामुमो की चार-चार और आजसू की एक महिला विधायक शामिल थीं। भाजपा की तरफ से पुष्पा देवी, अपर्णा सेनगुप्ता और नीरा यादव थीं, तो कांग्रेस की तरफ से अंबा प्रसाद, दीपिका पांडेय सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्णिमा नीरज सिंह थीं। झामुमो की महिला विधायकों में बेबी देवी, सबिता महतो, जोबा मांझी और सीता सोरेन शामिल थीं। इनमें जोबा मांझी सांसद बन गयी हैं, जबकि सीता सोरेन ने झामुमो से इस्तीफा दे दिया है। झामुमो की कल्पना सोरेन गांडेय उपचुनाव जीत कर विधायक बनी थीं। आजसू की सुनीता चौधरी भी विधायक थीं।

### झारखंड की महिला नेतृत्व का इतिहास

झारखंड के आदिवासी समुदायों में लड़कियों के जन्म को गोहार भरने के साथ जोड़ा जाता है। लड़कियां 'सयानी बेटी' के रूप में घर, परिवार और समाज में स्वीकार की जाती हैं। कन्या भ्रूण हत्या यहां न के बराबर है। अतः आदिवासी क्षेत्रों में लड़कियों की सघन उपस्थिति देखी जाती है। आदिवासी स्त्रियों की नेतृत्व क्षमता को सिनगीदई से लेकर दयामनी बारला तक साफ तौर पर देखा जा सकता है। विद्रोहों और आंदोलनों में महिलाएं बढ़-चढ़ कर भाग लेती थीं। तिलका मांझी की अगुवाई में चले विद्रोह में फूलमनी मझिआइन ने भी अंग्रेजी सभा का मुकाबला किया। 1831 ई. के कोल विद्रोह के समय सिंगराय बहनों ने अपनी निडरता का परिचय दिया। 30 जून 1855 को भोगनाडीह में सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, के नेतृत्व में हूल (विद्रोह) का आगाज किया गया था। संथाल हूल के समय सिदो-कान्हू, चांद-भैरव की दो बहनों ने फूलो और झानो ने आंदोलनकारियों और विद्रोहियों के हौसला को बनाये रखा। बिरसा मुंडा के उलगुलान में महिलाएं भी शामिल थीं। बिरसा मुंडा की दो महिला अंगरक्षक भी थीं। 1930 के नमक सत्याग्रह के समय खूंटी के टाना भगतों की सभा में आधी संख्या स्त्रियों की थी। झारखंड आंदोलन में भी महिला नेत्रियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इसके अलावा कई जनांदोलनों में भी महिलाओं ने अहम भूमिका निभायी है।

### झारखंड बनने के बाद चुनाव में महिलाओं की स्थिति

वैसे झारखंड में महिलाओं का राजनीतिक प्रतिनिधित्व 2000 में राज्य के अस्तित्व में आने के बाद से लगातार बढ़ रहा है। राज्य की विधानसभा में महिला विधायकों का अनुपात 2000 में पांच फीसदी से दोगुना होकर 2014 में 10 फीसदी हो गया। राज्य के गठन के बाद से राज्य की विधानसभा में चुनाव लड़ने वाली महिलाओं की संख्या में 50 फीसदी की वृद्धि देखी गयी है। विधानसभा में अधिक महिलाएं चुनी जा रही हैं। झारखंड में 75 फीसदी महिला विधायक आदिवासी समुदाय से हैं। यह राज्य के गठन के शुरुआती वर्षों के मुकाबले 33 फीसदी अधिक है। झारखंड में विधानसभा में चुनी गयी महिलाओं की संख्या में भी लगातार वृद्धि देखी हुई है। 2000 में राज्य की पहली विधानसभा में चार महिला विधायक थीं। 2005 में जब नये राज्य में पहली बार विधानसभा के चुनाव हुए, तब केवल तीन महिलाएं चुनी गयीं। हालांकि, 2009 में अगले चुनाव में महिला विधायकों की संख्या बढ़कर आठ हो गयी, जो 2014 के चुनावों में भी जारी रही। 2019 के चुनाव में तो 12 महिलाएं चुनाव जीत कर विधायक बनीं।

झारखंड में होने वाले चुनावों में ज्यादा महिलाएं चुनाव लड़ रही हैं। 2005 में पहले चुनाव और 2019 में आखिरी चुनाव के बीच महिला उम्मीदवारों की संख्या में 50 फीसदी की वृद्धि हुई। कुल उम्मीदवारों में महिला उम्मीदवारों का अनुपात भी 2005 में पांच फीसदी से बढ़कर 2019 में 12 फीसदी हो गया। यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी अवधि में झारखंड में पुरुष उम्मीदवारों की संख्या में 20 फीसदी की कमी आयी है।

# केवल मतदानकर्मियों के आवागमन में ही स्कूली वाहनों का इस्तेमाल करने का सीइओ ने दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदान के दिन सार्वजनिक यातायात को न्यूनतम प्रभावित करते हुए वाहनों का प्रबन्धन करें। प्रयास यह होना चाहिए कि मतदान दिवस के दिन आमजनों को आने-जाने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो एवं आम जन-जीवन प्रभावित नहीं हो। मंगलवार को निर्वाचन सदन, रांची से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों एवं वाहन प्रबंधन कोषांग के पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक करते कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन के कार्यों में इस्तेमाल के लिए स्कूली वाहनों को भी अधिग्रहित करने के प्रावधान है। स्कूली बच्चों की कक्षाओं को न्यूनतम बाधित करते हुए केवल पोलिंग पार्टी के आवागमन के लिए ही इन वाहनों का इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए मतदान दिवस के 2 दिन पूर्व अर्थात 13 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए 11 नवंबर की संध्या में वाहनों को निर्वाचन कार्य के लिए मंगवाया जाए। साथ ही मतदान के अगले ही दिन सुबह में स्कूली वाहनों को मतदान कार्य से मुक्त कर दिया जाए, जिससे मात्र 1 दिन के लिए ही स्कूलों में वाहन की अनुपलब्धता होगी। इसी प्रकार 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान में भी स्कूली वाहनों का न्यूनतम उपयोग किया जाए। श्री कुमार ने कहा कि वाहनों के प्रबंधन में आवश्यकतानुसार निकटवर्ती जिलों एवं निकट के राज्यों के साथ समन्वय करते हुए वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर लें। इसके साथ ही आयोग के वाहन प्रबंधन प्रणाली में इसका ब्योरा उपलब्ध कराएं। वाहनों के इस्तेमाल से संबंधित रिपोर्ट तय समयानुसार मुख्यालय को समर्पित करें। वाहनों के उपयोग के लिए भी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, उनका अनुपालन करते हुए ही कार्य करें। उनके उपयोग के लिए रेट भी तय है, जिसका अनुसरण करते हुए वाहनों को निर्वाचन कार्य में उपयोग करें। श्री कुमार ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन में निजी वाहनों, सरकारी वाहनों अथवा अन्य राज्यों से उपलब्ध कराए गए वाहनों का बताए गए प्रावधानों के अनुरूप ही उपयोग में लाएं एवं वाहन प्रबन्धन प्रणाली में इसका विवरण देते हुए उनके भुगतान के लिए ससमय व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए। वी। होमकर, परिवहन विभाग के सचिव कृपानंद झा, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ। नेहा अरोड़ा, डीआईजी इंद्रजीत महथा, डीआईजी धनंजय सिंह सहित यातायात विभाग के वरीय पदाधिकारियों के साथ मुख्य निर्वाचन कार्यालय के वाहन प्रबंधन कोषांग के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।



## जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामला

# हाइकोर्ट ने राज्य सरकार और जेएसएससी को जारी किया नोटिस, सुनवाई तीन दिसंबर को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय (जेएसएससी सीजीएल) परीक्षा पेपर लीक मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) या न्यायिक जांच की मांग वाली जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने प्रतिवादी राज्य सरकार एवं जेएसएससी को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 3 दिसंबर को होगी। सुनवाई के दौरान वादी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज आकृति श्री, समीर रंजन ने खंडपीठ को बताया कि झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 28 जनवरी 2024 को हुई थी। बड़ी संख्या में छात्र परीक्षा में शामिल भी हुए, लेकिन छात्रों ने प्रश्नपत्र लीक का आरोप लगाया था और जमकर विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद एसआईटी का गठन किया गया था। इस परीक्षा में जिस प्रकार से पेपर लीक हुआ है उसी प्रकार 21 सितंबर 2024 एवं 22 सितंबर 2024 की भी परीक्षा में पेपर लिखा हुआ है। राजेश प्रसाद ने इस संबंध में संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए ऑनलाइन कंप्लेंट दर्ज की है उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं करना संदेह उत्पन्न कर रहा है। जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में पेपर लीक को लेकर बड़ी संख्या में छात्र आंदोलित है। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि वादी द्वारा लगाए गए आरोप गलत है और यह सुनने योग्य नहीं है। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद प्रतिवादी राज्य सरकार एवं जेएसएससी को नोट इसे जारी किया। बता दें कि हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर दलील दी गई है कि राज्य पुलिस द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा की जा रही जांच पारदर्शी नहीं रही है, क्योंकि जांच के निष्कर्ष अभी तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि सीबीआई या न्यायिक जांच के माध्यम से अधिक गहन जांच की जाए। दरअसल, राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में 2,025 पदों को भरने के लिए आयोजित जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में 650,000 से अधिक आवेदक शामिल हुए थे।

# हाइकोर्ट में हाजिर हुए राज्य के सभी विवि के वीसी और रजिस्ट्रार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** घंटी आधारित शिक्षक प्रसिला सोरेन की याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत के आदेश के आलोक में राज्य के सभी यूनिवर्सिटी के वीसी और रजिस्ट्रार हाईकोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने सभी वीसी से एक-एक कर यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति की जानकारी मांगी। अदालत में दी गई जानकारी के मुताबिक, ज्यादातर यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट और एसोसिएट प्रोफेसर का पद रिक्त है। जिसपर कोर्ट ने कहा कि वर्ष 2018 से नियुक्ति नहीं हुई है और 2023 से नियुक्ति के लिए कहा जा रहा है, ऐसे में नियुक्ति नहीं होना बेहद गंभीर विषय है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस एन पाठक की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से कोर्ट में कहा गया कि राज्य के सभी यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में घंटी आधारित शिक्षकों की एडहॉक नियुक्ति की जाती है। पूर्व में हाईकोर्ट ने कहा था कि ऐसी नियुक्ति नहीं की जानी चाहिए। इस मामले में प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज ने बहस की। अदालत ने उपस्थित अधिकारियों को रिक्तियों की जानकारी शपथ पत्र के जरिए देने का निर्देश दिया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 °c | 19.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.17 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.48 बजे |



# बिना भेदभाव 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र पर काम करती है भाजपा : बाबूलाल

## सैकड़ों मुस्लिम महिलाओं के साथ जावेद मंसूरी ने ली भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में 22 अक्टूबर को सैकड़ों मुस्लिम महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश पार्टी कार्यालय में आयोजित समारोह में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सभी का पार्टी में स्वागत किया एवं सदस्यता दिलायी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास, और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर काम करती है। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों तक योजना का लाभ पहुंचाया। किसी गरीब के बच्चे को भूखा सोने नहीं दिया। देश में 80 करोड़ अधिक लोगों को हर महीने मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। मां-बहनों के लिए मोदी सरकार ने बहुत योजनाएं शुरू की है। उन्हें सशक्त बनाया जा रहा है। मोदी सरकार महिलाओं को लखपति बना रही है। गरीबों के मसीहा नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें।

श्री मरांडी ने कहा कि चुनाव का समय है। इस चुनाव में अपने पड़ोस के लोगों को भी भाजपा को वोट देने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पिछले 5 साल में हेमंत सरकार ने झारखंड के लोगों को ठगा है। उन्होंने कहा था कि लोगों को 1 साल में 72000 रुपये देंगे। 5 साल हो गये हेमंत सोरेन ने किसी को 72000 रुपये नहीं दिये। मां बहनों को चूल्हा खर्च हर महीने 2000 रुपये देने की बात कही थी। 5 साल बीत गये, किसी को चूल्हा खर्च नहीं दिया।

हेमंत सरकार ने बेटियों से कहा था कि शादी होने पर सोने का सिक्का देंगे। एक भी लड़की को सोने का सिक्का नहीं दिया। वृद्ध, दिव्यांग को कहा था कि ढाई हजार रुपये महीने पेंशन देंगे। किसी को नहीं दिया। नौजवानों को 5 लाख नौकरी देने की बात कही थी। अपने पिताजी की कसम खाई थी। कहा था कि 5 लाख नौकरी नहीं देने पर राजनीति से संन्यास ले लेंगे। जो व्यक्ति पिताजी की कसम खाकर पूरा नहीं करता है, उन पर कौन भरोसा करेगा। विधानसभा में कहा था कि बीए पास को 5000 और एमए पास को 7000 रुपये भत्ता देंगे। एक भी काम पूरा नहीं किया। जब चुनाव आ गया, तब नया तरकीब भिड़ाया। महिलाओं को अगस्त से 1000 रुपये देने लगे। 3 महीना दिये हैं। उन्होंने दिसंबर से 2500 देने की बात कही है।



### चाईबासा जिला परिषद सदस्य राजश्री सावैयां ने पति नवीन सावैयां संग ली भाजपा की सदस्यता



रांची (आजाद सिपाही)। चाईबासा जिला परिषद सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राजश्री सावैयां ने मंगलवार को अपने पति नवीन सावैयां संग भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश कार्यालय में दोनों को सदस्यता दिलायी। मौके पर कहा कि भाजपा केवल पार्टी नहीं, एक परिवार है। यह विकसित झारखंड, समृद्ध भारत का उत्कृष्ट विचार भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रीति-नीति एवं भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली से प्रभावित होकर लोग इस परिवार का हिस्सा बन रहे हैं। साथ ही बाबूलाल मरांडी ने उम्मीद जतायी कि राजश्री के आने से चाईबासा में पार्टी और सबल होगी।

श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। इसका प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने लोगों से जो वादा किया, उसे पूरा किया। इसलिए किसी के बहकावे में नहीं आए। झारखंड को लूटने वालों के झांसे में नहीं फंसे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार झारखंड में बनाएं।

इस अवसर पर जावेद मंसूरी ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय जनता पार्टी की नीति और सिद्धांत से प्रभावित होकर पार्टी के सदस्यता ली है। भाजपा महिला, मजदूर, गरीब सबका विकास करती है। उन्होंने अपनी योजनाओं में किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। सभी योजना का लाभ हर वर्ग के लोगों को दिया। पार्टी द्वारा उन्हें जो भी कार्य दिया जाएगा, उससे वह निस्वार्थ भाव से करेंगे। भाजपा को मजबूत बनाने का काम करेंगे।

इरफान अंसारी, साबिर, मजलूम अंसारी, अहमद अंसारी, सकीना खातून, गुड़िया परवीन, तरन्नुम परवीन, प्रीति कुमारी, बीर वीरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी का हाथ थामा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह भी मौजूद थे। समारोह का संचालन मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने किया।

इससे पहले प्रदेश कार्यालय में चाईबासा जिला परिषद सदस्य एवं अधिवक्ता राजश्री सवईयां अपने पति नवीन सवईयां को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का पट्टा पहना कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई।

आज दोनों पति और पत्नी भारतीय जनता पार्टी की नीति और सिद्धांतों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए।

# हेमंत सरकार ने योजनाओं की गंगा बहायी बिजली बिल और कर्ज किया माफ : कल्पना



### सिमरिया विधानसभा क्षेत्र को भ्रष्टाचार मुक्त करूंगा : मनोज चंद्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमरिया।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार मनोज कुमार चंद्रा ने मंगलवार को सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर आयोजित जनसभा में झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन शामिल हुईं। अनुमंडल मुख्यालय स्थित कर्बला मैदान में आयोजित सभा में कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सरकार का पांच साल का कार्यकाल सराहनीय रहा। कोरोना काल जैसी विपरीत परिस्थिति में भी हमारी सरकार अपने लोगों के साथ खड़ी रही। मजदूरों को हेलीकॉप्टर से घर पहुंचाया गया और झारखंड में भूख से किसी की मौत नहीं हुई। यह हेमंत की नेतृत्व क्षमता दिखता है। इस सरकार ने महिलाओं के सम्मान के लिए मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास सहित कई योजनाएं शुरू की। केंद्र की सरकार किसानों, मजदूरों, दलितों और आदिवासियों की समस्या से कोई मतलब नहीं रखती है। उसे मात्र पूंजीपतियों की समस्या दिखती है। उसने पूंजीपतियों का ऋण माफ किया, लेकिन हमारी सरकार ने किसानों का कर्ज माफ किया। भाजपा की सरकार लोगों को जाति-धर्म के आधार पर बांटती है, पर हमारी सरकार का उद्देश्य समग्र विकास करना है। झारखंड में निवास करनेवाले सभी लोगों के विकास कैसे हो इसकी चिंता हेमंत सोरेन करते हैं। जहां एक और भाजपा ने स्कूलों को बंद किया, वहीं हमारी सरकार ने सीएम एक्सीलेंस स्कूल खोले। केंद्र ने झारखंड का बहुत बड़ा बकाया रखा है। हेमंत सोरेन उस रकम को लेने की लड़ाई लड़ रहे हैं, जिस कारण उन्हें झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजा गया और सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया गया।

सभा को प्रत्याशी मनोज चंद्रा के अलावा फागु बेसरा, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, चतरा विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी रश्मि प्रकाश, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे, झामुमो जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति, आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न चौधरी, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष विनोद महतो, जिप सदस्य देवनंदन साहु, रोहिणी देवी, सलीम अख्तर, आलोक रंजन, संदीप साहू और चंद्रदेव साहू सहित अन्य ने भी संबोधित किया।

# राजद को कांग्रेस ने दिया बड़ा झटका राधाकृष्ण किशोर हुए पार्टी में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आरजेडी को कांग्रेस ने बड़ा झटका दिया। पूर्व विधायक और आरजेडी नेता राधा कृष्ण किशोर कांग्रेस में शामिल हो गये। राधा कृष्ण किशोर के कांग्रेस में शामिल होते ही ये बात स्पष्ट हो गयी है कि वो छतरपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार हो सकते हैं। इसका मतलब ये है कि गठबंधन के तहत छतरपुर की सीट



आरजेडी की जगह कांग्रेस को जा रही है। 2024 के चुनाव में आरजेडी छतरपुर की सीट पर अब तक दावा कर रही थी। आरजेडी की ओर से ममता भुइंया इस सीट की दावेदार मानी जा रही थी। हालांकि लोकसभा चुनाव के दौरान आरजेडी ने उन्हें उम्मीदवार बनाया था, लेकिन उनकी बुरी तरह से हार हुई थी। राधा कृष्ण किशोर के कांग्रेस में आने के साथ ही साफ संकेत मिल रहे हैं कि कांग्रेस ने आरजेडी से छतरपुर की सीट छीन ली है।

# टिकट नहीं मिला, तो निर्दलीय लड़ेंगे आदित्य विक्रम जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेसी नेता आदित्य विक्रम जायसवाल ने कहा है कि टिकट नहीं मिलने पर वे रांची विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। साथ ही कहा है कि पार्टी ने 44% वैश्य समाज के लोग झारखण्ड में हमेशा ठगे गये। बता दें कि जायसवाल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष झारखण्ड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी सह प्रदेश प्रतिनिधि झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी हैं। रांची सीट से अबतक कोई क्लीयरिटी नहीं मिलने से वे नाराज हैं। पूर्व में भी वैश्य समाज द्वारा प्रेस वार्ता कर ये सूचना दी गई है कि अगर कांग्रेस पार्टी उनको टिकट नहीं देती है तो



वो निर्दलीय वैश्य समाज के ओर से चुनाव लड़ेंगे। जायसवाल के मुताबिक वैश्य समाज के रांची विधानसभा में 1 लाख 35 हजार सक्रिय वोटर हैं। दावा है कि मुस्लिम समुदाय का भी सपोर्ट है। अगर आदित्य विक्रम जायसवाल कांग्रेस से रांची विधानसभा सीट से चुनाव लड़ते है तो वैश्य समाज एकतरफा मदद कर आदित्य विक्रम जायसवाल को विजयी बनाने का काम करेगी। यह वैश्य समाज का अपमान है, एवम यह व्यापारी वर्ग का अपमान है। हमेशा से वैश्य वर्ग के लोगो को प्रताड़ित किया जाता है। ऐसे में व्यापारी वर्ग काफी नाराज भी है। आदित्य विक्रम जायसवाल वैश्य समाज, मुस्लिम समुदाय,क्रिश्चियन समुदाय एवम अन्य समुदाय से संपर्क में हैं और जल्द ही निर्दलीय चुनाव लड़ने हेतु सभी समाज से बात कर निर्णय लेंगे।

# भाकपा ने 12 सीटों पर उतारे उम्मीदवार

### चतरा से डोमन और कांके से संतोष पर दांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) झारखंड विधानसभा की 15 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। इसकी तैयारियां पूरी हो चुकी है और पार्टी ने इनमें से 12 सीटों पर अपने प्रत्याशी की घोषणा भी कर दी है। भाकपा के राज्य कार्यालय में पार्टी के राज्य सचिव महेन्द्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के पीके पांडेय, केडी सिंह और अजय सिंह ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी।

**ये हैं 12 सीट के प्रत्याशी**

कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया (नाला), छाया कोल (सारठ), महादेव राम (बरकट्ठा), महेंद्र पाठक (मांडू), रुचिर तिवारी (डालटेनगंज), संतोष रजक (कांके), सुरेश कुमार भुइयां (सिमरिया), डोमन भुइयां (चतरा), महेंद्र उरांव (विशुनपुर), घनश्याम पाठक (भवनाथपुर), अनिरुद्ध कुमार (बड़कागांव) व रामचंद्र हेम्ब्रम (पोड़ेयाहाट)।

**ये हैं तीन सीट, जहां प्रत्याशी के नाम की होनी है घोषणा :** रांची, हजारीबाग और रामगढ़।

# जेएलकेएम ने जारी की चौथी सूची, हटिया से अयूब अली, पांकी से ओंकारनाथ जायसवाल को टिकट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जयराम महतो की झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपनी चौथी सूची जारी की। जयराम महतो की इस पार्टी ने लिस्ट में 25 सीटों के लिए कैंडिडेट तय किए हैं। हटिया से अयूब अली, पांकी से ओंकारनाथ जायसवाल, मनिका से बलवंत सिंह चेरो, कोलेबिरा से अजय एक्का, जुगसलाई से विनोद स्वांसी, नाला से रघुवीर यादव, जामताड़ा से तरुण गुप्ता, जमशेदपुर पश्चिमि से प्यारेलाल साहू, रामगढ़ से पनेश्वर महतो, मनोहरपुर से दिलबार खारका, जगन्नाथपुर से लक्ष्मीनाथ गागराई, विश्रामपुर से विवेक तिवारी, मधुपुर से सद्दाम अंसारी, बोरिया से उमेश बेदिया, गढ़वा से सोनू यादव, चतरा से उमेश भारती, सिमरिया से जीतेन्द्र राम, बहरागोडा से दिनेश महतो, बड़कागांव से बालेश्वर मेहता, चक्रधरपुर से बसंती पूर्ति, तोरपा से लक्ष्मण पाहन, सिसई से सुशील टोपनो, ईचागढ से तरुण कुमार महतो और विशुनपुर से यशोदा देवी और लातेहार से संतोष पासवान का नाम है।

# कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता जमशेदपुर पश्चिम से कल करेंगे नामांकन, चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र से यूपीए गठबंधन की ओर से कांग्रेस ने प्रत्याशी के रूप में बन्ना गुप्ता की घोषणा की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के प्रति आभार व्यक्त किया। जमशेदपुर कांग्रेस के कार्यकर्ता बबुआ झा, संजय शर्मा, अख्तर अली, बंटी शर्मा, कैलाश रजक, पप्पू सिंह उज्जैन, अली राजा ने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता प्रत्याशी बन्ना गुप्ता बन कर चुनावी मैदान में उतरेगा। हम लोग पिछले पांच साल में हुए विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच जायेंगे। आगामी 24 अक्टूबर गुरुवार को प्रत्याशी बन्ना गुप्ता नामांकन करेंगे। गुरुवार के दिन सभी कार्यकर्ता कदमा पहुंचेंगे।



वहां से सभी कार्यकर्ता 11 बजे आम बगान, साकची पहुंचेंगे, जहां झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उलाका, सांसद, कोरापुट, ओड़िशा के साथ यूपीए गठबंधन के अन्य वरिष्ठ नेता एवं प्रत्याशी बन्ना गुप्ता जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा के पश्चात पदयात्रा करते हुए प्रत्याशी समहराणलय पहुंच कर नामांकन दाखिल करेंगे। यह नामांकन जमशेदपुर के बहुमुखी विकास के लिए होगा। यह नामांकन इस संकल्प के साथ किया जायेगा कि जितने अधूरे कार्य हैं, फ्लाइओवर जैसे जो कार्य चल रहे हैं, उन सबको समयावधि में पूरा किया जाये। यह नामांकन इस कटिबद्धता के साथ किया जायेगा कि अगले पांच वर्षों जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा में विकास, रोजगार एवं पर्यटन के कई नये मार्ग प्रशस्त हों। रजक महिला समाज की अध्यक्ष धानु देवी, सचिव टीनू देवी, मीना देवी एवं अन्य महिलाओं ने बन्ना गुप्ता द्वारा किये जा रहे कार्यों के लिए आभार प्रकट किया। साथ ही अपनी कुछ मांगे रखी। बन्ना गुप्ता ने कहा कि कई समस्याएं इस कार्यकाल में सुलझी हैं और शेष के लिए वे प्रयासरत हैं। आप लोगों को किसी सरकारी विभाग में दौड़ने की आवश्यकता नहीं है, आप लोग कदमा में विधायक कार्यालय पहुंचें। जहां हमारे कार्यकर्ता सदैव आप लोगों के लिए उपलब्ध रहते हैं। बन्ना गुप्ता ने कहा कि विरोधियों के द्वारा फैलाये जा रहे किसी भ्रम में नहीं पड़ कर सही निर्णय लेना है। चुनावी व्यस्तताओं के बीच जब उन्हें खबर हुई कि उनके विधानसभा में शंकोसाई की रहने वाली मानकी सोय का निधन हो गया है, तो उन्होंने स्वर्णरेखा घाट पर पहुंच कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# माले ने झारखंड विधानसभा की 3 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महागठबंधन दल की बैठक में मंगलवार की शाम तक सीट शेयरिंग पर फैसला नहीं होने के बावजूद भाकपा माले ने झारखंड विधानसभा की तीन सीटों पर अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। इनमें धनवार सीट से राजकुमार यादव, सिंदरी से चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो तथा निरसा से अरूप चटर्जी को प्रत्याशी बनाया है।

माले का कहना है कि आइएनडीआइ गठबंधन दल की बैठक में सीट शेयरिंग पर फैसले के बाद शेष सीटों पर भी माले जल्द ही अपने प्रत्याशी की घोषणा करेगा। सीट शेयरिंग पर अब तक बातचीत पूरी नहीं हो सकी है।

माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में राज्य में भाजपा की पराजय को सुनिश्चित करने व आइएनडीआइ गठबंधन की जीत के लिए भाकपा माले ने सभी लोकतांत्रिक शक्तियों को एकजुट होने का आह्वान किया है। भाकपा माले उन्हीं सीटों पर अपने उम्मीदवारों को उतारेगी, जहां उनकी पार्टी भाजपा को शिकस्त देने की स्थिति में है। महागठबंधन की अभी बातचीत पूरी नहीं हुई है। माले ने अपनी सीटों पर तपे-तपाए कार्यकताओं को ही उतारा है, जो जनहितों के प्रति संकल्पित हैं और झारखंड जनता की आकांक्षाओं को मूर्त करने के लिए सड़क पर लड़ते रहे हैं।

### राजकुमार यादव कल धनवार से करेंगे नामांकन





गिरिडीह (आजाद सिपाही) । भाकपा माले के पूर्व विधायक राजकुमार यादव धनवार विधानसभा सीट से पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने 24 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करने की घोषणा की है। राजकुमार यादव यहां से विधायक रह चुके है। उन्होंने बाबूलाल मरांडी को हरा कर यह सीट पर कब्जा जमाया था। एक बार फिर इस सीट पर से भाजपा के प्रत्याशी बाबूलाल मरांडी है। उनका सामना माले का राजकुमार यादव से होगा। प्रखंड मुख्यालय के समीप बूटबरिया गांव में फाइनेंस कंपनियों की लोन के नाम पर ठगी की शिकार हुई महिलाओं की सभा को भी राजकुमार यादव ने संबोधित किया। सभा में ठगी की शिकार चगला, सलगाडीह, बलियारी, गढ़ीटांड आदि गांवों की बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची थीं। महिलाओं ने पूर्व विधायक को मामले की जानकारी देते हुए फाइनेंस कंपनियों द्वारा बिचौलियों के माध्यम से पहले ठगी करने फिर लगातार तंग किये जाने की बात बतायी। पूर्व विधायक ने पुलिस प्रशासन से बिचौलियों पर कार्रवाई करने की मांग की। इस बीच बाबूटोल गांव के लोगों ने पूर्व विधायक राजकुमार यादव के समर्थन की घोषणा की है। इस मौके पर बाबुटोल गांव के भीम राय, नुनु राय, अर्जुन राय, गोपाल राय, गुड़िया देवी, मीना देवी, प्रमीला देवी, कुंती देवी, जयनारायण यादव, छोटू यादव, मुन्ना गुप्ता, विनोद यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 23 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in


## स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा: डीडीसी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने बताया कि 19-कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को मतदान करने के लिए स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही मतदाता शपथ, पेंटिंग, स्टीकर, वॉल पेंटिंग, मेंहदी, रैली समेत अन्य गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उप विकास आयुक्त ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत दिनांक 27 अक्टूबर से लेकर 29 अक्तूबर 2024 तक पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव का आयोजन किया जायेगा। जिसमें हर वर्ग के मतदाताओं की भूमिका अहम है। इस पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव का आयोजन ब्लॉक मैदान झुमरी तिलैया में किया जायेगा, जिसमें 30 से 40 स्टॉल लगायें जायेंगे। पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव को सभी वर्ग के मतदाता अपने पहचान पत्र के साथ आयेंगे तो उनके साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलेगा और 19 कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में 13.11.2024 को होने वाले मतदान के लिए नैतिक मतदान करने की शपथ दिलायी जायेगी। उत्सव में आदर्श आचार संहिता के नियमों का अनुपालन को लेकर भी कई दिशा-निर्देश दिये गये हैं। बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत मौजूद रहे।

## एनएमएल बादम कोल परियोजना ने बच्चों के बीच साइबर सुरक्षा जागरूकता का आयोजन किया




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनएमएल बादम कोल माइनिंग प्रोजेक्ट ने राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के अवसर पर होरम गांव के कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय में साइबर सुरक्षा प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। इसमें कक्षा 8, 9 और 10 के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया और ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में अपने ज्ञान और उत्साह का प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार दिये गये। इस प्रश्नोत्तरी का उद्देश्य आज की डिजिटल दुनिया में साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में युवा दिमागों को शिक्षित करना था। मौके पर योगिंदर, सत्यब्रत दाश, अभिषेक पांडे सहित बादम सीएमपी के समर्पित सदस्यों द्वारा आयोजित किया गया।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दक्षिणी पंचायत की ग्राम भोजपुर में मंगलवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। मौत का कारण अत्यधिक शराब सेवन बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार केदार सिंह को तीन पुत्र है। सभी अलग-अलग रहते हैं। उनका छोटा पुत्र रॉकी कुमार सिंह घर में अकेला था। वह सोमवार की रात्रि शराब पीकर आया और अपने कमरे में सो गया। जब दिन के 12 बजे तक नही उठा तो परिजन उठाने गये तो उसे मृत पाया। मृतक के पिता केदार सिंह ने बताया कि मेरा लड़का हैदराबाद में काम करता था। उसकी पत्नी अपने दोनों लड़के आयुष कुमार सिंह 9 वर्ष व पृथ्वी राजकुमार सिंह 5 वर्ष के साथ अपने नैहर जयनगर में रह रही थी। मरकच्चो थाना के एसआई अभिमन्यु कुमार ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया है।

## पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना मंगलवार को पुलिस ने पोक्सो एक्ट के फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी गौतम चौधरी (उम्र 24 वर्ष, पिता मुन्नीलाल चौधरी, ग्राम पचौरी निवासी) को उसके निवास स्थान से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय रहे कि पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले को लेकर पुलिस ने कार्रवाई की है एवं गिरफ्तार व्यक्ति को चिकित्सा जांच के उपरांत कोडरमा जेल भेज दिया गया।

## निर्दलीय प्रत्याशी सुरेंद्र भाई मोदी ने समर्थकों के साथ की बैठक



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लोहाडंडा में निर्दलीय प्रत्याशी सुरेंद्र भाई मोदी बरकट्ठा विधानसभा से चुनाव को लेकर एक बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता ककरचोली पंचायत की पूर्व मुखिया अर्चना कुमारी एवं संचालन शिव शंकर बर्णवाल ने किया। बैठक में बरकट्ठा विधान सभा से आए समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में निर्दलीय चुनाव लड़ने का सलाह दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी तन, मन, धन के साथ आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चुनाव लड़ेंगे। मौके पर सुरेंद्र भाई मोदी ने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा की जनता ने हमें विधायक चुना तो विधायक नहीं सेवक बनकर क्षेत्र की सेवा करुंगा। बरसों से मांग रही है कि चलकुशा प्रखंड को कोडरमा में मिलाया जायेगा लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दिया। आप लोगों का सहयोग रहा तो चलकुशा प्रखंड को कोडरमा जिला में मिलाया जाएगा। केटीपीएस के विस्थापितों को नौकरी दिलाया जायेगा, बाहरी ठेकेदारों का केटीपीएस में दखल बंद होगा। कार्यक्रम को समाजसेवी रघुनंदन सिंह, पूर्व मुखिया खगेंद्र राम, राजेंद्र दास, रामचंद्र राणा, इजराइल खान, सलमा खातून, नंदलाल प्रसाद बर्णवाल, डॉ. सुनील कुमार, अर्जुन चंद्र यादव, मनोज राणा सहित दर्जनों लोगों ने संबोधित किया। मौके पर डॉ मुकेश पांडेय, रामकुमार, नारायण शर्मा, विकास रजक, आशीष शर्मा मौजूद थे।

## चेक बाउंस और पैसे की हेराफेरी के मामले में दो लोग भेजे गये जेल



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने मंगलवार को अलग-अलग मामले में दो नामजद वारंटीओ को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने बताया कि सुदुम कुमार और संजय कुमार को गिरफ्तार कर भेज जेल भेज दिया गया है जिसमें एक वारंटी पिछले 6 वर्षों से फरार चल रहा था। एक वारंटी पर चेक बाउंस का वही दूसरे पर पैसे की लेनदेन हेरा फेरी करने का मामला था।

### टिकट लेकर हजारीबाग पहुंचने पर कांग्रेस प्रत्याशी का जोरदार स्वागत

# इस बार क्षेत्र की जनता चुनाव लड़ेगी कांग्रेस की जीत पक्की: मुन्ना सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** कांग्रेस उम्मीदवार मुन्ना सिंह टिकट मिलने के बाद हजारीबाग पहुंचे, जहां उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इससे पहले मुन्ना सिंह देवड़ी मंदिर और मां छिन्नमस्तिके मंदिर में माथा टेका। हजारीबाग सदर विधानसभा के हत्यारी मोड मोरंगी में सैकड़ों समर्थक गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया। कारवां भारत माता चौक पहुंचा वहां भी बड़ी संख्या में समर्थकों ने स्वागत किया और जम कर नारेबाजी की। वहां से कारवां कॉलेज मोड़, पी डब्लू डी चौक, बिरसा चौक डिस्ट्रिक मोड़, इंद्रपुरी चौक होते कांग्रेस ऑफिस पहुंचा। जहां कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुन्ना सिंह का स्वागत किया। मुन्ना सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मैं शुक्रगुजार हूं कांग्रेस परिवार का जिन्होंने मुझपर विश्वास जताया और उम्मीदवार बनाया। इस बार मैं नहीं बल्कि हजारीबाग की जनता चुनाव लडेगी।

साथ ही कहा कि इस बार परिवर्तन निश्चित है हजारीबाग सदर विधानसभा पर कांग्रेस की जीत होगी। मुन्ना सिंह ने कहा कि हजारीबाग में इस बार कांग्रेस भारी मतों से विजय होने जा रही है। समाज का हर एक वर्ग कांग्रेस पार्टी के साथ है। राज्य सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चल रही हैं जो सरकार के जनकल्याणकारी सिद्धांत को दशार्ता है। इन्होंने कहा कि हजारीबाग में एक विशेष पार्टी का किला कांग्रेस इस बार ढाहने वाला है। 2019 में मुन्ना सिंह प्रत्याशी के तौर पर सदर विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं और तीसरे नंबर पर रहकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया था।

# बरही से एक और सदर विधानसभा से दो उम्मीदवारों ने किया नामांकन



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** नामांकन के पांचवे दिन बरही से एक और सदर विधानसभा से दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दर्ज किया है। हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी के रूप में निशांत कुमार सिन्हा (पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया, डेमोक्रेटिक) और निर्दलीय प्रशांत कुमार वर्मा ने अपना नामांकन दर्ज किया। बरही विधानसभा क्षेत्र के लिए बद्री यादव ने निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दर्ज किया है।

### बरकट्ठा, बरही और सदर विधानसभा से 18 लोगों ने खरीदा नामांकन पत्र

बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र खरीदने वालों में बहुजन मुक्ति पार्टी से राजकुमार पासवान, पिता- सुंदर राम, भारतीय जनजागरूकता पार्टी से बिनोद प्रसाद मेहता, पिता- महेंद्र मेहता, आजाद समाज पार्टी से उमेश यादव उर्फ उमेश कुमार यादव, पिता- जीवलाल उर्फ शनिचर यादव, निर्दलीय सुरेंद्र प्रसाद मोदी, पिता- बाबूलाल मोदी, सीपीआई से महादेव राम, पिता- चोलो राम, जानकी प्रसाद यादव, पिता- स्व निर्मल यादव, रंजीत कुमार, पिता- सीताराम मेहता, निर्दलीय शामिल हैं। जबकि बरही विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र लेने वालों में सुनील कुमार साव, पिता- स्व दर्शन साव निर्दलीय, अखिल भारत हिन्दू महासभा से पुरुषोत्तम कुमार पांडेय, पिता- विद्याभूषण पांडेय शामिल हैं। हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय भैया बांके बिहारी, पिता भैया मैथिली शरण, निर्दलीय राजकुमार सिंह, पिता स्व मुरारी सिंह,भारतीय सवेंर्धीक विकास पार्टी से सुरेश ठाकुर,पिता किशोरी राम ठाकुर, राष्ट्रीय समानता दल से सतीश कुमार, पिता श्यामलाल राम, एनसीपी से प्रदीप कुमार पांडे,पिता: रामायण पांडे, भाजपा से प्रदीप प्रसाद, पिता:स्व भागीरथ प्रसाद, कांग्रेस से मुन्ना सिंह, पिता स्व राम अवतार सिंह, एआइएमआइएम से साबिर अली, पिता:मोहम्मद मुनीफुद्दीन और निर्दलीय, किशोरी राणा, पिता:स्व कार्तिक राणा शामिल हैं जबकि मांडू विधानसभा से एक भी प्रत्याशियों ने मंगलवार को टिकट नहीं खरीदा।

## अमित यादव 24 अक्टूबर को करेंगे नामांकन

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के भाजपा परसाबाद मंडल की बैठक पिपचो बाबा धाम मंदिर एवं भाजपा जयनगर मंडल की बैठक दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया गया। अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह व संचालन महामंत्री यमुना यादव ने किया। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि झारखंड में माटी रोटी एवं बेटी सुरक्षित नहीं है इसलिए भाजपा के साथ चलें। उन्होंने कहा कि 24 अक्टूबर को ज्यादा से ज्यादा संख्या में नामांकन कार्यक्रम में भाग लें। मौके पर उप प्रमुख राजनारायण सिंह, परसाबाद मंडल अध्यक्ष विजय राणा, महेश रजक, जयप्रकाश राम, सुरेंद्र प्रसाद मोदी, रामदेव मोदी, राजु साव, मंटू पंडित, सुनील सिंह, दीपक बर्णवाल, किशोर यादव, अशोक रजक, मुकेश पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भाजयुमो ने भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के साथ की बैठक, चुनाव की रणनीति पर की चर्चा

**कार्यकर्ता हमारे विचारों और सिद्धांतों के प्रमुख वाहक हैं: प्रदीप प्रसाद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने आगामी चुनावों के निमित्त भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के साथ उनके आवासीय कार्यालय मे तैयारी बैठक की। अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजकरण पांडे ने की। बैठक का उद्देश्य आगामी चुनावी रणनीति तैयार करना, चुनाव प्रचार की योजना बनाना और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए युवा मोर्चा की भूमिका पर चर्चा करना था। बैठक की शुरूआत जिला अध्यक्ष राजकरण पांडे ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए किया, जिसमें उन्होंने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव हमारे लिए न केवल एक चुनावी अवसर है, बल्कि यह हमारे राज्य और समाज के भविष्य को निर्धारित करने वाला है। भाजपा की नीतियों और हमारे नेतृत्व के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का दायित्व हम सभी कार्यकर्ताओं को है। भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि युवा मोर्चा हमारी पार्टी की सबसे मजबूत इकाइयों में से एक है। आप सभी कार्यकर्ता न केवल पार्टी का चेहरा हैं, बल्कि हमारे विचारों और सिद्धांतों के प्रमुख वाहक भी हैं।

हमें विश्वास है कि आप सभी के अथक परिश्रम से हम इस चुनाव में विजय प्राप्त करेंगे। उन्होंने पार्टी की चुनावी रणनीति पर भी चर्चा की और युवाओं से चुनाव प्रचार में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। इस बैठक का संचालन भाजयुमो कार्यकर्ता दीपक मेहता ने किया और धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष शिवपाल यादव ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, जिला पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं सहित कई लोग उपस्थित थे।

# साफ-सुथरे चुनाव के लिए निर्वाची पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** निवार्ची पदाधिकारी, 19-कोडरमा विधान सभा क्षेत्र-सह अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधयों के साथ की बैठक। बैठक में उन्होंने बताया कि 19 कोडरमा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का मतदान प्रथम चरण में निर्धारित है। नाम निर्देशन करने हेतु नामांकन प्रपत्र भरने में किसी राजनीतिक दल को यदि कोई परेशानी हो रही है तो वे अविलम्ब उनके कार्यालय अवस्थित हेल्प डेस्क, जनशिकायत सह सहायता कोषांग, दूरभाष संख्या-1950 से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। प्रतिदिन किये जा रहे नाम निर्देशन से संबंधित 3 क तथा शपथ पत्र को नोटिस बोर्ड में प्रदर्शित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुविधा एप्प के माध्यम से निर्वाचन से संबंधित सभी प्रकार की अनुमति यथा-सभा, नुक्कड़ आयोजित करना, मंच निर्माण, बैरिकेटिंग, अस्थायी पार्टी कार्यालय निर्माण, परिवहन संबंधी स्वीकृति आदि आनलाईन प्राप्त किया जा सकता है। प्रतिनिधि से अनुरोध किया गया कि चूंकि किसी प्रकार की अनुमति के लिए ऑनलाईन आवेदन ही मान्य है अतः अनुमति हेतु कार्यक्रम के 48 घंटा पूर्व ऑनलाईन आवेदन समर्पित करेंगे। सी विजिल एप का उपयोग आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन रोकने तथा निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए किया जा रहा है। इस एप्प के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को 100 मिनट के अंदर निष्पादन किया जाना है। निवार्ची पदाधिकारी, 19-कोडरमा विधान सभा क्षेत्र-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, कोडरमा द्वारा बताया गया कि चुनाव लड़ने हेतु प्रत्येक अभ्यर्थियों के लिए खर्च की अधिकत्तम सीमा 40 लाख निर्धारित है तथा चुनाव लड़ने से संबंधित अभ्यर्थियों द्वारा किये जा रहे खर्च का आय-व्यय पंजी में उचित संधारण आवश्यक है। बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार और विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## चुनावी मैदान में उतरेंगे हर्ष अजमेरा निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** युवा नेता हर्ष अजमेरा ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। हर्ष अजमेरा भाजपा के टिकट के दावेदार थे। भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की। मंगलवार शाम अपने कार्यालय में समर्थकों संग एक विशेष बैठक के बाद यह फैसला लिया। बैठक में बड़ी संख्या में उनके समर्थक उपस्थित हुए। समर्थकों ने एक स्वर में हर्ष अजमेरा से आगामी विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरने का आग्रह किया। समर्थकों ने यह भी कहा कि उनका चुनाव में उतरना राजनीति में एक नये दौर की शुरूआत करेगा, जहां व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज की बेहतरी के लिए काम किया जायेगा। हर्ष अजमेरा ने अपने समर्थकों का आभार प्रकट किया और कहा, आप सभी का स्नेह और समर्थन मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मैं जनता की समस्याओं को गहराई से समझता हूं और उनके समाधान के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का वादा करता हूं। आप सबों का साथ विश्वास मेरे लिए काफी महत्वाकांक्षी है।

## ग्रिजली पब्लिक स्कूल में मनाया गया पिंक कलर डे



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुमो स्थित ग्रिजली पब्लिक स्कूल में कक्षा पीजी और नर्सरी के छोटे-छोटे बच्चों के लिए पिंक कलर डे मनाया गया। इस विशेष दिन को खास बनाने के लिए बच्चों की कक्षाओं को पिंक कलर के गुब्बारे, रिबन, तथा पिंक कलर की वस्तुओं जैसे आइसक्रीम, तितली, फ्रॉक, गुब्बारों से सजाया गया। इस अवसर पर सभी बच्चे और शिक्षिकाएं पिंक कलर की पोशाक में स्कूल पहुंचे। इस दौरान बच्चों को पिंक कलर से परिचित कराया गया, शिक्षिकाओं ने बच्चों को बहुत सारी पिक रंग की वस्तुएं दिखायी और पिंक रंग से संबंधित कविता तथा गीत का पाठ करवाया। इसके अलावा बच्चों के लिए बहुत सारी गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। पेपर क्राफ्ट गतिविधि में बच्चों ने अपनी कक्षा में पिंक कलर की आइसक्रीम बनायी। फैंसी ड्रेस गतिविधि में शरंय पांडेया, श्रव्या जैन, आश्वी अभिषेक (तितली), श्रव्या सेठ (केक), रिशन्या शाह (आइसक्रीम), माहिका सिंह, कृष्णा सिंह (कमल का फूल) और मो उमर आजम (टेडी बियर) बनकर आए। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या नीरजा ने कहा कि पिंक कलर डे मनाने का उद्देश्य बच्चों को रंग के महत्व से जागरूक करना है। पिंक कलर आंखों को शीतलता प्रदान करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजिका पूजा झा, शिक्षिका अंजलि सलूजा, ब्यूटी कुमारी, श्वेता अग्रवाल, विकास कुमार गुप्ता, अनिल यादव आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## फुटबॉल टीम चयन के लिए तीन दिवसीय ओपन ट्रायल का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मधुपुर में 26 अक्टूबर से शुरू होने जा रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल टूर्नामेट में भाग लेने हेतु कोडरमा जिला की फुटबॉल टीम का मंगलवार को झुमरीतिलैया स्थित सीएच हाई स्कूल के खेल मैदान में तीन दिवसीय ओपन ट्रायल का आयोजन किया गया। इस ओपन ट्रायल में भाग लेने हेतु जिले के डोमचांच, सतगांवा, चंदवारा, कोडरमा, झुमरी तिलैया सहित लगभग सभी प्रखंडों से आए फुटबॉल खिलाड़ियों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के चयन पद्धति की देखरेख नागेश्वर राणा और सोनू कुमार के द्वारा की जा रही हैं। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष असद खान और सचिव नवनीत ओझा ने बताया कि ट्रायल के पहले दिन लगभग 70 खिलाड़ियों ने अपने खेल का जौहर दिखाते हुए ट्रायल में हिस्सा लिया। कई ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने दूरभाष से सूचना देते हुए बताया कि वे किसी न किसी काम से जिले से बाहर गये हुए थे। इसलिए पहले दिन के ट्रायल मैं हिस्सा नहीं ले सके। नवनीत ने कहा कि वैसे खिलाड़ी जो पहले दिन के ट्रायल में हिस्सा नहीं ले सके वह बुधवार को ट्रायल के दूसरे दिन हिस्सा ले सकते हैं। इसके बाद किसी भी खिलाड़ी को कोई समय नहीं दिया जायेगा। मौके पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष मोहम्मद हुसैन अली, उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, भारत बक्शी, शेखर सोनी, शैलेश कुमार सोलू, राजू यादव आदि लोग मौजूद थे।

## एडिसन पब्लिक स्कूल में बहुआयामी प्रतिभा प्रदर्शनी का आयोजन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बाजार टांड में स्थित सीबीएसई मान्याता प्राप्त एडिसन पब्लिक स्कूल में बहुयामी प्रतिभा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के नर्सरी से दसवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज उपस्थित हुआ। मुख्य अतिथि एवं प्राधानाचार्य सुधा कुमारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि बीडीओ को पुष्प गुच्छ, मोमेंटो एवं शोल ओठाकर सम्मानित किया। बीडीओ ने कहा कि इस प्रकार से प्रतिभा प्रदर्शनी से ग्रामिण क्षेत्र में एडिसन पब्लिक स्कूल हमेशा ही शहरो के विद्यालयों की भांति ही बच्चों की चहुमुखी प्रतिभा को निखारने का काम कर रही है। प्रदर्शनी में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के विज्ञान मोडल के साथ समाजिक विज्ञान के मोडल, एआइ आर्ट एंड क्राफ्ट, सोशल मिडिया एक्ट, हाइ कोर्ट एक्ट आदि के माध्यम से अपनी रचानात्मक प्रस्तुत की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक रश्मि कुमारी, पूनम कुमारी, रेणु कुमारी, मुबारक अंसारी, राजु यादव, आशीष कुमार राणा, राजेश कुमार, रिंकी कुमारी, ममता, अनुराधा, पायल,अर्पणा गोस्वामी, मनीषा, शीव, फागु यादव समेत अन्य ने महत्वपुर्ण भुमिका निभाया।

## 24 अक्तूबर को नामांकन दाखिल करेंगे राजद, भाजपा और निर्दलीय प्रत्याशी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव और राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव 24 अक्तूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। भाजपा की डॉ नीरा सुबह 10 बजे कोडरमा स्थित अपने आवास से रैली के रूप में हनुमान मंदिर से होते हुए अनुमंडल कार्यालय पहुंचेगी, जहां नामांकन दाखिल करेगी। नामांकन के बाद सभा भी होगी। वहीं राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव भी नामांकन पर्चा भरेंगे। बिहार में प्रतिपक्ष के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव नामांकन में शामिल होंगे और सभा को संबोधित करेंगे। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी शालिनी गुप्ता भी 24 को ही नामांकन करेंगी। इनके अलावा भी कई अन्य प्रत्याशी 24 अक्टूबर को नामांकन करेंगे।

## राजद केंद्रीय प्रवक्ता सह बिहार राज्यसभा सांसद ने रजरप्पा में पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

# झारखंड में महागठबंधन सरकार की होगी वापसी: मनोज झा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** उत्तर भारत के सिद्ध पीठ स्थल रजरप्पा मंदिर में 22 अक्टूबर को दोपहर बाद राष्ट्रीय जनता दल के केंद्रीय प्रवक्ता सह बिहार राज्यसभा सांसद मनोज कुमार झा एवं झारखण्ड प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार पहुंचे और रजरप्पा मंदिर स्थित छिन्नमस्तीके मंदिर में पूजा अर्चना कर मथा टेके व रक्षा सूत्र बंधवाए, मां भगवती से आशीर्वाद लिए उन्होंने कहा कि पिछले 40 वर्ष के बाद रजरप्पा मंदिर आया हूं, मां का आशीर्वाद लेने पहुंचा हूं! विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पूछे जाने पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि झारखंड में पुनः महागठबंधन की सरकार बनेगी इसके लिए जितने भी सहयोगी दल हैं हम सब एक साथ हैं, कंधे से कंधे मिलाकर एक साथ रहेंगे,उन्होंने राजद के सीट बटवारा के बारे में बताया कि अभी तक कोई निर्णय अबतक नहीं हो पाया है, झारखंड में हमारी पार्टी कितने सीटों से चुनाव लड़ेगी वह देर रात सीट बटवारा स्पष्ट हो जायेगा, झामुमो, कांग्रेस राजद सहित अन्य सहयोगी पार्टियों सभी हम महागठबंधन के साथ है और दूसरी बार पुनः झारखंड प्रदेश में महागठबंधन की सरकार बनेगी, पूजा अर्चना के पश्चात केंद्रीय प्रवक्ता रांची के लिए रवाना हुए!



### चतरा से राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने भद्रकाली मंदिर में की पूजा, आज करेंगी नामांकन



**चतरा। (आजाद सिपाही)।** चतरा विधानसभा क्षेत्र के महागठबंधन समर्थित राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी रश्मि प्रकाश विधानसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर जिले के विश्वप्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में पहुंच कर पूजा अर्चना किया और मां का आशीर्वाद लिया तथा प्रदेश में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। साथ ही चतरा विधानसभा के मतदाताओं से भारी से भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस मौके पर राजद प्रत्याशी के ससुर पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। रश्मि प्रकाश ने कहा कि पहली बार चतरा विधानसभा क्षेत्र से महिला चुनाव लड़ रही है। सलिए सभी माता बहनों एवं युवा के साथ बुजुर्गों का काफी समर्थन एवं आशीर्वाद मिल रहा है। रश्मि प्रकाश ने 23 अक्टूबर को नामांकन के समय अधिक से अधिक लोगों को आशीर्वाद एवं समर्थन देने के लिए मौजूद रहने की अपील की।

## कांग्रेस प्रत्यासी अंबा प्रसाद का भुरकुंडा कोयलांचल में स्वागत

# चुनाव में जीत दिलाने का कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद का भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान मतकमा चौक भुरकुंडा, कुरसे, बलकुदरा, बिरसा चौक, भुरकुंडा बाजार, सौंदा बस्ती, सौंदा डी, पतरातू सहित विभिन्न क्षेत्रों में जगह-जगह विधायक अंबा प्रसाद का फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने का सामुहिक संकल्प लिया गया। स्वागत करने वालो में विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार, बारीक अंसारी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह, महिला कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष बबीता सिंह, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि विनोद साव, अंजू देवी, प्रवीर चटर्जी, कालिका तिवारी, बबीता देवी, सोनी कुमारी, शकीला देवी, रीना देवी, धाजो देवी, चरकी देवी, मीना देवी, रामवृक्ष तुरी, राम प्रसाद, अलीमाम, मनीषा कुमारी, अलीमाम राय, सुरेश यादव, विक्कू रजक, चंदन साव, राजकुमार रवि, अमन कुमार सहित दर्जनों कांग्रेसी शामिल थे।



### मांडू विस से जदयू को नहीं मिला टिकट, नेता व कार्यकर्ता नाराज : ज्योतिंद्र साहू



**कुजू (आजाद सिपाही)।** जदयू रामगढ़ जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर एनडीए गठबंधन के शीर्ष नेताओं पर झारखंड में जदयू को सम्मानजनक सीट नहीं देने का आरोप लगाया है। जिसके कारण पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता काफी नाराज हैं। उन्होंने कहा कि मांडू विस सीट से पार्टी को सीट नहीं मिलने पर विस क्षेत्र के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पार्टी के शीर्ष नेताओं से एनडीए गठबंधन से अलग होकर स्वतंत्र चुनाव लड़ने की मांग की है।

### बड़कागांव से गयासुद्दीन ने दाखिल किया नामांकन, रामगढ़ में आठ लोगों ने खरीदा पर्चा

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधानसभा से पहले उम्मीदवार गयासुद्दीन अहमद ने मंगलवार को अपना नामांकन पर्चा भरा है। वे निर्दलीय उम्मीदवार हैं। पेशे से ठेकेदार गयासुद्दीन अहमद ने कहा कि वह सभी समाज के लोगों के साथ जुड़े हुए हैं। हर किसी के सुख दुख में उन्होंने साथ दिया है। मूल रूप से पतरातू के रहने वाले गयासुद्दीन ने कहा कि बड़कागांव और केरेडारी में भी उनके चाहने वाले लोग हैं। इस विधानसभा चुनाव में आम जनता उन्हें अपना समर्थन जरुर देगी। अब तक बड़कागांव विधानसभा से कुल 16 लोगों ने अपना नामांकन प्रचार खरीदा है। मंगलवार को नामांकन पर्चा खरीदने वालों में विकास कुमार और लालदेव मुंडा शामिल है। इस विधानसभा के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर निर्धारित की गयी है। 23 रामगढ़ विधानसभा के लिए मंगलवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। पहले दिन कुल आठ लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा है। इनमें निवर्तमान विधायक सुनीता चौधरी भी शामिल हैं। इनके अलावा भाजपा के बागी नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, अमित कुमार, लाल किशोर प्रसाद, कुंदन कुमार, नितेश कुमार सिंह, पंकज कुमार, नेपाल विश्वकर्मा शामिल हैं।

### बीडीओ ने क्लस्टर अधिकारियों के साथ की बैठक

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में क्लस्टर अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया की उनके क्षेत्र में जितने भी मतदान केंद्र है। सभी का भौतिक निरीक्षण करे, और वहा जो भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। उसका प्रतिवेदन कार्यालय को सौंपे। ताकि इन सुविधाओं यथा शौचालय, बिजली, पानी, दिव्यांगों के लिए रैंप सहित अन्य सुविधाओं की बहाली हो सके। और मतदान के दिन कोई भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मौके पर नकुल यादव, ढलान कुमार, कालू पहाड़िया शामिल थे।

### नीतू महतो ने आजसू से दिया इस्तीफा, बसपा से लड़ेंगे

**गोला (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य रायपुरा गांव निवासी बिनू कुमार महतो ने आपने सभी पदो से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो को भेज दिया है। उन्होंने इस्तीफा का कारण पार्टी में तरजी नहीं देना बताया है।

**शपथ-पत्र**

मैं, उषा देवी (USHA DEVI) पति अशोक कुमार अग्रवाल, जन्म तिथि- 01.01.1963, धर्म-हिन्दू, पेशा-गृहिणी, राष्ट्रीयता-भारतीय, निवास स्थान ग्राम-शिवाजी रोड लोहार टोला, वार्ड नं.-08, रामगढ़ कैन्ट, पो.-रामगढ़, थाना-रामगढ़, जिला - रामगढ़ (झारखंड) -829122 शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान करती हूं कि :-

1. यह कि, मेरा सही व वास्तविक नाम उषा देवी (USHA DEVI) है जो मेरे आधार कार्ड सं. -39528983 3403 एवं पैन कार्ड सं. -APRPA2748B में दर्ज है।
2. यह कि, मेरे नाम से बैंक ऑफ इण्डिया शाखा रामगढ़ में एक बचत खाता है जिसका खाता सं. -481910100008883 में मेरा नाम **उषा देवी अग्रवाल** (USHA DEVI AGRAWAL) दर्ज है।
3. यह कि, उषा देवी (USHA DEVI) एवं **उषा देवी अग्रवाल** (USHA DEVI AGRAWAL) दोनों नाम एक ही महिला का है जो मैं स्वय हूँ।
4. यह कि, शपथ पत्र मैं बैंक ऑफ इण्डिया शाखा रामगढ़ में अपना दर्ज नाम **उषा देवी अग्रवाल** (USHA DEVI AGRAWAL) के स्थान पर अपना सही व वास्तविक नाम उषा देवी (USHA DEVI) दर्ज करवाने हेतू बैंक के संबंधित पदाधिकारी को दे रही हूँ।
5. यह कि उपरोक्त कथन मेरी जानकारी एवं विश्वास में सत्य व सही है।

पत्रांक नं.: 36626 दिनांक : 12/09/2024

**पूर्व मध्य रेल**

ई-निविदा सूचना

**गोमो और धनबाद स्टेशन पर रूकने के दौरान मार्ग में चलने वाली ट्रेनों में दैनिक पानी देने का ठेका।**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखने वाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/ संवेदकों "टू पैकेट बिड" पर ई-निविदायें आमंत्रित है। **(i) निविदा संख्या एवं दिनांक :** GEM/2024/B/5517676 दिनांक 18/10/2024 **(ii) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** गोमो और धनबाद स्टेशन पर तीन साल तक रुकने के दौरान मार्ग में चलने वाली ट्रेनों में दैनिक पानी देने का ठेका। कार्य समापन अवधि- 3 वर्ष। **(iii) कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 7,46,02,656.60 (सात करोड़ छियालीस लाख दो हजार छः सौ छप्पन रुपये और साठ पैसे) मात्र। **(iv) बयाना राशि :** रु. 5,23,100.00 (पांच लाख तेईस हजार एक सौ रूपये) मात्र। **(v) ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** तारीख 08/11/2024 को 16:00 बजे, **ई-निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** तारीख 08/11/2024 को 16:30 बजे **(v) वेबसाईट विवरण :** https://www.gem.gov.in ई-निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

डी.इ.एन.एच.एम/धनबाद

पीआर/01356/डीएचएन/एमईसीएच/टी/24-25/36

### भाजपा से बागी हुए रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, 27 को करेंगे नामांकन

# गठबंधन से दिल मिलता है, लेकिन वोट नहीं मिल सकता: रणंजय कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड विधानसभा का चुनाव भाजपा और आजसू गठबंधन के तहत लड़ा जा रहा है। रामगढ़ में भी यह गठबंधन कायम है और रामगढ़ सीट आजसू के खाते में गयी है। लेकिन भाजपा के कुछ नेता इस गठबंधन को सिर्फ सियासी खेल मान रहे हैं। पार्टी से बागी होकर भाजपा के वरीय नेता और पूर्व सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने चुनाव लड़ने का मन बना लिया है। मंगलवार को उन्होंने अपना नामांकन प्रपत्र खरीदा। इस दौरान उन्होंने कहा कि गठबंधन से सिर्फ दिल मिलता है, वोट नहीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में भाजपा ने उन पर विश्वास जताया था और उन्हें पार्टी का उम्मीदवार बनाया गया था। लेकिन सियासी खेल में वे आम जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं को मायूस नहीं करने वाले। उन्होंने कहा कि वह 27 अक्टूबर को अपना नामांकन रामगढ़ विधानसभा के उम्मीदवार के लिए दाखिल करेंगे।



# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की छात्रा रोशनी सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** शहर के बाजार समिति स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के वंदना सभागार में मंगलवार को विद्यालय के कार्यकारिणी समिति के सचिव शंकर लाल अग्रवाल, प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी के द्वारा कक्षा अष्टम की बहन रोशनी कुमारी को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि बहन रोशनी कुमारी ने क्षेत्रीय स्तर पर बिहार के मुंगेर में स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में गणित मॉडल लगाई थी। इस प्रतियोगिता में पूरे झारखंड और बिहार से चुने हुए प्रतिभागी ने अपने-अपने प्रदर्श को लगाया था। जिसमें रामगढ़ सरस्वती विद्या मंदिर की बहन रोशनी ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाकर पूरे राज्य का नाम रोशन किया। अब रोशनी पूरे झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर अपने प्रदर्श को लगाने के लिए चुनी गयी है। साथ ही दो अन्य बहनों राधिका कुमारी एवं साक्षी कुमारी को भी सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के सचिव एवं प्रधानाचार्य ने उसे विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।

# इलाज के दौरान सीसीएल सुरक्षा कर्मी की मौत, जीएम ने सौंपा आश्वासन पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** सीसीएल कुजू प्रक्षेत्र अंतर्गत तोपा परियोजना स्थित सीसीएल कुजू साइडिंग में गत दिनों ड्यूटी के दौरान सुरक्षा कर्मी विनोद पासवान चक्कर खाकर गिर गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गयी। मौत की सूचना के बाद परिजनों ने सीसीएल प्रबंधन से नौकरी और मुआवजा की मांग की। श्रमिक नेता राम भजन लाल महतो के नेतृत्व में प्रबंधन से सकारात्मक वार्ता के बाद आश्वासन प्रमाणपत्र मिला। जानकारी के अनुसार, प्रतापपुर चतरा निवासी सह सीसीएल सुरक्षा कर्मी के पद पर तैनात 42 वर्षीय विनोद पासवान पिता मुंशी पासवान गत 15 अक्टूबर को ड्यूटी के दौरान अचानक सर में दर्द आया। जिसके बाद मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने विनोद पासवान को इलाज हेतु नईसराय अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने नाजुक स्थिति देख रांची मेदांता रेफर किया। सात दिनो के बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इधर, परिजनों ने नौकरी व मुआवजा की मांग करते हुए सीसीएल प्रबंधन से मुलाकात की। इधर, अखिल झारखंड कोयला शमिक संघ के कुजू क्षेत्रीय सचिव राम भजन लाल महतो की अगुवाई में प्रबंधन से सकारात्मक वार्ता हुई। वार्ता के बाद बाद मृतक की पत्नी हेमंती देवी को जीएम आरके सिन्हा द्वारा आश्वासन पत्र दिया गया। इस अवसर पर प्रबंधन ने बताया कि सीसीएल नियमानुसार परिवार को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी। मौके पर मृतक के पुत्र आयुष कुमार के अलावे सहदेव मांझी, सत्येंद्र कुमार, सीताराम पासवान, कार्तिक पासवान, रंजीत, नितेश समेत कई परिजन मौजूद रहे।

## पंचायत में बूथ स्तर पर कार्यकर्ता जनसंपर्क तेज करें : ब्रह्मदेव महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** दुलमी प्रखंड क्षेत्र स्थित सिरु बुध बाजार आजसू प्रधान कार्यालय में सिरु पंचायत के सभी आजसू युवा कार्यकर्ताओ क बैठक हुई। जिसमे मुख्य रूप से पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो शामिल थे, जिसका संचालन युवा नेता अनिल इग्नेश ने किया। ब्रह्मदेव महतो ने कहा कि कि सभी कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाए बूथ स्तर पर लग जाए और विधायक सुनीता चौधरी द्वारा किए गए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें । आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव में रामगढ़ से एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को रिकॉर्ड मतों से वोट देकर विजय बनाने का काम करें,दुलमी प्रखंड के सभी पंचायत में युवाओं बढ़ चढ़कर हिस्सा ले इस मौके पर पंचायत कमेटी गठन कर अपने बूथ स्तर पर हमारे प्रत्याशी को अधिक से अधिक वोटदिलाने का काम करें।

मौके पर पंकज कुमार शिशुपाल कुमार, मिथिलेश कुमार विक्की कुमार, प्रफुल कुमार, सुनील कुमार, डब्लू कुमार, रविंद्र कुमार अनुज कुमार अमित कुमार, राहुल कुमार, अनुज कुमार, सुजीत कुमार, अटल कुमार, करण कुमार, रोशन कुमार, रमेश कुमार, सुमन नायक, अर्जुन नायक, राजा नायक, उपस्थित थे।

रजिस्ट्री सं० डी एल०-33004/99 REGD.NO.D.L-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.-डी.एल.-अ.-15102024-257867
CG-DL-E-15102024-257867
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4095] नई दिल्ली, शनिवार, अक्टूबर 12, 2024/आश्विन 20, 1946
No. 4095] NEW DELHI, SATURDAY, OCTOBER 12, 2024/ASVINA 20, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 11 अक्टूबर, 2024**

**का.आ. 4458(अ).**केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के राँची जिले में NH23 के कि.मी. 26 से कि.मी. 46.8 (डिप्टी कमिश्नर ऑफिस रांची) तक के भू-खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन/4-लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप- धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा ।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी अर्थात् सक्षम प्राधिकारी सह सीओ, बेड़ो को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा। इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

**झारखंड राज्य के राँची जिले के तालुक बेड़ों के गाँव- नगड़ी, पूरियो, जरिया और तालुक- इटकी के गाँव- चचगुरा, गढ़गांव मे NH23 के कि.मी. 26 से कि.मी. 46.8 लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण**

6611 GI/2024

जिला: रांची
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि: 11 अक्टूबर 2024
https://egazette.gov.in
https:/bhoomirashi.gov.in

[फा.स. NHAI/PIU/PD/RNC/NH-23/LA/3A]
अभय जैन, निदेशक

नोटः- इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

# बुढ़िया मंदिर महिला मंडल पीडीएस दुकान में राशन के बदले कार्ड धारकों से वसूली जा रही थी रकम

### जांच के दौरान बंद पाई गयी दुकान, मिली घोर अनियमितता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** जिले में आम नागरिकों को राशन के लिए परेशानी ना हो इसके लिए अधिकारी लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। लेकिन पीडीएस दुकानदार राशन कार्ड धारकों से रिश्वत वसूलने, अनाज का गबन करने और खाद्यान्न की कालाबाजारी से बाज नहीं आ रहे। रामगढ़ प्रखंड के छतरमांडू इलाके में बुढ़िया मंदिर महिला मंडल पीडीएस संचालक को ऐसे ही घोर अनियमितता में पकड़ा गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दुकान संचालक महिला मंडल को निलंबित कर दी है।

**जांच के दौरान बंद पाई गयी दुकान, मिली घोर अनियमितता**

मंगलवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने बताया कि बुढ़िया मंदिर महिला मंडल के द्वारा दुकान के संचालन में लगातार अनियमितता बरती जा रही थी। जिसकी शिकायत ग्रामीणों के स्तर से मिल रही थी। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी 18 अक्टूबर को जांच के लिए पहुंची तो दुकान बंद पाया गया। साथ ही राशन कार्ड धारक सावित्री देवी के द्वारा यह बताया गया कि राशन के बदले उससे पैसे की मांग की जा रही थी। उसने बाकायदा कॉल रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध कराया है। साथ ही जांच में यह भी पाया गया कि एनएफएसए और जेएसएफएसएस योजना के तहत अक्टूबर माह का खाद्यान्न 15 अक्टूबर को ही उन्हें मुहैया कराया गया था। लेकिन 17 अक्टूबर को महिला मंडल ने खाद्यान्न को प्राप्त किया। साथ ही उसका वितरण भी नहीं किया। जांच के दौरान यह भी पता चला कि 2.48 क्विंटल ग्रीन चावल रहने के बावजूद दिसंबर 2023 तक के लिए खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया। **वर्ष 2018 में भी निलंबित हुआ है महिला मंडल**

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि बुढ़िया मंदिर महिला मंडल के द्वारा पहले भी कार्यालय के आदेशों का उल्लंघन किया गया है। साथ ही अनुज्ञप्ति की शर्तों और कर्तव्यों का पालन नहीं किया जाता रहा है। 19 नवंबर 2018 को भी जांच के दौरान ऐसी ही अनियमितता पाई गयी थी, जिसकी वजह से उन्हें निलंबित किया गया था। इसके बावजूद इस महिला मंडल ने अपने कार्य प्रणाली में कोई सुधार नहीं किया।

**सरस्वती महिला समूह को सौंपा गया दायित्व :** जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बुढ़िया मंदिर महिला मंडल को तत्काल आवंटित सारे खाद्यान्न सरस्वती महिला समूह को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि आवंटित ई-पौस मशीन एवं उपलब्ध खाद्यान्न 24 घंटे के अंदर सरस्वती महिला समूह को हैंड-ओवर किया जाए ताकि आम नागरिकों के बीच खाद्यान्न का वितरण किया जा सके।

# आतंकवादियों की बौखलाहट

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में रविवार रात को आतंकवादियों ने जिस तरह से एक कंस्ट्रक्शन प्रॉजेक्ट में काम कर रहे लोगों को निशाना बनाया, वह कई लिहाज से गंभीर घटना है। इस हमले से न केवल आतंकवादियों की बौखलाहट का पता चलता है, बल्कि उनकी बदली प्राथमिकताओं का भी अंदाजा मिलता है। पिछले कई वर्षों से सुरक्षा बलों की चौकसी के चलते जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में आयी कमी और आम जनजीवन पर उनके घटते असर से चिंतित आतंकी आकाओं ने आम चुनावों के दरम्यान अपनी सक्रियता बढ़ा दी। ऐसे इलाकों को चुना गया जहां सुरक्षा बलों की तैनाती कम और मुश्किल थी। टारगेटेड अटैक के जरिए बाहरी लोगों को निशाना बनाया गया, ताकि उनमें घबराहट फैले और टूरिस्टों का आना कम हो। मगर ये तमाम चालें निष्फल साबित हुईं। चुनाव में बाधा डालने का उनका प्रयास भी नाकाम रहा। न केवल लोकसभा चुनाव, बल्कि विधानसभा चुनाव भी शांतिपूर्वक संपन्न हुए। इतना ही नहीं, इनमें लोगों की भागीदारी के भी रिकॉर्ड बने। ऐसे में अब आतंकी तत्वों ने जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार के गठित होते ही इस बड़े हमले को अंजाम देकर यह जताने का प्रयास किया है कि वे जनादेश के तहत बनी इस सरकार की राह में अड़ंगा डालने का हरसंभव प्रयास करते रहेंगे। गौर करने लायक बात है कि इस बार हमले के लिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच बनायी जा रही जेड-मोड टनल का काम कर रहे लोगों को चुना गया। यह टनल न केवल जम्मू-कश्मीर के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि रणनीतिक तौर पर भी खासी अहमियत रखता है। इसके निर्माण से श्रीनगर और करगिल के बीच निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा और श्रीनगर एवं लेह के बीच की यात्रा में लगने वाला समय कम हो जायेगा। यही नहीं, इस टनल के जरिए टूरिस्टों के पसंदीदा शहर सोनमर्ग की हर मौसम में कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित की जा सकेगी। जाहिर है, विदेशी जमीन पर बैठे आतंकवादी तत्वों ने इस एक हमले के जरिए कई उद्देश्य पूरे करने की कोशिश की है। लेकिन जैसा कि हमले के बाद आयी प्रतिक्रियाओं से साफ है, इस मसले पर पक्ष-विपक्ष पूरी तरह एकजुट है। सबसे बड़ी बात यह कि अब आतंक के खिलाफ उठे इन स्वरों में जम्मू-कश्मीर के लोगों की नुमाइंदगी कर रही आवाजें भी शामिल हैं। सम्मिलित सुनियोजित प्रयासों से जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद के बचे-खुचे निशानों से भी मुक्त करने का लक्ष्य अब पहुंच से दूर नहीं कहा जा सकता।

गौर करने लायक बात है कि इस बार हमले के लिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच बनायी जा रही जेड-मोड टनल का काम कर रहे लोगों को चुना गया। यह टनल न केवल जम्मू-कश्मीर के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि रणनीतिक तौर पर भी खासी अहमियत रखता है।

**अभिमत आजाद सिपाही**

**पिछले साल कनाडा में एक सिख कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या, जो कथित तौर पर भारत सरकार से जुड़ा हुआ था, ने शुरुआती विवाद को जन्म दिया। प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत की संलिप्तता का संकेत दिया और जांच में सहयोग का आग्रह किया, जिसे भारत ने अस्वीकार कर दिया। यह घटना कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका को शामिल करते हुए एक व्यापक कूटनीतिक गतिरोध में बदल गयी, जिसने सीधे तौर पर भारत पर आरोप नहीं लगाया, लेकिन कनाडा की जांच का समर्थन किया और भारत की संलिप्तता का संकेत देने वाली खुफिया जानकारी सांझा की।**

# कनाडा के साथ कूटनीतिक तनाव का नया दौर

**हरि जयसिंह**

भारत की एक्ट ईस्ट नीति के 10 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आसियान-भारत व्यापक रणनीतिक सांझेदारी की उपलब्धियों का मूल्यांकन करने और भविष्य के सहयोग की योजना बनाने के लिए 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में भाग लिया। जब मोदी ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात की, तो तनाव पहले से ही बहुत ज्यादा था। ट्रूडो ने पिछले साल कनाडा में एक सिख अलगाववादी की हत्या में भारत की कथित भूमिका पर चर्चा करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस बीच भारतीय अधिकारियों ने कनाडा से उन गतिविधियों से निपटने का आग्रह किया, जिन्हें वे भारत की सुरक्षा के लिए खतरा मानते हैं। चल रहे संघर्ष की जड़ें ज्यादा विवादास्पद मुद्दों से जुड़ी हैं। पिछले साल कनाडा में एक सिख कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या, जो कथित तौर पर भारत सरकार से जुड़ा हुआ था, ने शुरुआती विवाद को जन्म दिया। प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत की संलिप्तता का संकेत दिया और जांच में सहयोग का आग्रह किया, जिसे भारत ने अस्वीकार कर दिया। यह घटना कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका को शामिल करते हुए एक व्यापक कूटनीतिक गतिरोध में बदल गयी, जिसने सीधे तौर पर भारत पर आरोप नहीं लगाया, लेकिन कनाडा की जांच का समर्थन किया और भारत की संलिप्तता का संकेत देने वाली खुफिया जानकारी सांझा की। हाल ही में स्थिति तब और खराब हो गयी जब 14 अक्तूबर को कनाडा ने 6 भारतीय राजनयिकों को गलत कामों के नये सबूतों का हवाला देते हुए निष्कासित कर दिया। जवाब में, भारत ने सुरक्षा कारणों से अपने राजनयिकों को तुरंत कनाडा से बाहर निकाल लिया और 6 कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया। वाशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट से पता चला है कि कनाडाई अधिकारियों ने सिंगापुर में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ एक गुप्त बैठक की थी। उन्होंने सबूत सांझा किये, जो बताते हैं कि कनाडा में भारतीय राजनयिक सिख अलगाववादियों के बारे में खुफिया जानकारी जुटा रहे थे, जिसका इस्तेमाल भारत ने हमलों की योजना बनाने के लिए किया। गंभीर आरोपों और प्रत्यारोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक तनाव गहरा गया है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर कनाडा के सिख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया। इस आरोप के कारण कूटनीतिक विवाद पैदा हो गया और इसके तुरंत बाद भारत को अमरीका में गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के प्रयास में फंसाया गया। हाल ही में हुई घटनाओं में तनाव और बढ़ गया जब कनाडा के अधिकारियों ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े 3 लोगों को गिरफ्तार किया। संदेह है कि वे भारत की खुफिया एजैंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) से जुड़े थे। बढ़ते सबूतों के जवाब में, कनाडा ने उच्चायुक्त सहित 6 भारतीय राजनयिकों को निष्कासित कर दिया, जिसका जवाब भारत ने 6 कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित करके दिया। निष्कासन के कुछ घंटों बाद, प्रधानमंत्री ट्रूडो ने ओटावा में एक प्रेस कांफ्रेंस में जोर देकर कहा कि की गयी कार्रवाई का उद्देश्य तनाव पैदा करना नहीं था, बल्कि भारत के सहयोग की कमी के कारण यह आवश्यक था। उन्होंने खुलासा किया कि कनाडाई अधिकारियों ने भारतीय समकक्षों के साथ रॉयल कैनेडियन माऊंटेड पुलिस (क्रष्टरूक्क) के साक्ष्य सांझा किए थे, जिसमें आपराधिक गतिविधियों में शामिल 6 भारतीय सरकारी एजेंटों की पहचान की गयी थी, लेकिन भारत ने सहयोग नहीं किया। इस प्रेस कांफ्रेंस के दौरान, ट्रूडो ने विदेश मंत्री मेलानी जोली और सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री डोमिनिक लेब्लांक के साथ मिलकर आरोपों की गंभीर प्रकृति को दोहराया। ट्रूडो ने कहा कि कनाडा की धरती पर हत्या और जबरन वसूली सहित आपराधिक गतिविधियों में भारत की संलिप्तता बिल्कुल अस्वीकार्य है।

उन्होंने सिंगापुर में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच हाल ही में हुई बैठक के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसे उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के समक्ष महत्वपूर्ण बताया था, फिर भी यह बैठक परिणाम देने में विफल रही।

विदेश मंत्री जोली ने कनाडा और भारत के बीच संबंधों को देखते हुए कूटनीतिक टकराव में शामिल होने से परहेज किया, लेकिन चल रही जांच में भारत के सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इस स्थिति और अमरीका में इसी तरह की जांच के बीच महत्वपूर्ण अंतरों को इंगित किया, विशेष रूप से यह कि हिंसा और राजनयिकों की भागीदारी प्रत्यक्ष थी और बढ़ गयी थी।

ट्रूडो और उनके मंत्रियों ने स्थिति पर चर्चा करने और समर्थन प्राप्त करने के लिए ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर और फाइव आइज इंटैलीजेंस गठबंधन सहित अंतरराष्ट्रीय भागीदारों से संपर्क किया है। कनाडा सरकार का कहना है कि प्रतिबंधों सहित सभी विकल्पों पर विचार किया जा रहा है, क्योंकि वे भारत से इन गंभीर आरोपों को हल करने में रचनात्मक रूप से शामिल होने का आग्रह करते हैं। नवीनतम कूटनीतिक संकट भारत के अपने प्रवासी समुदाय के भीतर की कार्रवाइयों के बारे में व्यापक चिंताओं को उजागर करता है और अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के साथ भारत की सुरक्षा प्रथाओं के संरेखण के बारे में सवाल उठाता है, खासकर जब तनाव वैश्विक कूटनीति और सार्वजनिक सुरक्षा के क्षेत्रों में फैल जाता है।

इस घटना ने भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है और वैश्विक राजनीति, खुफिया-सांझाकरण और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हितों के बीच संतुलन की चुनौती की जटिल प्रकृति को उजागर किया है। यह अंतर्राष्ट्रीय व्यवहार में जटिलताओं को उजागर करता है, मुख्य रूप से जब देश रहस्य रखते हैं और अपने हितों को प्राथमिकता देते हैं।

भारत को पश्चिमी सहयोगियों से वैध निराशा है, जो अपनी धरती से भारत को लक्षित चरमपंथी गतिविधियों को संबोधित करने में धीमे रहे हैं। हालांकि, हत्या की साजिशों में भारत की कथित संलिप्तता ने इसकी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को धूमिल किया है।



ट्रूडो और उनके मंत्रियों ने स्थिति पर चर्चा करने और समर्थन प्राप्त करने के लिए ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर और फाइव आइज इंटैलीजेंस गठबंधन सहित अंतरराष्ट्रीय भागीदारों से संपर्क किया है। कनाडा सरकार का कहना है कि प्रतिबंधों सहित सभी विकल्पों पर विचार किया जा रहा है, क्योंकि वे भारत से इन गंभीर आरोपों को हल करने में रचनात्मक रूप से शामिल होने का आग्रह करते हैं।

गंभीर आरोपों और प्रत्यारोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक तनाव गहरा गया है।

## देश-विदेश की खबरें

# गुजरात के गांधीनगर में नकली जज पकड़ा गया

- पांच साल से फर्जी अदालत चला रहा था
- फैसले देकर एक सौ एकड़ जमीन भी हड़पी

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**गांधीनगर।** गुजरात में एक शख्स ने फर्जी अदालत बनायी। खुद को उसका जज बताया और गांधीनगर में बने अपने ऑफिस में असली अदालत जैसा माहौल बनाते हुए फैसले भी सुनाये। आरोपी का नाम मॉरिस सैमुअल है। बतौर मध्यस्थ नकली जज मॉरिस ने अरबों रुपये की करीब एक सौ एकड़ सरकारी जमीन अपने नाम कर आदेश पारित किये। हैरानी की बात यह है कि यह फर्जी कोर्ट पिछले पांच साल से चल रहा था। अहमदाबाद पुलिस ने मॉरिस को नकली जज बनकर लोगों को धोखा देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। वह शहर के इंदिरा नगर आवासीय योजना के मकान में रहता था। यहीं उसने ऑफिस बनाया था। मॉरिस उन लोगों को फंसाता था, जिनके जमीनी विवाद के केस शहर के सिविल कोर्ट में लंबित थे। वह अपने मुवक्किलों से उनके मामले को सुलझाने के लिए फीस के तौर पर कुछ पैसा लेता था। मॉरिस खुद को कोर्ट से नियुक्त किया गया आधिकारिक मध्यस्थ बताता था। वह अपने मुवक्किलों को गांधीनगर के अपने ऑफिस में बुलाता था, जिसे अदालत की तरह डिजाइन किया गया था। मॉरिस केस से जुड़ी दलीलें सुनता और ट्रिब्यूनल के अधिकारी के रूप में आदेश पारित करता था। इतना ही नहीं, उसके साथी अदालत के कर्मचारी या वकील के रूप में खड़े होकर यह दिखाते थे कि कार्रवाई असली है। इस तरकीब से आरोपी मॉरिस 11 से ज्यादा मामलों में अपने पक्ष में आदेश पारित कर चुका था। 2019 में आरोपी ने इसी तरह अपने मुवक्किल के पक्ष में एक आदेश पारित किया था। मामला जिला कलेक्टर के अधीन एक सरकारी जमीन से जुड़ा था। उसके मुवक्किल ने इस पर दावा किया और पालडी इलाके की जमीन के लिए सरकारी दस्तावेजों में अपना नाम दर्ज करवाने की कोशिश की। मॉरिस ने कहा कि उसे सरकार ने मध्यस्थ बनाया है। इसके बाद ठग ने फर्जी अदालती कार्रवाई शुरू की। अपने मुवक्किल के पक्ष में एक आदेश दिया, जिसमें कलेक्टर को उस जमीन के दस्तावेजों में मुवक्किल का नाम दर्ज करने का निर्देश दिया गया। आदेश को लागू करने के लिए मॉरिस ने दूसरे वकील के जरिये सिविल कोर्ट में अपील की। इसमें वही आदेश अटैच किया, जो उसने जारी किया था। हालांकि कोर्ट के रजिस्ट्रार हार्दिक देसाई को पता चला कि न तो मॉरिस मध्यस्थ है और न ही न्यायाधिकरण का आदेश असली है। उन्होंने करंज पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करायी। इसके बाद ठग के खिलाफ कार्रवाई की गयी और उसकी फर्जी अदालत का भंडाफोड़ किया गया।

# तीन राज्यों के पांच स्कूलों में बम की धमकी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सीआरपीएफ के दिल्ली के दो और हैदराबाद के एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी तीनों स्कूलों के प्रबंधन को इ-मेल के जरिये भेजी गयी थी। इसके अलावा तमिलनाडु के कोयंबटूर के चिन्नावेदमपट्टी और सरवनमपट्टी के दो प्राइवेट स्कूलों को भी बम की धमकियां मिली हैं। मंगलवार सुबह बम निरोधक दस्ते की टीमें इन सभी स्कूलों में पहुंचीं। स्कूलों को खाली कराकर जांच की गयी। कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। इससे पहले दिल्ली के रोहिणी इलाके में एक स्कूल के पास 20 अक्टूबर को एक धमाका हुआ था। हालांकि इसमें कोई घायल नहीं हुआ था। सिर्फ दुकानें और स्कूल की दीवार क्षतिग्रस्त हुई थी। इसकी जिम्मेदारी खालिस्तानी संगठन ने टेलीग्राम के जरिये ली थी। दिल्ली पुलिस ने बताया कि स्कूल की दीवार के पास पॉलीथिन बैग में विस्फोटक रखा गया था।

इस बीच 30 विमानों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली। इनमें इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल हैं।

**कोलकाता रेप कांड**

# पीड़िता के पिता ने पत्र लिख कर अमित शाह से मांगी मदद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में करीब दो महीने पहले दुष्कर्म और हत्या की शिकार प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के पिता ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर मुलाकात का समय देने का अनुरोध किया है। मृतका के पिता ने कहा कि वह इस समय घोर मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं और असहाय महसूस कर रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को भेजे इ-मेल में कहा कि वह शाह से मार्गदर्शन और मदद चाहते हैं। पीड़ित पिता ने कहा, मैं अभया (काल्पनिक नाम) का पिता हूं और आपको यह पत्र इस विनम्र अनुरोध के साथ लिख रहा हूं कि आपकी सुविधा के अनुसार या आपके द्वारा सुझाये गये किसी स्थान पर मुलाकात का समय दिया जाये। हमारी बेटी के साथ घटी उस जघन्य अप्रत्याशित घटना के बाद से हम घोर मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं और अब असहाय महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं अपनी पत्नी के साथ मुलाकात कर इस मामले से जुड़े कुछ पहलुओं पर चर्चा करना चाहता हूं और आपसे मार्गदर्शन और मदद के लिए प्रार्थना करना चाहता हूं। मैं आपसे बात करने और इस मुद्दे पर आपकी अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के अवसर के लिए वास्तव में आभारी हूंगा, क्योंकि मेरा मानना ??है कि आपका अनुभव और मार्गदर्शन अमूल्य होगा। पिता ने केंद्रीय गृहमंत्री से कुछ मिनट उनके लिए निकालने के लिए भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा, कृपया मुझे बतायें कि आप कब और कहां हमारे लिए कुछ मिनट निकाल सकते हैं। फिर हम खुद को तैयार रख सकते हैं। मैं आपके समय और इस अनुरोध पर विचार करने के लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं और आपकी अनुकूल प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मैं आपसे मिलने के अवसर की प्रतीक्षा कर रहा हूं।

# बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन को मिला भारत में निवास का परमिट



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन का भारत में निवास का परमिट दे दिया। परमिट मिलने के बाद लेखिका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ंपर गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया। बांग्लादेशी लेखिका ने 22 अक्टूबर को पर गृह मंत्री से मदद मांगी थी। उन्होंने लिखा था कि मेरा परमिट जुलाई में खत्म हो गया है और गृह मंत्रालय उसे नवीकृत नहीं कर रहा है। तसलीमा ने लिखा था कि भारत मेरा दूसरा घर है और 22 जुलाई के बाद परमिट के नवीकृत नहीं होने से मैं परेशान हूं। अगर सरकार मुझे भारत में रहने देगी, तो मैं शुक्रगुजार रहूंगी। बांग्लादेश इस वक्त गंभीर सत्ता संघर्ष से जूझ रहा है। कुछ महीने पहले पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद से स्थिति अस्थिर है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार इस वक्त लोकतांत्रिक संस्थाओं को फिर से बहाल करने की चुनौती का सामना कर रही है।

# वक्फ बिल पर जेपीसी बैठक में हंगामा टीएमसी सांसद ने बोतल तोड़ी, निलंबित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** वक्फ बिल पर मंगलवार को हुई संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक के दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पश्चिम बंगाल के श्रीरामपुर से सांसद कल्याण बनर्जी और भाजपा नेता अभिजीत गंगोपाध्याय के बीच तीखी बहस के बाद बैठक में हंगामा मच गया। इस दौरान कल्याण बनर्जी ने गुस्से में एक कांच की पानी की बोतल तोड़ दी, जिससे उनकी खुद की उंगली घायल हो गयी। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी को इस अनियंत्रित आचरण के लिए वक्फ बिल पर जेपीसी से एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया है। वक्फ बिल पर जेपीसी के सदस्य बनर्जी को समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल के खिलाफ असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने और कांच की बोतल तोड़ने और उन पर फेंकने के लिए लोकसभा नियम 261 और 374 (1) (2) के तहत एक दिन और दो बैठकों के लिए निलंबित कर दिया गया। बनर्जी के निलंबन की मांग करने वाले प्रस्ताव के पक्ष में नौ और विपक्ष में आठ वोट पड़े। यह घटना तब हुई, जब वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान कुछ विपक्षी सदस्यों ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों और वकीलों की भूमिका पर सवाल उठाये। बैठक की अध्यक्षता भाजपा सांसद जगदंबिका पाल कर रहे थे। इस चर्चा के दौरान कल्याण बनर्जी और भाजपा नेता अभिजीत गंगोपाध्याय के बीच जमकर तकरार हुई, जिसके बाद स्थिति और बिगड़ गयी। चश्मदीदों ने बताया कि बनर्जी ने गुस्से में पानी की कांच की बोतल उठायी और उसे जोर से मेज पर मार दिया, जिसके कारण उनके अंगूठे और तर्जनी उंगली पर चोट लगी। इस घटना के बाद एआइएमआइएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह उन्हें बैठक से बाहर निकालकर प्राथमिक चिकित्सा के लिए ले गये। सोमवार को भी वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर आयोजित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक में तीखी बहस देखने को मिली। विपक्षी सदस्यों ने विधेयक पर परामर्श प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाये, जबकि भाजपा सांसदों ने विधेयक का बचाव किया।

# ताजमहल के पास धूल कणों का हमला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आगरा।** देशी-विदेशी सैलानियों की सबसे ज्यादा आमद वाले ताजमहल और उसके आसपास के इलाकों पर धूल कणों का जबरदस्त हमला हुआ है। यहां की हवा अभी से प्रदूषण के सबसे खतरनाक जोन सीवियर (गंभीर) में पहुंच गयी है। इस हवा में घूमने वाले सैलानियों को खांसी, आंखों में करकराहट, गले संबंधी दिक्कतें हो सकती हैं। हालांकि शहर के प्रमुख छह इलाकों की हवा में थोड़ा सुधार आया है, लेकिन सभी क्षेत्रों में अलग-अलग कणों में भारी उतार-चढ़ाव रिकॉर्ड किया गया है। सबसे बड़ा बदलाव ताजगंज इलाके में आया है। यहां शाहजहां गार्डन स्टेशन पर धूल कणों की अधिकतम मौजूदगी का स्तर 435 माइक्रोग्राम प्रति मीटर पाया गया है। इस लिहाज से यह प्रदूषण का सबसे खतरनाक छठा और अंतिम जोन है। बता दें कि प्रदूषण के छठे जोन को सीवियर कहा जाता है। इसमें हवा में शामिल सभी तरह के कणों की मौजूदगी 401 से 500 माइक्रोग्राम प्रति मीटर तक होती है। यह इलाका सीवियर जोन में शामिल हो गया है, जबकि इस क्षेत्र में ताजमहल के साथ ताजगंज और आसपास की कॉलोनियां शामिल हैं। फतेहाबाद रोड का कुछ हिस्सा भी इसकी परिधि में आता है। इसी इलाके में विदेशी सैलानियों की सबसे ज्यादा आवाजाही रहती है। सबसे ज्यादा सितारा होटल भी इसी इलाके में हैं। सीवियर जोन में आने वाले स्वस्थ लोगों को भी परेशानियां हो सकती हैं। सबसे ज्यादा आंखों में जलन, पानी आना, करकराहट, आंखों के लाल होने जैसी दिक्कतें हैं। इनके अलावा गले में खराश, लगातार खांसी के साथ गला बैठने का भी खतरा रहता है। त्वचा को भी सूक्ष्म धूल कणों से चोट पहुंचती है। रूखी त्वचा पर स्क्रैच आ सकते हैं। ताजगंज में फतेहाबाद रोड तक के इलाके आते हैं। इस क्षेत्र में होटलों की भरमार है। रोड साइड ढाबे भी हैं। इन दिनों सभी प्रतिष्ठानों की सफाई चल रही है।

## गढ़वा में एक और बंशीधर नगर में दो नामांकन पत्र दाखिल किया गया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। 22 अक्टूबर को नामाकंन के चैथे दिन गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के लिए एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया। स्वतंत्र रूप से सुजाउद्दीन अंसारी के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। वहीं 06 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। वहीं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में दो नामांकन पत्र दाखिल किया गया। इसमें आम आवाम विकास मोर्चा से राम नरेश यादव तथा लोकहित अधिकार पार्टी से जयराम पासवान ने नामांकन पत्र दाखिल किया गया। यहां 05 नामांकन फार्म की बिक्री हुई।

# गढ़वा के भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी के खिलाफ बगावत

## भाजपा नेताओं ने प्रत्याशी बदलने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा चुनाव क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के घोषित प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी के खिलाफ पार्टी में बगावत की स्थिति पैदा हो गयी है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव राज तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित पत्रकार वार्ता में लगभग तीन दर्जन भाजपा नेताओं ने प्रत्याशी बदलने की मांग शीर्ष नेतृत्व से की है। भाजपा नेताओं ने कहा है कि यदि प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी को नहीं बदला जाता है तो बाध्य होकर सभी भाजपाई कोई ठोस निर्णय लेने को बाध्य हो जायेंगे।

प्रेसवार्ता में बोलते हुए जिला उपाध्यक्ष राजीव राज तिवारी ने कहा कि हम सभी भाजपाई पार्टी के प्रति पिछले 35 वर्षों से समर्पित कार्यकर्ता के रूप में संगठन के विभिन्न पदों पर रह कर पार्टी को सींचने का काम किया। लेकिन जब से भाजपा में सत्येंद्र नाथ तिवारी की इंट्री हुई है, तब से वे पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का अपमान और तिरस्कार करते आये हैं।



भाजपा नेताओं ने कहा कि उन्होंने शुरू से गढ़वा विधानसभा चुनाव क्षेत्र से एक समर्पित पार्टी के कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाये जाने की मांग की थी, लेकिन पार्टी नेतृत्व ने उनकी मांग की अनदेखी करते हुए सत्येंद्र नाथ तिवारी को पुनः टिकट दे दिया, जिनका भाजपा-विरोधी व्यवहार रहा है। नेताओं का कहना था कि सत्येंद्र नाथ तिवारी ने हमेशा उनके मान-सम्मान पर चोट की है, जिससे उनका विश्वास टूट गया है। नेताओं ने यह भी चेतावनी दी कि यदि पार्टी नेतृत्व गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से सत्येंद्र नाथ तिवारी को बदलकर किसी अन्य समर्पित कार्यकर्ता को उम्मीदवार नहीं बनाता, तो वे 25 अक्टूबर को बड़ा कदम उठायेंगे। पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, प्रदेश कार्य समिति सदस्य भगत सिंह साहू, सांसद के जिला प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, अंजनी तिवारी, संजय ठाकुर, महेंद्र सिंह, चंदन जायसवाल, गौरी शंकर बिंद, रामेश्वर सिंह, गिरिंद्र पांडेय और राम शरीख चंद्रा सहित कई भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आदिवासी खरवार समाज के युवाओं ने किया मिथिलेश ठाकुर का समर्थन

### 300 से अधिक लोग झामुमो में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



मंत्री मिथिलेश को समर्थन करने पहुंचे आदिवासी युवा।

**गढ़वा।** विधानसभा चुनाव में आदिवासी खरवार समाज के युवाओं ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के मंत्री महागठबंधन के झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को अपना समर्थन दिया है। मंत्री श्री ठाकुर के समर्थन में मंगलवार को गढ़वा, रंका, चिनियां, रामकंडा, डंडा, मेराल आदि प्रखंडों के आदिवासी खरवार समाज के युवाओं ने श्री ठाकुर के आवास पर पहुंचकर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। खरवार समाज के सभी युवाओं ने तन, मन से लगकर मंत्री श्री ठाकुर को ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया।

पार्टी में शामिल होने वाले युवाओं ने कहा कि आदिवासी समाज को अन्य सभी राजनीतिक दलों ने सिर्फ वोट बैंक समझते हुए आज तक उपेक्षित रखा था। परंतु जब से राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है तब से आदिवासी समाज को पूरा मान, सम्मान और अधिकार मिल रहा है। इसमें मंत्री श्री ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका है। युवाओं ने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा में जो ऐतिहासिक विकास कार्य किया गया है साथ ही हर समाज के लोगों को मान सम्मान दिया है, उनके कार्यों से प्रभावित होकर हम सभी लोग झामुमो में शामिल हुए हैं। इस विधानसभा चुनाव में हर हाल में मंत्री मिथिलेश को जिताकर हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में सरकार बनवायेंगे।

# साइकिल पर सवार हो गये पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधान सभा क्षेत्र में परिवर्तन का नारा देकर निरंतर गढ़वा विधानसभा चुनाव मैं जन संपर्क अभियान में जुटे पूर्व मंत्री गिरनाथ सिंह ने अब समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया है। उन्होंने देर शाम गढ़वा शहर स्थित एक होटल में चुनावी कार्यक्रम के दौरान इसकी घोषणा की। विधान सभा चुनाव में वे अब समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लडेंगे।

# पत्रकार का धौंस दिखा मुखिया को परेशान कर रहे सहायक अध्यापक

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** भंडरिया प्रखंड के करचाली पंचायत के मुखिया मोनिका खलखो ने जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र सौंपकर सहायक अध्यापक हसनैन जावेद पर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। जिला शिक्षा अधीक्षक को सौंपे गये पत्र में मुखिया ने कहा है कि नव प्राथमिक विद्यालय चिरैयाटांड़ के सहायक अध्यापक हसनैन जावेद विद्यालय से अक्सर गायब रहते हैं। उन्होंने कहा कि वे आते भी हैं, तो हाजरी बनाकर गायब रहते हैं। उन्होंने कहा कि उनके



ओर से कहा जाता है कि पढ़ाने से उनका रोजी रोटी नहीं चलेगा। वहीं इसकी शिकायत होने पर कोई कार्रवाई नहीं होने की बात कही जाती है।

मुखिया ने आरोप लगाया है कि उक्त शिक्षक की ओर से हिंदुस्तान अखबार के पत्रकार का धौंस दिखाकर उपस्थिति में हस्ताक्षर का दबाव बनाते हैं, वहीं दूसरे लोगों के नाम पर योजना स्वीकृत करने का दबाव बनाते हैं। ऐसा नहीं करने पर उनकी ओर से पंचायत के विकास कार्यों में बाधा डालकर झूठी खबरें छापने की धमकी दी जाती है। उन्होंने कहा कि महिला मुखिया होने के नाते पत्रकार का धौंस दिखाकर उन्हें परेशान किया जा रहा है।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** भवनाथपुर पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में चमन सिंह नामक एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी भवनाथपुर बस्ती का रहने वाला है। यह जानकारी एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने मंगलवार को कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता के दौरान दी।

उन्होंने बताया कि गढ़वा पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल सोशल मीडिया पर अपलोड किये जा रहे पोस्ट पर पैनी नजर रखे हुये है। गिरफ्तार आरोपी चमन सिंह ने



सोशल मीडिया पर विवादास्पद पोस्ट कर उसे वायरल किया गया था। जिसके आलोक में विधि सम्मत कार्रवाई करते हुये भवनाथपुर थाना कांड संख्या 181/2024, धारा 299/196(1) भारतीय न्याय संख्या तथा धारा 67/67 (अ) आईटी एक्ट, 125 आरपी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया।

उन्होंने आम अवाम से सोशल मीडिया में सामाजिक विद्वेष, सांप्रदायिक तनाव या किसी प्रकार के आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करने की अपील की। उस मौके पर भवनाथपुर थाना के थाना प्रभारी रजनी रंजन मौजूद थे।

## पति ने भाजपा छोड़ी, तो गुस्सायी पत्नी ने कीटनाशक खाकर किया खुदकुशी का प्रयास

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। राजनीतिक दल बदलने से आक्रोशित खरौंधी थाना क्षेत्र के चंदना गांव निवासी मानिक सिंह की पत्नी अंजली देवी ने बीती रात्रि कीटनाशक दवा पीकर किया आत्महत्या का प्रयास। हालत खराब होता देख परिजनों के द्वारा उसे भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ. दिनेश सिंह के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटना के बारे में महिला के पति मानिक सिंह ने बताया कि मैं पहले विधायक भानु प्रताप शाही का समर्थक था, कुछ दिन पूर्व मैं पूर्व विधायक अनंत प्रताप के साथ झामुमो पार्टी में शामिल हो गया था, जिसको लेकर पत्नी काफी गुस्सा करने लगी और विवाद में आकर उसने घर में रखा कीटनाशक दवा खा गयी, जिससे गंभीर हो गयी।

## कांडी निवासी कांग्रेसी नेता झरी प्रसाद का निधन

कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कांडी गांव निवासी सह कांग्रेसी नेता 56 वर्षीय झरी प्रसाद का मौत इलाज के दौरान लखनऊ में मंगलवार को सुबह में चार बजे हो गया। उन्हें पिछले शनिवार को इलाज के लिए पीजीआई हॉस्पिटल लखनऊ में भर्ती किया गया था, जहां पर मंगलवार को मृत्यु हो गयी। वे मधुमेह और सांस रोग से ग्रसित थे। मृतक शुरू से कांग्रेसी नेता रहे हैं। वे प्रखंड क्षेत्र में लोगों के बीच काफी प्रचलित व्यक्ति रहे हैं। अचानक उनकी मौत से कांडी में शोक की लहर है। वे अपने पीछे पत्नी और तीन लड़की छोड़ गयं हैं। अभी भी दो लड़की की शादी करना बाकी है। समाचार लिखे जाने तक मृतक का पार्थिव शरीर पैतृक आवास नहीं पहुंचा था।



मृतक झरी प्रसाद का फाईल फोटो।

# चाल धंसने से तीन महिलाएं दबीं, एक की मौत







आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** थाना क्षेत्र के खोन्हर गांव की तीन महिला दीपावली की तैयारी को लेकर घर की लिपाई पुताई के लिए मोटंगवा मोड़ के समीप मिट्टी लेने गयी थी। महिलाओं ने मिट्टी कोड़ना ज्यों ही शुरू किया था, तभी चाल धस गया, जिससे तीन महिला दब गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रंभा देवी पति रूपनारायण गुप्ता, कलावती देवी पति मनोज साह,सरिता देवी पति जीतन साह मोटंगवा मोड़ के समीप मिट्टी लेने गयी थी। आसपास बकरी चरा रहे लोगों ने इस घटना की जानकारी दिया। यह घटना की जानकारी आसपास के गांवों में आग की तरह फैल गया। जानकारी प्राप्त होते ही मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने घटना स्थल पर पहुंच कर घायलों को अस्पताल भिजवाने में अहम भूमिका निभाया। पहले ग्रामीणों की मदद से मुखिया प्रतिनिधि ने तीनों महिला को मिट्टी से बाहर निकलवाया और निजी वाहन से प्राथमिक उपचार के लिए भवनाथपुर उप स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां अस्पताल में उपस्थित



चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। रास्ते में ही रंभा देवी की मौत हो गयी। खबर लिखे जाने तक कलावती देवी की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जबकि सरिता देवी को चोट आया है।

# चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न कोषांगों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** विधासभा आम चुनाव 2024 को लेकर समाहरणालय में बने विभिन्न कोषांगों का आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त शेखर जमुआर ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्य रूप से पर्सनल एवं कंप्यूटराइजेशन सेल, इलेक्टोरल सेल और एश्ट मैनेजमेंट सेल, ट्रेनिंग सेल, एमसीसी, एमसीएमसी, लॉ एंड ऑर्डर सेल, कंप्लेन मॉनिटरिंग सेल, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, स्वीप सेल, आईटी सेल, पोस्टल बैलट, इडीसी सेल, मीडिया और पब्लिसिटी सेल, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम और हॉटलाइन सेल, ऑब्जर्वर सेल, एमसीएमसी सेल, वेलफेयर सेल और डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन सेल आदि का निरीक्षण किया किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी



ने उक्त कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबधित कोषांगों के नोडल पदाधिकारी से कहा कि नोडल पदाधिकारी समेत सभी अधीनस्थ पदाधिकारियों/कर्मियों से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनिवार्य रूप से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी को सक्रिय भूमिका निभाते हुए निर्वाचन कार्य संपादित करायें।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न कोषांगो चल रहे निर्वाचन कार्यों, अन्य कार्यों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों और प्रतिनियुक्त कर्मियों को सक्रिय होकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनुपालन करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल के नोडल पदाधिकारी - सह-निदेशक डीआरडीए रविश राज सिंह और स्वीप सेल के नोडल पदाधिकारी -सह- जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# आपराधिक छवि वाले व्यक्तियों का हथियार का लाइसेंस करायेंगे रद्द : सत्येंद्रनाथ तिवारी

## सदर प्रखंड क्षेत्र के सात सौ से अधिक लोग झामुमो छोड़ भाजपा में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सोमवार की देर रात और मंगलवार को गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड के नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्ड और ग्रामीण इलाकों के सात सौ से अधिक लोगों ने झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हो गये। सभी को पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने अपने आवास सहित विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। मौके पूर्व विधायक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने गरीबों के हित में कई योजनाएं संचालित कर रही है, लेकिन हेमंत सरकार सभी योजनाओ कों भ्रष्ट्राचार की भेंट चढ़ा दी। जिसके कारण गरीबों को उसका लाभ नहीं मिल रहा है। जल जीवन मिशन योजना में पांच



हजार करोड़ से भी अधिक का घोटाला हुआ है। वहीं राशि के सहारे मंत्री चुनाव जीतने का सपना देख रहे है। उन्होंने कहा कि मंत्री पूरी तरह तुष्टिकरण की राजनीति कर कर रहे है। मंत्री ने अपने कार्यकाल के दौरान एक वर्ग विशेष के अपराधिक छवि वाले लोगों को पैरवी के बल पर राइफल और पिस्टल का लाइसेंस दिलाया है। आने वाला समय में अपराधिक छवि के व्यक्ति उक्त लाइसेंसी पिस्टल और राइफल का निर्दोष लोगों पर करेंगे। उन्होंने कहा कि गढ़वा सहित पूरे झारखंड में भाजपा और एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बन रही है। सरकार बनने के साथ ही अपराधिक छवि वाले व्यक्तियों का हथियार का लाइसेंस तत्काल रद्द कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि मंत्री ने गढ़वा को अपना जागिर समझ लिया है। व्यवसायी वर्ग पूरी तरह से डरे हुए है। शहर से लेकर गांव तक खुलेआम गरीबों और असहायों का जमीन लूटा जा रहा है। प्रखंड और अंचल कार्यालय लूट का अडा बन चुका है। भाजपा की सरकार बनने के साथ ही अपराधियों की जगह जेल में होगी। उन्होंने सभी लोगों से भाजपा के पक्ष में वोटिंग कर पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील की। भाजपा में शामिल होने वाले लोगों में प्रमुख रूप से कल्यापुर निवासी सूरज कुमार, प्रिंस कुमार, छोटू चंद्रवंशी, अमित कुमार, रौशन कुमार, राजा कुमार, चंद्रमणि चंद्रवंशी, आदित्या पासवान, श्याम पासवान, रसीद अंसारी, अरविंद कुमार चौबे, गढ़वा शहरी क्षेत्र के लव कांस्कार, लालबाबू कांस्कार, बबन कांस्कार सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

## कर्मियों को चुनाव से संबंधित नियुक्ति पत्र का वितरण

कांडी (आजाद सिपाही)। विधानसभा चुनाव सुचारू रूप से संचालित करवाने के लिए मंगलवार को कांडी प्रखंड के सरकारी शिक्षकों व सहायक अध्यापकों सहित कुल 272 कर्मियों को चुनाव संबंधित नियुक्ति पत्र का वितरण बीआरसी कांडी में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 272 कर्मियों में 40 कर्मियों को पीठासीन पदाधिकारी, 50 कर्मियों को प्रथम मतदान पदाधिकारी, 124 कर्मियों को द्वितीय मतदान पदाधिकारी व 58 कर्मियों को तृतीय मतदान पदाधिकारी से संबंधित नियुक्ति पत्र व फार्म 12 का वितरित किया गया। वितरित पत्र के अनुसार पीठासीन पदाधिकारी का प्रशिक्षण 23 अक्टूबर को, प्रथम मतदान पदाधिकारी का 24 अक्टूबर, द्वितीय मतदान पदाधिकारी का 25 अक्टूबर व तृतीय मतदान पदाधिकारी का 26 अक्टूबर को गोविंद हाई स्कूल गढ़वा में निर्धारित है। चुनाव संबंधित नियुक्ति पत्र वितरण में बीआरपी सुनिल कुमार, सीआरपी प्रभु राम, अरुण कुमार सोनी और आदेशपाल प्रदीप कुमार यादव शामिल थे।

# ऑक्सफोर्ड स्कूल में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम हुआ घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** ऑक्सफोर्ड स्कूल में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। मौके पर संगोष्ठी के माध्यम से विद्यार्थियों की शैक्षणिक व अन्य सृजनात्मक गतिविधियों में अभिभावकों की भूमिका को और अधिक बढ़ाने का प्रयास भी किया गया।



विद्यालय के अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित की गई और उत्तर पुस्तिकाओं को विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को दिखाया गया। संगोष्ठी के अंतर्गत शिक्षकों द्वारा अभिभावकों को बच्चों संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के बारे में बताया गया।

शिक्षकों ने बच्चों को शिक्षा में अहम योगदान के लिए अभिभावकों द्वारा सुसंगत दिनचर्या अपनाने, बच्चे के साथ संवाद करने और उनकी तत्परता बरतने को भी कहा गया। शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी एक ऐसा माध्यम है जो बच्चों की कमियों को दूर करके उनको विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए शिक्षक और अभिभावक दोनों का विचार विमर्श अत्यंत आवश्यक है। पीटीएम के दौरान परीक्षा में प्रथम व द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए बच्चों तथा उनके अविभावकों से विद्यालय में हो रही पढ़ाई का फिडबैंक लिया गया।

विद्यालय के निदेशक ने विद्यार्थियों को इस सफलता पर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अभिभावकों व शिक्षकों का मार्गदर्शन विद्यार्थी के भविष्य निर्माण में सबसे अधिक सहायक होता है। अभिभावकों से आग्रह किया गया कि वे घर पर अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए उचित माहौल प्रदान करें तथा विद्यार्थियों को शिक्षा व स्वस्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए प्रेरित करें।

### फुलबसिया रेलवे साइडिंग में कोयले की हेराफेरी

## एफआइआर दर्ज, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने बालूमाथ अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत संचालित मगध कोल परियोजना अंतर्गत फुलबसिया रेलवे साइडिंग में छापेमारी कर साइडिंग के कोयले में जला हुआ कोयला मिलावट कर बाहर भेजे जाने के मामले में ट्रांसपोर्टर आरकेटी, टाइकौन, पीएनएम, सैनिक जैसे ट्रांसपोर्टर समेत सीसीएल के कई अधिकारियों पर मामला दर्ज किया है। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी ट्रांसपोर्टर एवं सीसीएल के अधिकारियों पर कार्यवाही नही होना कई सवालों के घेरे में हैं।

आपको बता दें कि लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि लातेहार जिले के बारियातू थाना क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित फुलबसिया रेलवे साइडिंग में अवैध रूप से जला हुआ कोयला मिलाकर रैक (ट्रेन) में भेजा जा रहा है। सूचना के बाद तत्कालीन बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया था। जहां फूलबसिया रेलवे साइडिंग में पेलोडर के द्वारा रेलवे बोगी में कोयले के साथ जला हुआ कोयला को मिलाकर लोडिंग किया जा रहा था। जिसके बाद मौके पर से पेलोडर चालक शंकर भुइयां को गिरफ्तार किया गया। साथ ही पुलिस ने 120 टन जला हुआ कोयला एवं पेलोडर को जब्त कर मामला दर्ज किया है।

**क्या कहते है लातेहार के एसपी कुमार गौरव :** जब इस सम्बंध में लातेहार के एसपी कुमार गौरव से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है जांच रिपोर्ट आने के कार्रवाई की जायेगी।

## फरार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आर्म्स एक्ट मामला में फरार वांटेड आरोपी को सेन्हा पुलिस ने खूंटी न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष मंगलवार को प्रस्तुत किया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के चौकनी ग्राम निवासी स्वर्गीय प्रदीप भगत का पुत्र सोनू भगत उर्फ सूर्यदेव भगत आर्म्स एक्ट मामला में खूंटी जिला के कर्रा थाना कांड संख्या 32/13 में आर्म्स एक्ट के नामजद फरार वांटेड आरोपी है। जो लंबे समय से फरार चल रहा था। सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार के निर्देश पर एएसआइ अलबिना लकड़ा शस्त्र बल के सहयोग से फरार वांटेड आरोपी का चौकनी ग्राम स्थित घर से गिरफ्तार कर खूंटी न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

## राजकीयकृत मध्य विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों ने निकाली जागरूकता मौन रैली



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा राजकीय कृत मध्य विद्यालय चंदवा के शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा डिस्लेक्सिया पर आधारित जागरूकता मौन रैली निकाली गयी जो मिडिल स्कूल से निकल कर इंदिरा चौक होते हुए कुसुम टोली तक रैली गयी। बताते चलें की डिस्लेक्सिया एक प्रकार की बीमारी है जिसमें अक्षरों एवं वर्तनी की पहचान सही से नहीं हो पाती है, यह जागरूकता अभियान हर वर्ष अक्टूबर माह में मनाया जाता है, विद्यालय के बच्चों के द्वारा तख्ती में स्लोगन लिख कर इस जागरूकता अभियान का संदेश लोगों तक पहुंचाया गया। मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका राधिका कुमारी शिक्षक इम्तेयाज खान, विनोद राय, शिक्षिका रुक्मिणी, विजया लक्ष्मी, विभा कुमारी, फुलवंती कच्छप, सुनीता कुमारी, आश्रिता मिंज, आदि शामिल थे।

# हथियार और कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**छापामारी में पांच हथियार, 82 पीस जिंदा कारतूस और चार मैगजीन बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** विधानसभा चुनाव से पूर्व लोहरदगा पुलिस ने हथियार तस्करी से पूर्व दो अपराधियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में रांची के इटकी निवासी कुंदन गोप उर्फ लंगड़ा और चिरंजीव कृष्णा शामिल है। अपराधियों के पास से एक देशी निर्मित कट्टा, चार पिस्टल, चार अतिरिक्त मैगजीन, 7.65 एमएम का 80 पीस जिंदा कारतूस एवं दो पीस 08 एमएम का जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। इस संदर्भ में लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां ने पत्रकारों को बताया कि हथियार तस्करों के जमगाई रोड से होते हुए सप्लाई की सूचना मिली थी। जिसके बाद एसआइटी का गठन कर छापेमारी शुरू किया गया। पुलिस की टीम अपराधियों से हथियार खरीदने के नाम पर मुलाकात की और दोनो को रंगेहाथ धर दबोचा। बताया कि भंडरा थाना की पुलिस ने पंडरिया में आम बगान के पास से दोनों युवकों को रंगेहाथ पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने गिरोह के बाकि सदस्यों के नाम का भी खुलासा किया है। पुलिस जल्द उनलोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम करेगी। एसपी ने बताया कि घटना के अभियुक्त कुन्दन गोप उर्फ लंगड़ा का आपराधिक इतिहास रहा है। पत्रकार वार्ता के मौके पर डीएसपी समीर कुमार तिर्की, पुलिस निरीक्षक सच्चिदानंद साहू, पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर आजाद आदि अन्य मौजूद थे।

**छापेमारी टीम में ये अधिकारी थे शामिल**

छापामारी दल मे 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सहायक समादेष्टा तथा साथ आये सशस्त्र बल के जवान, पुनि चंद्रशेखर आजाद पुनि किस्को अंचल, पुअनि हर्षवर्द्धन कुमार सिंह थाना प्रभारी किस्को थाना, पुअनि अरविन्द सिंह थाना प्रभारी भण्डरा, पुअनि पप्पु कुमार भंडरा थाना, सअनि संतोष कुमार राय, राजू महतो, विपीन हजाम, बुधराम सिंह मुण्डा, निर्मल मार्शल मिंज, नीरज कुमार मिश्र, अशुतोष कुमार सिंह, सुधांशु शेख, विकास कुमार सिंह, अरविन्द्र कुमार सिंह शामिल हैं।

### लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया के सदर और सचिव ने लगाया आरोप

# पूर्व के ओहदेदारों ने भ्रामक और झूठे आरोप लगाकर अंजुमन इस्लामिया को बदनाम करने साजिश की

सत्यकाम



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा एवं सभी प्रखंड अंजुमन के सदर, सचिव ने मंगलवार को अंजुमन इस्लामिया के कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कहा कि, अंजुमन इस्लामिया के पूर्व के पदाधिकारी पिछले दिनों अपने निहित राजनीतिक स्वार्थ के लिए अंजुमन इस्लामिया को बदनाम करने की साजिश किया है। इसे मुस्लिम समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने कहा कि अंजुमन को बदनाम करने वाले पूर्व के पदाधिकारी मुस्लिम कोम के हितैषी नही हो सकते। कहा, पिछले दिनों झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर से अंजुमन का प्रतिनिधि भेंट कर पूरे राज्य में चार विधानसभा सीट में मुस्लिम प्रत्याशी देने की मांग किया था। लोहरदगा में स्थानीय व्यक्ति को टिकट देने की मांग किया था। इसके पीछे अंजुमन इस्लामिया की दूरदर्शी सोच थी। लोहरदगा के विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव अपने कार्यकाल के दौरान मुस्लिम समाज के उत्थान और विकास के लिए कोई ठोस काम कभी नहीं किया। आर्थिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने के लिए कभी गंभीरता नहीं दिखायी। इस हालत में विधायक के प्रति मुस्लिम समाज में आक्रोश है। इससे इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के विरुद्ध मुस्लिम समाज के मतों का बिखराव होने की प्रबल संभावना है। मतों के बिखराव को रोकने के लिए स्थानीय प्रत्याशी देने की मांग की गई थी। सचिव शाहिद अहमद बेलू ने कहा, अंजुमन इस्लामिया पूरी तरह सामाजिक संस्था है। बावजूद, मुस्लिम समाज के उत्थान और विकास के लिए परंपरागत तरीके से अलग निर्णय लेने का दस्तूर भी है। वर्तमान में काम की भलाई के लिए अंजुमन इस्लामिया समर्पित और दूरदर्शी होकर कार्य कर रहा है। इस कार्य में शहरी और देही अंजुमन इस्लामिया का पूरा सहयोग मिल रहा है। सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, अनवर अंसारी ने कहा, विगत पांच वर्षों में निवर्तमान विधायक के द्वारा मुस्लीम समाज के हित में आर्थिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं समाजिक उत्थान के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया। जिसके कारण लोगों में काफी नाराजगी है। विधानसभा चुनाव में वोट का विखराव होने का अंदेशा है। गौरतलब है कि लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया को पूरे जिला का हर अंजुमन मरकज के रूप में मानती है। चाहे वह देही हो या शहरी।

कहा गया कि, अंजुमन के पूर्व के ओहदेदारों को पहले अंजुमन इस्लामिया से संपर्क कर इस संदर्भ में सच्चाई जानना चाहिए था जल्दबाजी में मीडिया में जाकर अंजुमन इस्लामिया को बदनाम करने से परहेज करने चाहिए थी। कहा गया, लोहरदगा की आवाम सबकी हकीकत जानती है। मौके पर अंजुमन इस्लामिया ऑडिट कमिटी के चीफ कन्वेनर सलीम अंसारी बड़े, नारी-नवाडीह अंजुमन इस्लामिया के अदलिया के कुद्दुश अंसारी, भंडरा प्रखंड के सदर आफताब आलम, कैरो अंजुमन के सेक्रेटरी समीद अंसारी, कैरो अंजुमन सचिव शनाउल्लाह संसारी, भंडरा अंजुमन के अब्दुल रउफ खान, सेन्हा अंजुमन इस्लामिया के सदर मोख्तार अंसारी, सेक्रेटरी सलमान अंसारी, अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा अदलिया कन्वेनर प्रवेज सिद्दीकी, पूर्व सदर हाजी शउद आलम, कुडू अंजुमन इस्लामिया के सदर शमशेर खान, सरपरस्त जफर खान, मरकजी अंजुमन इस्लामिया के सदर सलीम आमीर, पूर्व सदर सफीक अंसारी, अंजुमन हॉस्पिटल कमिटी के फारूक कुरैशी, पिंटू मोबाइल, सफरूद्दीन खलीफा, महबूब अंसारी समेत बड़ी संख्या में लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया और प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के ओहदेदार मौजूद थे।

## निर्दलीय प्रत्याशी रमेश उरांव ने किया नामांकन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जय श्री राम समिति के संरक्षक, बिशनपुर के पूर्व भाजपा विधायक रमेश उरांव मंगलवार को समर्थकों के साथ लोहरदगा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पर्चा दाखिल किया। अनुमंडल पदाधिकारी सह रिटर्निंग अफसर के समक्ष नामांकन का दस्तावेज कार्य पूरा किया। इस दौरान मीडिया कर्मियों से निर्दलीय प्रत्याशी रमेश उरांव ने कहा कि, विधानसभा चुनाव लड़ने के पीछे उनकी सोच सरना और सनातन हितों की रक्षा करना है। बड़ी संख्या में लोहरदगा में बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमान की घुसपैठ हो रही है। इस पर नियंत्रण लगाना उनकी प्राथमिकता है। बस स्टैंड से निगनी गांव होते हुए गुमला रेलवे लाइन विस्तारीकरण योजना को जमीनी स्तर पर उतरा जाएगा। सरकारी भूमि में धर्म विशेष का कब्जा पर रोक लगाई जाएगी। आदिवासी भूमि की सुरक्षा के लिए ठोस पहल किया जाएगा। प्रत्याशी रमेश उरांव ने कहा, भाजपा अब पुरानी भाजपा नहीं रही।

## व्यवहार न्यायालय में चला हस्ताक्षर अभियान



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत के निमित्त गठित स्वीप कोषांग की ओर से मंगलवार को व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा में मतदाता जागरूकता हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष द्वारा सभी पदाधिकारी और कर्मियों को मतदाता शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में सभी को जानकारी दी गयी कि विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 की घोषणा निर्वाचन आयोग द्वारा कर दी गयी। सभी को मतदाता के रूप में अपना मतदान करना है। निर्वाचन आयोग द्वारा कई तरह के मोबाइल एप मतदाता सुविधा हेतु उपलब्ध कराये गये हैं। इसमें मुख्य रूप से वोटर्स हेल्पलाइन एप की मदद से फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना जोड़ने की आवेदन करने की सुविधा, अगर आपके पास मतदाता पहचान पत्र है तो एप के माध्यम से अपने बूथ की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा है। कार्यक्रम में एडीजे द्वितीय निरजा आसरी, सब जज द्वितीय अर्चना कुमारी, सीजेएम केके मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, अधिवक्तागण, स्वीप कोषांग को पदाधिकारी/ कर्मी, न्यायालय कर्मी और पीएलवी सदस्य उपस्थित थे।

## 'वोट करेगा लातेहार' कार्यक्रम आयोजित




**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत बरवाडीह में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रशासन ने शत -प्रतिशत मतदान कराने के लिए काफी प्रयासरत है। जिसके तहत मंगलवार को वोट करेगा लातेहार कार्यक्रम के तहत प्रखंड कार्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके लिए वोटरों को जागरूक कई दिनों से किया जा रहा है। सभी वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करें, कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें प्रेरित भी किया गया है। भयमुक्त वातावरण में वोटिंग करने के लिए भी तैयारी की जा रही है। ताकि ज्यादा से ज्यादा वोटर वोट देने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचे। बता दे कि पिछले चुनाव में 65 प्रतिशत ही वोटिंग हुई थी। इससे अधिक वोटिंग कराने के लिए कोई कमी नही छोड़ी जा रही है। मौके पर बीडीओ सह निवार्चन पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज अंचल निरीक्षक सुरेश राम प्रखण्ड कर्मी अंचल कर्मी, बीएलओ डीलर समेत कईं लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

**कोल्हान की खबरें**

# भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा ने गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका।** भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा ने मंगलवार को पोटका विधानसभा के विभिन्न गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। श्रीमती मुंडा ने कहा कि पोटका में इस बार परिवर्तन की लहर है। जनता कमीशनखोरी से परेशान हो रहे हैं। क्षेत्र के लोग आधारभूत सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने आसनबनी मंडल के बीरग्राम गांव में जनता से संवाद की। आप सभी का उत्साह देखकर मुझे पूर्ण विश्वास है कि पोटका में इस बार परिवर्तन होकर रहेगा। इसके बाद निमपुरा चौक में जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

आसनबनी मंडल के बोनगोरा, बांधडीह, दौरकासाई और भुरकाडीह में जनसंपर्क की। कुलडीहा राधारानी मैरेज हॉल में भाजपा की सांगठनिक बैठक में भाग लिया। इसके बाद अनीता मुर्मू (मुखिया, डोमजुरी) के घर गयी। घाघीडीह मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ नागाडीह में बैठक की। सोमय झोपड़ी में महिलाओं के साथ, हरहरगुटु शिव मंदिर, बुलटु झोपड़ी एवं टी आर एफ कॉलोनी में जनसंपर्क और बैठक कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# डीसी ने काशी साहू कॉलेज और वेयरहाउस का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी व एसपी ने काशी साहू कॉलेज और वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सरायकेला-खरसावां के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी रवि शंकर शुक्ला,एसपी मुकेश कुमार लूणायत व उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार शामिल रहे। मौके पर उन्होंने विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर डिस्पैच सेंटर व रिसिविंग सेंटर के लिए चिन्हित किये गए काशी साहू कॉलेज व वेयरहाउस में तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिए।इस अवसर पर परियोजना निदेशक आईटीडीएस आशीष कुमार अग्रवाल, निदेशक डीआरडीए अजय कुमार तिर्की, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला, अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल,जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित विभिन्न कोषांग के वरीय पदाधिकारी व संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एसएसपी ने सीमावर्ती चेकनाकों का किया निरीक्षण



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** एसएसपी किशोर कौशल ने जिले में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्र का निरीक्षण किया। मंगलवार को पटमदा, बोड़ाम व कमलपुर में अंतर्राज्यीय व सीमावर्ती चेकनाकों का औचक निरीक्षण के दौरान कई दिशा निर्देश दिए।इस अवसर पर ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग उपस्तित रहे।निरीक्षण के दौरान एसएसपी किशोर कौशल ने पुलिसकर्मियों को शराब की तस्करी रोकने,अवैध नकदी का जांच करने, मादक पदार्थों की खेप कपड़ने व अवैध हथियारों को जब्त करने का निर्देश दिया।

## अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त

**राजनगर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति के निर्देश पर विभाग ने अवैध बालू उठाओ के खिलाफ अभियान चलाया। मंगलवार को अभियान के दौरान खनन विभाग की टीम ने राजनगर के कालाबेरिया टेंटोपोसी मार्ग में एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। साथ ही नदी से निकलने वाले चार ढोंगी नाव को नष्ट कर दिया। वही विभाग की कारवाई से बचने के लिए वाहन चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार होगया। उधर विभाग के कारवाई की जानकारी मिलते ही बालू माफियाओ में हड़कम मच गया।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण


आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में विधानसभा चुनाव 2024 को सुचारू संपादन के लिए बने जिला कंट्रोल रूम व सी-विजिल कंट्रोल रूम का जिला निर्वाचन पदाधिकारी अन्नय मित्तल ने निरीक्षण किया।मंगलवार को निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रतिनियुक्त कर्मियों से कार्यप्रणाली की जानकारी ली। साथ ही 24७7 एक्टिव रहते हुए आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिये। साथ ही चेकनाका के माध्यम से वाहनों के सघन जांच, वेबकास्टिंग से मॉनिटरिंग पर बल देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा चुनाव को प्रभावित करने के लिए किसी भी प्रकार से अवैध शराब, ड्रग्स, नगदी, उपहार की वस्तु का अवैध परिवहन नहीं हो, असामाजिक तत्व जिला में प्रवेश न करें, इसे सुनिश्चित कराने व जिला कंट्रोल रूम से निरंतर मॉनिटरिंग करने की बात कही। साथ ही निगरानी के क्रम में जप्त सामग्रियों का एप के माध्यम से इंट्री करने व सभी संबंधित विभाग से समन्वय बनाकर उचित कार्रवाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अन्नय मित्तल ने कहा सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों का 100 मिनट के निष्पादन किया जाना है। सी-विजिल कंट्रोल रूम के माध्यम से आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन के शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करायें।आम लोगो का शिकायत दर्ज पर रिटर्निंग ऑफिसर,नजदीक के उड़नदस्ता टीम को शिकायत स्थल पर भेजते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। सी-विजिल एप में धनराशि, गिफ्ट कूपन, शराब, पैसा बांटने के लिए कूपन का वितरण, महिलाओं को साड़ी बांटने सहित अन्य प्रलोभन देने की शिकायत की जा सकती है। बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक व उन्मादी भाषणबाजी देकर मतदाताओं को लुभाने या डराने की भी शिकायतें की जा सकती हैं।

## रामदास सोरेन का नामांकन आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टी के प्रत्याशियों के लिए नामांकन का दौर जारी है। वही महागठबंधन और एनडीए के साथ निर्दलीय प्रत्यासी भी नामांकन की तैयारी में जुट गये है। पूर्वी सिंहभूम जिले में बीते दिनों झामुमो से पोटका विधायक संजीव सरदार और जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी का नामांकन के बाद अब घाटशिला विधायक सह राज्य के मंत्री रामदास सोरेन बुधवार को नामांकन करेंगे। रामदास सोरेन घाटशिला विधानसभा सीट से कई बार विधायक रहे। रामदास सोरेन 2024 में झारखंड विधानसभा में मंत्री बने। बुधवार को झामुमो विधायक सह मंत्री रामदास सोरेन का नामांकन से पूर्व घाटशिला के दाहिगोडा सर्कस मैदान में 11 बजे से विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित जनसभा में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। मंत्री रामदास सोरेन ने घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों से सभा मे शामिल होकर आशीर्वाद देने के लिए आग्रह किया। सभा मे हजारों हजार ग्रामीणों से आशीर्वाद लेने के बाद मंत्री रामदास सोरेन घाटशिला अनुमंडल कार्यालय में नामांकन करेंगे।

## भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू 24 को करेंगी नामांकन

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू आगामी 24 अक्तूबर को सुबह 10 बजे नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। नामांकन के दौरान जमशेदपुर पुर्वी विधानसभा के विभिन्न मंडलों से हजारों भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित होंगे। जुलूस के रूप में उपायुक्त कार्यालय पहुंच कर पूर्णिमा साहू औपचारिक रूप से अपना नामांकन दाखिल करेंगी। नामांकन के दौरान सीतारामडेरा और बारीडीह मंडल के कार्यकर्ता भालूबासा हरिजन स्कूल के मैदान में व टेल्को, बिरसानगर, बर्मामाइंस, गोलमुरी और साकची के हजारों युवा एवं महिला कार्यकर्ता साकची स्थित नेताजी सुभाष मैदान आमबगान में एकत्रित होंगे। वहां से विशाल जुलूस के रूप में उपायुक्त कार्यालय तक पहुँचने के बाद, भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू अपना नामांकन दाखिल करेंगी। इससे पहले, पूर्णिमा साहू भालूबासा स्थित शीतला माता मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर अभियान की शुरूआत करेंगे।नामांकन सभा व जुलूस की व्यापक सफलता एवं चुनावी रणनीति बनाने के उद्देश्य से भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में प्रत्याशी पूर्णिमा दास के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिले के वरीय नेताओं, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री व पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान नामांकन सभा एवं चुनावी अभियान को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया।

# सदर अस्पताल से फरार नाबालिग कैदी पकड़ाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला से मंगलवार की सुबह करीब 5:00 बजे सिमडेगा जिला के कुरडेग निवासी बाल कैदी बाथरूम के वेंटिलेटर से निकल कर फरार हो गया। सूचना पर रिमांड होम के इंचार्ज अविनाश गिरी सहित अन्य लोग सदर अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। वहीं रिमांड होम के मेडिकल इंचार्ज प्रदीप कुमार ने बताया कि 20 अक्टूबर को चोरी के एक मामले में नाबालिग को रिमांड होम लाया गया था। उसी दिन शाम को कुछ लड़कों के साथ उसकी मारपीट हो गई। घटना में 10 से 12 लड़कों ने मिलकर उसकी बेरहमी से उसकी पिटाई की। जिससे उसके शरीर के अंदरूनी हिस्से में काफी चोट लगी थी। जिसके बाद उसे सदर अस्पताल में भर्ती किया गया था। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान ही बाल कैदी ने सोचा ठीक होने के बाद फिर मुझे रिमांड होम ले जाया जाएगा। जहां मेरे साथ फिर मारपीट की जाएगी। इसी डर को वजह से वह खिड़की से निकलकर फरार हो गया। इसके बाद वह एक बस में बैठ गया और सिमडेगा की ओर जाने लगा इधर घटना की सूचना पर पालकोट थाना की पुलिस पालकोट की ओर आ रहे वाहनों की जांच शुरू की। इसी क्रम में एक बस में सबसे पीछे सीट में उसे बैठा पाया। पालकोट थाना की पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे अस्पताल लाया गया और कागजी कार्रवाई के बाद मंगलवार की शाम बाल सुधार गृह ले जाया गया। बाल कैदी ने बताया रिमांड होम पहुंचने के बाद मुझे 10 से 12 लड़के रैगिंग करने लगे। इस बीच मेरे साथ मारपीट भी किया। उसने बताया जितने भी नए लड़के अंदर जाते हैं। उनके साथ रैगिंग और मारपीट की जाती है।

## मुख्य पथ पर ऑटो खड़ा रहने से ग्रामीण परेशान



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पोकलागेट में रविवार और गुरुवार को लगाने वाली साप्ताहिक बाजार के दिन मुख्य पथ पर ऑटो चालकों के द्वारा यत्र-तत्र ऑटो खड़ा कर दिये जाने से आम ग्रामीण काफी परेशान रहते हैं। वहीं अक्सर दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। ग्रामीणो ने बताया कि मुख्य पथ पर ऑटो के खड़ा रहने के कारण मुख्य पथ चलनेवाली अन्य छोटी-बड़ी वाहनों को भी बाजार के पास पार करने मे काफी दिक्कत होती है। वहीं पैदल चलनेवाले राहगीर भी अक्सर वाहनों के चपेट आने से बाल-बाल बच जाते हैं। ग्रामीणो ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से मांग कि है कि पोकलागेट मे साप्ताहिक बाजार के दिन मुख्य पथ पर से ऑटो का ठहराव अथवा पड़ाव को हटाया जाये। यदि कच रहते ऑटो का पड़ाव मुख्य पथ से नहीं हटाया गया तो कभी भी बड़ी सड़क दुर्घटना घट सकती है।

## बीडीओ ने बीएलओ के साथ की बैठक



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** पुस्तकालय भवन में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठक ने विधान सभा चुनाव को लेकर बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक में विधानसभा चुनाव को देखते हुए बीएलओ को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि वैसे युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष हो चुकी है और मतदाता सूची मे नाम नहीं है। वैसे युवाओं को चिंहित कर उन्हें फॉर्म भरकर मतदाता सूची में नाम जोड़ा जाये। साथ ही बीएलओ को 85 प्लस वोटर, दिव्यांग वोटर, लो वोटर टर्नआउट आदि की समीक्षा किया। साथ ही बैठक में उपस्थित सभी बीएलओ पर्यवेक्षक और बीएलओ को विधानसभा चुनाव संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कार्य में तेजी जाने के लिए निर्देश दिया। इसके अलावा जो प्रवासी मजदूर पूजा की छुट्टी में अपने घर आये हुए हैं और उनका नाम वोटर लिस्ट मे नाम नहीं है, वैसे लोगो को नाम मतदाता सूची मे चढ़ाने के लिये फॉर्म भरकर जमा करें। वहीं बैठक मे सभी मतदान केंद्रों की पानी, बिजली, शौचालय सहित अन्य सुविधाओं की यथास्थिति को लेकर समीक्षा की गई और जल्द सुविधा उपलब्ध कराये जाने को लेकर चर्चा की गयी। इस बैठक मे मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी चैनपुर यादव बैठा, अंचलाधिकारी दिनेश कुमार गुप्ता, महिला पर्यवेक्षिका अंजली वर्मा एवं जारी प्रखंड और चैनपुर क्षेत्र के सभी बीएलओ सेविका मौजूद थी।

## महुआ शराब के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर में मंगलवार को अवैध महुआ शराब के खिलाफ पुलिस और आबकारी विभाग के द्वारा कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थान पर छापेमारी की। जिससे अवैध महुआ शराब कारोबारी में हर काम मच गया। सुबह 7:00 के करीब आबकारी विभाग ने चैनपुर के पीपल चौक स्थित एक घर में छापामारी कर महुआ शराब जप्त करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया। वहीं थाना क्षेत्र के रामपुर में भी एक घर में छापामारी की गयी। इधर चैनपुर पुलिस ने भी अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए थाना क्षेत्र के आनंदपुर बस्ती के तीन से चार घरों में छापामारी कर महुआ शराब और भारी मात्रा में महुआ जावा जब्त कर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया, साथ ही शराब बनाने वाले उपकरणों को भी नष्ट कर दिया। पुलिस ने कड़ी चेतावनी के बाद अवैध महुआ शराब कारोबारी को छोड़ दिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष कुंदन चौधरी ने कहा कि किसी भी स्थिति में अवैध रूप से शराब की बिक्री नहीं होने दी जायेगी। यदि कोई ऐसा करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलती रहेगी।

## युवक ने लगायी फांसी

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सुरसांग थाना क्षेत्र के तुलमुंगा डुंबरटोली गांव में एक युवक गुलशन टोप्पो पिता नीलम टोप्पो ने फांसी लगाकर अपने घर में आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार रात में मृतक अपने कमरे में जाकर घर के छत के सहारे फांसी लगा लिया था घटना की जानकारी सुबह में सुरसांग पुलिस को मिली और शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

## 10 केंद्रों पर शाम 4 बजे तक होगा मतदान : बीडीओ

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के 10 मतदान केंद्र में विधानसभा चुनाव के मध्य नजर प्रातः 7 बजे से 4 बजे शाम तक मतदान होगी। जबकि अन्य 102 मतदान केंद्र में प्रातः 7 बजे से 5 बजे शाम तक मतदान करायी जायेगी। इस आशय की जानकारी घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने देते हुए बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 13 नवंबर को घाघरा प्रखंड के 112 मतदान केंद्र में 10 मतदान केंद्र संख्या 219 शिवसेरेंग, 221 रूकी, 222 लवादाग, 223 सेहल, 224 चतमदाग, 225 बरांग, 226 गोरियादीह, 227 तुरियाडीह, 228 तुर्जो सेमेटोली और 229 नवनी मतदान केंद्र में प्रातः 7:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक मतदान होगी। जबकि अन्य 102 मतदान केंद्र में प्रातः 7 बजे से 5 बजे तक मतदान करायी जायेगी।

# गुमला में गरमाया सियासी माहौल

गुमला (आजाद सिपाही)। जिले की तीन विधानसभा सीटों, गुमला, सिसई और बिशुनपुर में नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख नजदीक आने के साथ ही राजनीतिक माहौल गरमा गया है। भाजपा ने जहां जिले की तीनों विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, वहीं इंडी गठबंधन की तरफ से अब तक प्रत्याशी घोषित नहीं होने से असमंजस की स्थिति बनी हुई है। जिले की इन तीनों सीटों पर अभी झामुमो का कब्जा है और इस बार भी उसके प्रत्याशी ही मैदान में रहेंगे, ऐसी संभावना है। उधर संभावित प्रत्याशियों द्वारा पर्चा खरीदने और राजनीतिक समीकरणों को साधने की कवायद भी चल रही है।

## कांग्रेस के दो नेताओं ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में खरीदा पर्चा





आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला के सभी तीन विधानसभा सीट गुमला, बिशुनपुर और सिसई वर्तमान में गठबंधन के तहत झामुमो की झोली में है। इसमें दो विधानसभा क्षेत्र सिसई और बिशुनपुर से लगातार नए चेहरे की मांग उठ रही थी। झामुमो ने अब तक टिकट क्लियर नहीं किया है। लेकिन पुनः तीनों सीट पर झामुमो सभी तीन पुराने चेहरे पर ही दांव लगा रही है। ऐसे संकेत खुद गठबंधन के नेताओं ने दिये है। मंगलवार को बिशुनपुर और सिसई विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के दो कद्दावर नेताओं ने गठबंधन से बगावत करते हुए निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन परिचय खरीदा है। बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिवकुमार भगत और सिसई विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रदेश सचिव रोशन बरवा ने नामांकन पत्र खरीदा।

सिसई के विधायक जिग्गा सुसारन होरो और बिशुनपुर के विधायक चमरा लिंडा पर गठबंधन के नेताओं ने काम नहीं करने और जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है।

बिशुनपुर के वर्तमान विधायक चमरा लिंडा ने लोकसभा चुनाव में गठबंधन से बगावत करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ा था। जिसे पार्टी ने 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया था लेकिन इस बार पुनः झामुमो में शामिल करते हुए टिकट देने की आशंका है। जिसे लेकर गठबंधन में रोष देखा जा रहा है और कांग्रेस के कद्दावर नेता शिवकुमार भगत ने बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से नामांकन हेतु पर्चा लिया है।

## भाजपा के युवा नेता मिसिर कुजूर गुमला विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला विधानसभा से जनता और सामाजिक मांग का सम्मान करते हुए भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता मिसिर कुजूर ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।

ग्राम सुवरगुड़ा (कुम्हरीया) में सर्व समाज के जनप्रतिनिधियों द्वारा आयोजित बैठक में सर्वसमाज के नेताओं के द्वारा भाजपा के नीति का विरोध किया गया और मिसिर कुजूर को बैठक स्थल पर बुलाकर सभी का राय और निर्णय को बतलाया गया। जिसके बाद एक स्वर में साथ मिलकर चुनाव लड़ाने और विजयी बनाने का संकल्प लिया गया।

बैठक को विभिन्न सामाजिक नेताओं ने संबोधित किया और सभी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने जानता के नेता, समाज के नेता और एक-एक घर का बेटा मिसिर को किनार कर के कुछ व्यक्ति विशेष के नेता और धनबल के दम पर किसी और प्रत्याशी को टिकट दिया है। जिसका सभी कोई विरोध करते है और सभी मिलकर संकल्प के साथ पूरे दम खम के साथ चुनाव लड़ कर मिसिर कुजूर को विधायक बनाने का संकल्प लेते है।

वही सभी प्रबुद्धजनों और सामाजिक लोगो को बात को स्वीकार करते हुए मिसिर कुजूर ने चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।

बैठक में मुख्य रूप से चुइयां कुजूर, पतराज टोप्पो, लंकेश बाराइक, रोशन मिंज, सकलदीप सिंह, बिनोद बिहारी मिंज, बिद्दू उराव, अनूप बड़ा, रुक्मणी देवी, अष्टमी देवी, सीताराम मिंज, विकास साहू, नेल्सन भगत, नरेश उराव, मदन सिंह, योगेश खड़िया, दीपक कुजूर, अवध साहू, ममता सोरेन, भरत साहू, दीपांकर साहू, मारथा एक्का, बालमोहन साहू सहित सैकड़ो की संख्या में सामाजिक नेता उपस्थित थे।

### झामुमो प्रखंड कमिटी ने कुदरा गांव में की बैठक, कहा

## सिसई विधायक के खिलाफ हो रही साजिश

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** झामुमो प्रखंड कमिटी सिसई के द्वारा मंगलवार को कुदरा गांव में बैठक कर प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में हमारे महागठबंधन में कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक गीताश्री उरांव, सिसई प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी, प्रदेश सचिव रोशन बरवा और जिला उपाध्यक्ष आजाद अंसारी के द्वारा जगह जगह बैठक कर सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो के विरुद्ध कई तरह का षड्यंत्र रचकर चुनावी माहौल बिगाड़ने का काम कर रहे है। और गठबंधन धर्म का पालन नहीं किया है। जिस पर झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस के वरीय कार्यकर्ता और पदाधिकारियों से मांग करते हैं कि इस तरह का गलत अफवाह फैलाने वाले सभी कार्यकर्ताओं के विरुद्ध कड़ी उचित कार्रवाई करें।

उन्होंने कहा कि महागठबंधन के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को मालूम है कि जिस तरह से लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में हम झामुमो के सभी कार्यकर्ता दिन रात एक कर क्षेत्र में दौरा करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी को जीता कर झामुमो गठबंधन धर्म का पालन किया है, कांग्रेस भी गठबंधन धर्म का पालन करें। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र में प्रत्याशी मांगने का अधिकार है, किंतु गठबंधन में साथ रहकर दूसरे दल के लोकप्रिय और वर्तमान विधायक एवं झामुमो कार्यकर्ताओं पर बेतुका बयानबाजी करना अनुचित है। कांग्रेस पार्टी से हमारी मांग है की ऐसे नेताओं के बयान का खंडन करे और गठबंधन नियम का पालन नही करने पर इनके ऊपर कार्रवाई करें।

मौके पर जिला उपाध्यक्ष शशिकांत साहु, उमर फारूक अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष रवि उरांव, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, सचिव छक्कन लाल राय, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष विजय लक्ष्मी कुमारी, निरंजन लकड़ा, गौरीनाथ भगत, वासुदेव उरांव, दुर्गेश्वर तिर्की, पुरुषोतम भगत सहित कई झामुमो कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

## 13 ने खरीदा नामांकन पर्चा




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के लिए मंगलवार को कुल 13 नामांकन प्रपत्र की बिक्री हुई। जिसमें बिशुनपुर विधान सभा क्षेत्र के लिए 04, गुमला विधान सभा क्षेत्र के लिए 04 फॉर्म और सिसई विधान सभा क्षेत्र के लिए 05 फॉर्म की बिक्री हुई है। बिशुनपुर से राष्ट्रीय देशज पार्टी से विश्वनाथ तिर्की, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा से यशोदा देवी, निर्दलीय शिव कुमार भगत और तेंबू उरांव ने पर्चा खरीदा है। वहीं गुमला विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक सह झामुमो प्रत्याशी भूषण तिर्की ने पर्चा खरीदा। वही भारत आदिवासी पार्टी से मरियानुस तिग्गा, निर्दलीय उम्मीदवारों में, सुधि राम, प्रदीप उरांव ने नामांकन प्रपत्र खरीदे। मंगलवार को भी किसी उम्मीदवार ने नामांकन प्रपत्र दाखिल नहीं किया। सूचना है कि बुधवार को भाजपा के प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

## वक्फ बिल मुस्लिम पर्सनल लॉ के खिलाफ

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** मुफ्ती अब्दुल अहद कासमी काजी शरीयत दारूल कजा इमारत शरिया मदरसा फैज उल रशीद सिसई के नेतृत्व में मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल गुमला डीसी कर्ण सत्यार्थी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में संविधान के आलोक में वक्फ बिल के नुकसान और खतरों को स्पष्ट रूप से वर्णित किया गया है, प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए मुफ्ती अब्दुल अहद कासमी काजी शरीयत ने गुमला के जिला मजिस्ट्रेट को स्पष्ट किया कि यह बिल असंवैधानिक है, यह मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों के खिलाफ है, यह बिल मुस्लिमों के इबादतगाहों, धार्मिक स्थलों और इबादत से जुड़ी हर चीज को असुरक्षित बना देगा, जिससे भारत के मुसलमान बर्दाश्त नहीं कर सकते और यह भी कहा कि यह बिल मुस्लिम पर्सनल लॉ के खिलाफ है। इसलिए जेपीसी को किसी भी परिस्थिति में इस विधेयक को पारित नहीं करना चाहिए और भारत सरकार को इसे फौरी तौर पर वापस लेना चाहिए। मौलाना मतिउर रहमान साहब ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक का मकसद वक्फ व्यवस्था को कमजोर करना और धार्मिक अधिकारों को खत्म करना है। जिससे पूरे मुस्लिम समाज में भारी बेचैनी है। सामाजिक कार्यकर्ता हाजी मुबीनुद्दीन ने डीसी को इस बिल से मुसलमानों को होनेवाले नुकसान की जानकारी दी।

## बिरसा मुंडा एग्रो पार्क को निजी हाथों से मुक्त करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन की अध्यक्ष देवकी देवी ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर बिरसा मुंडा एग्रो पार्क को निजी हाथों से मुक्त करने की मांग की है। देवकी देवी ने उपायुक्त को दिये आवेदन में कहा कि गुमला का बिरसा मुंडा पार्क जहां गुमला शहर सहित कई प्रखंडों से ग्रामीण स्कूली बच्चे और परिवार के लोग घूमने और समय बिताने जाते हैं। वहां लोगों को सुविधा और मनोरंजन के नाम पर सही व्यवस्था नहीं है। जिससे लोग अपने आप को ठगा महसूस करते हैं। पार्क में घुसते ही वहां एक बोर्ड लगा है जिसमें लिखा है कि परिवार और बच्चों के अलावा अन्य के प्रवेश पर मनाही है। लेकिन पार्क के अंदर जोड़ों को अक्सर अश्लील हरकतों में देखा जाता है। परिवार और बच्चे पार्क घूमने जाते हैं ऐसी स्थिति में उन पर गलत संदेश जाता है। पार्क में सुरक्षा गार्ड भी नहीं घूमते जो अश्लील हरकत करने वाले जोड़ों पर नजर रख सके। पार्क में बच्चों के मनोरंजन के कई उपकरण टूटे पाये गये। निजी हाथों में आने के बाद पार्क में अव्यवस्था दिख रही है। पार्क में आकर्षण का केंद्र वाटर फाउंडेशन म्यूजिक वा लेकिन वह भी बंद है जहां पेड़ उगे हैं। देवकी देवी ने उपायुक्त से मांग की है कि पार्क को प्रशासनिक हाथों में लेते हुए पार्क का सौंदर्यकरण और सुविधा बहाल किया जाये।

## सिसई में फाइलेरिया नाइट ब्लड सर्वे का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रखंड के पिलखी मोड़ स्थित भुपेंद्र बड़ाइक के घर के समीप फाइलेरिया नाइट ब्लड सैंपल सर्वे का शुभारंभ राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ विरेन्द्र सिंह व पंचायत के मुखिया शोभा देवी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। नाइट ब्लड सर्वे के दौरान फाइलेरिया रोग की पहचान के लिए कुल 95 लोगों को रक्त स्लाइड का संग्रह किया गया। शिविर में आये लोगों को संबोधित करते हुए डॉ विरेंद्र सिंह ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत राज्य भर के सभी लोग को फाइलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नाइट ब्लड सैंपल सर्वे किया जा रहा है। इस सर्वे के तहत फाइलेरिया से ग्रसित मरीजों की पहचान की जा रही है। रोग से ग्रसित मरीजों की खोज के लिये रात्रि के समय व्यक्ति के खून के नमूने एकत्रित किये जा रहे हैं। खून जांच में फाइलेरिया पॉजिटिव पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग उन्हें निःशुल्क दवा और इलाज करायेगा। उन्होंने बताया कि इस सर्वे में प्रत्येक ब्लॉक से 300 ब्लड स्लाइड तैयार करना का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जगह जगह पर शिविर लगाकर लोगों से ब्लड सैमसंग किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने आमजनों से अपील कि स्वास्थ्य विभाग के इस कार्य में आमजन को कोई परेशानी न हो इसके लिए टीम का उचित सहयोग करें क्योंकि यह कार्य समुदाय को स्वास्थ्य रखने के उद्देश्य से ही किया जा रहा है।

मौके पर एमपीडब्ल्यू सुनिल कुमार, रौशन लकड़ा, निर्मल जुनुस कुजूर, सहिया मनु देवी, मीना देवी व पीरामल फाउंडेशन के प्रमोद कुमार जायसवाल एवं सोनम शर्मा ने इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## बीडीओ और थाना प्रभारी ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर घाघरा प्रखंड के कई मतदान केंद्र का बीडीओ दिनेश कुमार और थाना प्रभारी तरुण कुमार ने निरीक्षण किया। इस क्रम में बेलागड़ा, दोदांग, मतदान केंद्र पहुंचे जहां मूलभूत सुविधा शौचालय, भवन, पानी, फर्नीचर, रैंप, बिजली को देखा और कई आवश्यक दिशा निर्देश शिक्षक को दी। इसके साथ ही टोटाम्बी स्कूल और आईटीआइ भवन का भी निरीक्षण किया। ताकि पुलिस कर्मी ठहर सकें। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा की मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधा को देखने को लेकर निरीक्षण किया गया है ताकि मतदान कर्मी और मतदाताओं को किसी भी तरह का परेशानी का सामना ना करना पड़े। मौके पर कई कर्मी शिक्षक उपस्थित थे।

### ओबीसी एकता अधिकार मंच ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर लगाया आरोप

# सड़क दुर्घटना की आड़ में ब्रह्मदेव प्रसाद की हत्या की रची गयी थी साजिश : गोरखनाथ

**ब्रह्मदेव प्रसाद 25 अक्टूबर को दाखिल करेंगे अपना नामांकन**

आजाद सिपाही संवाददाता


संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय सचिव गोरखनाथ चौधरी व अन्य।

**विश्रामपुर/पलामू।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय सचिव गोरखनाथ चौधरी ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन कर आरोप लगाया कि सड़क दुर्घटना की आड़ में संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद की हत्या की साजिश रची गई थी। पर भगवान के आशीर्वाद और जनता के स्नेह से वह बच गए। हालांकि इस घटना में संगठन के एक साथी की जान भी चली गई थी। विश्रामपुर स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातें करते हुए गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि साजिशन हत्या का मामला भी बिहार के गया थाना में दर्ज कराया गया है। पुलिस जांच में लगी हुई है। विदित हो कि पिछले दिनों सड़क हादसे में ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जबकि उनके गाड़ी में सवार एक व्यक्ति की मौत भी हो गई थी। गोरखनाथ चौधरी चौधरी ने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र की सेवा करने के लिए ब्रह्मदेव प्रसाद विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। 25 अक्तूबर को वे अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि नामांकन रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर ब्रह्मदेव प्रसाद को मजबूती प्रदान करें। मौके पर प्रदीप कुमार, सुरेंद्र भारती व असगर अंसारी आदि मौजूद थे।

## पलामू एसपी ने किया चेक पोस्टों का निरीक्षण, दिये कई दिशा-निर्देश



**मेदिनीनगर/हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने सोमवार की देर रात को बिहार-झारखंड इंटर स्टेट बॉर्डर के प्रमुख चेक पोस्टों का निरीक्षण किया। इस दौरान पलामू एसपी ने हुसैनाबाद, दंगवार, देवरी और पथरा चेक पोस्ट की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी चेक पोस्टों पर मौजूद रजिस्टरों की जांच की और यह सुनिश्चित किया कि चुनाव के दौरान हर प्रकार की गतिविधि का सही से रिकॉर्ड रखा जा रहा है। उन्होंने चेक पोस्ट पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और चुनाव के दौरान विशेष सतर्कता बरतने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी वाहनों की बारिकी से जांच और प्रत्येक व्यक्ति की पूरी जानकारी दर्ज करने का निर्देश दिया। उन्होंने रात में ही सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती और रात में विशेष गश्त को बढ़ाने व चुनाव के दौरान चुनाव आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा। एसपी ने कहा कि विधानसभा चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। चेक पोस्टों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और किसी भी अवैध गतिविधि को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे चुनाव के दौरान शांति बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## एमकेडीएवी के छात्रों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मिला सांत्वना पुरस्कार




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भारत विकास परिषद झारखंड की ओर से राज्य स्तरीय देश भक्ति समूह गान ( हिंदी-संस्कृत) प्रतियोगिता, रांची के नामकुम स्थित सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित की गई थी। इसमें राज्य के विभिन्न विद्यालयों से कई छात्रों ने भाग लिया। एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के आठ छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। विजेता छात्रों को मंगलवार को विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जीएन खान ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी उपलब्धि है। प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने से छात्रों का चहूमुखी विकास होता है। भारत विकास परिषद भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता आधारित प्रतियोगिताओं के माध्यम से नैतिक मूल्यों को विकसित करने का सराहनीय कार्य कर रहा है। हमारे छात्र संस्कृत भाषा में गायन कर अपने संस्कार और संगीत प्रतिभा का परिचय दिए । मैं उन्हें बधाई एवं शुभकामना देता हूं। इस प्रतियोगिता के झारखंड सरकार के रिटायर्ड आयुक्त जटाशंकर चौधरी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं, निर्णायक मंडली में आकाशवाणी व दूरदर्शन केंद्र रांची के संगीत विशेषज्ञ व अधिकारी वृन्द थे। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राएं आर्यम सृष्टि, सोनी प्रिया दुबे, रितिका पाठक, रुचिता पाठक, आराध्या पाठक, खुशी कुमारी, प्रिया एवं अदिति कुमारी ने प्रतिभाग किया। उनके साथ विद्यालय के संगीत शिक्षक नीरज कुमार सिंहा, अनंत पाठक एवं अनुश्री चक्रवर्ती भी रांची गई थी।

## राजद के वरिष्ठ नेता कमलेश यादव हुए सपा में शामिल, 25 को करेंगें नामांकन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** राजद में 25 वर्षों के संघर्ष के बाद टिकट की उम्मीद खत्म होते ही कमलेश कुमार यादव अब हुसैनाबाद विस क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने 25 अक्टूबर को नामांकन पत्र दाखिल करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसकी जानकारी मंगलवार को कमलेश यादव ने बेलौदार मोड़ मेन रोड स्थित अपने आवास पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज हुसैनाबाद क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और लोगों की सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक अधिकारों की रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी का दामन थामते हुए चुनावी मैदान में डट गए हैं। इसमें हजारों समर्थकों और आम मतदाताओं का समर्थन प्राप्त है। सपा नेता कमलेश ने क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और समर्थकों से 25 अक्टूबर को नामांकन में भारी संख्या में शामिल होने की अपील की। मौके पर प्रमोद सिंह, यदुनंदन यादव, अर्जुन सिंह, लखन पासवान, ताहिद अंसारी, रवि यादव विजय पासवान, सतेंद्र पासवान, कामेश्वर पासवान, राजकुमार यादव, रमेश यादव, मंजू देवी, तेतरी कुंवर, रवि कुमार आदि मौजूद थे।

## नामांकन से पहले विनोद सिंह ने किया रोड शो



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार विनोद कुमार सिंह ने मंगलवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ हरिहरगंज में रोड शो किया। जिसमें कई भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल हुए। इससे पहले निर्दलीय उम्मीदवार ने रानी मैरेज हॉल में समर्थकों के साथ बैठक कर 24 अक्टूबर को नामांकन में भारी संख्या में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद हरिहरगंज शहर का भ्रमण कर लोगों से मिले और आशीर्वाद लिया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, पीपरा संजय मेहता, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष चंदन जायसवाल, अनुसूचित जाति के प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पासवान, सनोज गुप्ता, वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, चंदन प्रजापति, भीमसेन शर्मा, अर्जुन गुप्ता, संजीव सिंह, ओम सिंह, संजय सिंह, अम्बुज सिंह, करण राजवीर, कन्हाई प्रसाद, राजेश सौंडिक, संतोष सौंडिक, पवन कुमार, सीताराम, अमित सिंह, परमानंद सिंह, रघुनंदन साव आदि शामिल थे।

## हरिहरगंज के होटलों की हुई सघन जांच संचालकों को दिये गये कई दिशा-निर्देश

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव को लेकर वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को हरिहरगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के ढाबा, रेस्टोरेंट, होटल की संघन जांच की। पुलिस की टीम चीकू, पीहू, आदर्श, सहारा आदि लाइन होटल सहित विभिन्न होटलों में पहुंची। इस दौरान होटल में रहने की क्षमता, रजिस्टर अपडेट और सीसीटीवी कैमरा की जांच की गई। यह भी देखा गया की होटल में हाल के दिनों में बाहरी लोग तो नहीं ठहरे हैं। जांच के दौरान होटल के रजिस्टर का मिलान, ठहरने वाले लोगों की पहचान पत्र व ब्योरा लेने का सख्त निर्देश दिया गया। संचालकों को निर्देश देते हुए कहा गया कि होटलों में बाहर से आकर ठहरने वाले लोगों का पूरा ब्योरा लें। अगर किसी पर भी संदिग्ध होने की जरा सी भी आशंका हुई तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

## आजसू ने की हुसैनाबाद के भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह को समर्थन करने की घोषणा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** आजसू ने गठबंधन धर्म का पालन करते हुए हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह को समर्थन देने की घोषणा की। आजसू के जिला उपाध्यक्ष कमलेश प्रसाद मेहता व केंद्रीय सदस्य रोहित कुमार महतो ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन कर इसकी जानकारी दी। जिला उपाध्यक्ष कमलेश प्रसाद मेहता ने कहा कि राज्य की भ्रष्ट एवं युवा विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने व राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए आजसू पूरे दम खम के साथ भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह के लिए काम करेंगे। कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र का विकास कमलेश सिंह के नेतृत्व में ही संभव है। इस मौके पर आजसू के रामजन्म मेहता, प्रमोद मेहता, मनोरंजन प्रसाद, जयकुमार चौहान, राजमोहन चौहान, प्रेमप्रकाश दुबे, अशोक राम, सतेंद्र बैठा, दिलीप पाल, राजकुमार रजक, सागर कुमार आदि मौजूद थे।

## हुसैनाबाद में एक निर्दलीय प्रत्याशी ने किया नामांकन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा निर्वाचन 2024 के लिए नामांकन के चौथे दिन मंगलवार को हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा सीट पर मनोज मेहता ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीएम कृष्णकांत कनवड़िया के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं पांच प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा खरीदा हैं। इनमें शेर अली, कुशवाहा शिवपूजन मेहता व इनकी पत्नी अनीता देवी ने बसपा से नामांकन पत्र खरीदा हैं। जबकि ओमप्रकाश कुमार व बबलू कुमार निर्दलीय अभ्यर्थी के रूप में नामांकन पत्र खरीदा है। इस चार दिनों में हुसैनाबाद विधानसभा सीट से कुल 21 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं।

**स्पोर्ट्स**


**साल 2026 में ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स से बैडमिंटन, शूटिंग, क्रिकेट, हॉकी, स्कवॉश, टेबल टेनिस, कुश्ती, ट्रायथलन और आर्चरी को बाहर कर दिया गया है, जो भारत के लिए झटका है।**

# कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को नुकसान, हॉकी कुश्ती, बैडमिंटन, शूटिंग सहित नौ खेल बाहर

### इन खेलों में भारत ने 149 गोल्ड समेत जीते हैं 286 मेडल

**एडिनबरा (एजेंसी)।** 2026 में ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स से बैडमिंटन, शूटिंग, क्रिकेट, हॉकी, स्क्वॉश, टेबल टेनिस, कुश्ती, ट्रायथलन और आर्चरी को बाहर कर दिया गया है। ग्लासगो कॉमनवेल्थ में केवल 10 इवेंट ही होंगे। इसमें एथलेटिक्स, स्वीमिंग, आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स, ट्रैक साइकिलिंग, नेटबॉल, वेटलिफ्टिंग, बॉक्सिंग, जूडो, बाउल्स और बास्केटबॉल शामिल हैं। ये सभी इवेंट चार स्थानों पर होंगे। इसके अलावा पैरा खिलाड़ियों के इवेंट होंगे। पहले यह कॉमनवेल्थ गेम्स ऑस्ट्रेलिया में होने थे। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने आयोजन से इनकार कर दिया। इसके बाद गेम्स को ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में कराने का फैसला लिया गया।

### बर्मिंघम में हुए थे 19 खेल



पिछले कॉमनवेल्थ गेम्स (2022 में) इंग्लैंड के बर्मिंघम में हुए थे। इसमें 19 खेल शामिल थे। भारत ने यहां 12 खेलों में मेडल हासिल किए थे। आर्चरी और शूटिंग को बर्मिंघम गेम्स में शामिल नहीं किया गया था। वहीं, हॉकी, कुश्ती, बैडमिंटन, शूटिंग में भारत ने अब तक 286 मेडल जीते हैं, जिनमें 149 गोल्ड शामिल है। बैडमिंटन में भारत ने 31 मेडल जीते हैं। इनमें 10 गोल्ड, 8 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज शामिल हैं। वहीं, शूटिंग में भारत ने अब तक 135 मेडल अपने नाम किए। इनमें 63 गोल्ड, 44 सिल्वर और 28 ब्रॉन्ज शामिल है। वहीं, कुश्ती में भारत ने कुल मिलाकर 114 मेडल जीते हैं। इनमें 49 गोल्ड, 39 सिल्वर और 26 ब्रॉन्ज शामिल है। मेंस हॉकी में भारत ने अब तक 3 सिल्वर, 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। विमेंस टीम ने इतिहास रचते हुए 2002 में गोल्ड जीता था। विमेंस हॉकी टीम कॉमनवेल्थ में 3 मेडल जीत चुकी हैं।

### कॉमनवेल्थ खेलों का हॉकी 1998 से है हिस्सा

फील्ड हॉकी 1998 से राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा रही है। इसमें ऑस्ट्रेलिया की पुरुष और महिला टीमों का दबदबा हमेशा रहा है। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम ने सात बार (1998, 2002, 2006, 2010, 2014, 2018 और 2022) गोल्ड मेडल जीते हैं। वहीं, महिला टीम ने चार बार गोल्ड मेडल और एक बार सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल जीता है। भारतीय पुरुष टीम 2010, 2014 और 2022 में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारकर सिल्वर मेडल जीती। वहीं, भारतीय विमेंस टीम ने 2002 में गोल्ड मेडल जीता था। विमेंस हॉकी टीम 2006 में सिल्वर और 2022 में ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल रही थी।

### बर्मिंघम खेलों में जीते थे कुल 61 पदक

2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने कुल 61 मेडल जीते थे, जिनमें से 22 गोल्ड मेडल थे। भारतीयों ने कुश्ती (12), वेट लिफ्टिंग (10), एथलेटिक्स (8), मुक्केबाजी और टेबल टेनिस (7-7) में सबसे ज्यादा पदक जीते थे। इस कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम ने सिल्वर मेडल जीता था।

## बांसगोड़ा में सतर्कता सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के सतर्कता विभाग की ओर से सतर्कता जागरूकता अभियान -2024 के अन्तर्गत परिक्षेत्रीय गांव बांसगोड़ा के सामुदायिक केंद्र में मंगलवार को सतर्कता सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बोकारो जिला स्वीप कोषांग के प्रतिनिधियों के सहयोग से किया गया। इसमें लगभग 70 महिलाओं को जीवन के व्यक्तिगत और सामाजिक क्षेत्र में सतर्कता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा के साथ परिक्षेत्रीय गांव बांसगोड़ा की मुखिया सावित्री मुर्मू, बोकारो जिला स्वीप कोषांग के बसंत कुमार, एके अविनाश महा प्रबंधक (नगर प्रशासन), बीएसएल के सीएसआर विभाग के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे। परिक्षेत्रीय गांव बांसगोड़ा में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य शिकायत निवारण तंत्र और सतर्कता का महत्व और राष्ट्र की प्रगति में सतर्कता प्रशासन के प्रति जागरूकता फैलाना था। इसके बाद जिला स्वीप कोषांग के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों को राष्ट्र की प्रगति में उनके मतदान के अधिकार और उसमें उनकी भूमिका के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन अशोक कुमार प्रबंधक (एलएंडए) ने किया।

## ऐना कोलयरी में ट्रांसपोर्टिंग की आड़ में हो रही है अवैध कोयला तस्करी

**धनसार (आजाद सिपाही)।** ऐना कोलियरी में एमपीएल ट्रांसपोर्टिंग की आड़ मे कोयला तस्करी का मामला प्रकाश में आया है। यह खुलासा सोमवार को सिंहनगर में कोयला लदे तेज रफ्तार से भाग रहे एक हाइवा के पकड़े जाने के बाद हुआ है। हालांकि पकड़े गए हाइवा में कोयला वैध है या अवैध पुलिस इसकी जांच कर रही है। बताया जा रहा कि कुछ युवक सोमवार की रात सिंहनगर के पास सड़क पार कर रहे थे। तभी ऐना कोलियरी से कोयला लदे हाइवा तेज रफ्तार से गुजरा। उसने सड़क पर रखे ड्राम को भी जोरदार टक्कर मार दी। वहीं सड़क पार कर रहे लोग भी बाल-बाल बच गए। उधर, हाइवा को तेज रफ्तार में भागता देख लोगों ने हाइवा को रोक लिया। जब वाहन चालक से लाइसेंस मांगा तो निरसा के चालक ने लाइसेंस नहीं होने की बात की। इसके बाद लोगों को संदेह हुआ तो चालान मांगा। चालान मांगते ही चालक कुछ ले देकर मामला रफा दफा करने की पेशकश की। इससे यहां के लोगों को अवैध कोयला होने का शक गहरा गया। चालान की जांच की गयी तो वाहन एना कोलियरी से शाम छह बजे ही कोयला लोड कर आउट किया गया है। चालान के मुताबिक इस वाहन को एमपीएल 9.30 बजे तक पहुंच जाना था। लेकिन यह वाहन रात 11 बजे सिंहनगर मे मिला। जबकि ऐना चेकपोस्ट से सिंहनगर की दूरी महज डेढ़ से दो किलोमीटर तक की है। इस संबंध में चालक से पूछे जाने पर उसने सपष्ट कोई जवाब नहीं दिया। इस पर कोयले का अवैध धंधा होने के संदेह में लोगों ने बोरागढ़ व झरिया पुलिस को सूचना दी। इसके बाद वाहन को बोरागढ़ पुलिस जब्त कर थाना ले गई। लोगों की मानें तो सबसे पहले ट्रांसपोर्टिंग के लिए पासिंग गाड़ी को कोलियरी से लोड किया जाता है। आउट करने के बाद वाहन से जीपीएस को खोलकर दूसरे वाहन में लगा कर सड़क किनारे खड़ा कर दिया जाता है। इसके बाद कोयला को खपा दिया जाता है।

# 29 तक दाखिल कर सकते हैं नामांकन

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की नामांकन की अधिसूचना जारी

## 30 को स्क्रूटनी व एक नवंबर को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि

## रविवार को नहीं होगा नामांकन, 20 नवंबर को मतदान

**तैयारी लगभग पूरी, अभी तक 52 लाख रुपये नगद व 650 लीटर शराब बरामदः एसएसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी की। बताया कि सभी छह विधानसभा के नामांकन की तैयारी जिला प्रशासन ने कलेक्ट्रेट में पूरी कर ली है। कलेक्ट्रेट के सामने विधानसभा वार हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। जहां से अभ्यर्थी जमानत की राशि जमा कर नामांकन पत्र ले सकते हैं। नामांकन करने वाले सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए जमानत की राशि 10 हजार रुपए और अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए जमानत की राशि 5000 रुपए है। वहीं प्रत्येक फ्लोर पर विधानसभा वार अभ्यर्थी के लिए वोटिंग रूम भी बनाए गए है। डीसी ने बताया कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर है। रविवार को नामांकन नहीं होगा। 30 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी की जाएगी। वहीं एक नवंबर को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। 20 नवंबर की सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करने का



पत्रकारों को जानकारी देती जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्र व एसएसपी।

समय निर्धारित है। 23 नवंबर को मतों की गिनती की जाएगी। उन्होंने कहा कि सिंदरी विधानसभा के लिए अभ्यर्थी कलेक्ट्रेट के ग्राउंड फ्लोर में कमरा नंबर 4 में निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार और निरसा विधानसभा के लिए कलेक्ट्रेट के ग्राउंड फ्लोर में कमरा नंबर 24 में निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। धनबाद विधानसभा के लिए अभ्यर्थी प्रथम फ्लोर पर कमरा नंबर 116 में निवार्ची पदाधिकारी राजेश कुमार, झरिया विधानसभा के लिए कमरा नंबर 108 में निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा और टुंडी विधानसभा के लिए कमरा नंबर 112 में निवार्ची पदाधिकारी सह एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। जबकि बाघमारा विधानसभा के लिए अभ्यर्थी तृतीय फ्लोर पर कमरा नंबर 303 में निवार्ची पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। डीसी ने बताया कि लोकसभा चुनाव की तरह ही इस बार भी नामांकन के दौरान सुबह 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक मेमको मोड़ पर वाहनों को रोक दिया जाएगा। केवल अभ्यर्थी के तीन वाहन को कलेक्ट्रेट के मेन गेट तक आने की अनुमति रहेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव की घोषणा के साथ जिले के सभी इंटरस्टेट व इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक नाका कार्यरत है। वहीं मंगलवार से 63 स्टेटिक सर्विलांस टीम कार्यरत हो चुकी है। चुनाव को धन-बल या अन्य माध्यम से प्रभावित करने वालों के विरुद्ध जिला प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। वहीं, एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। बताया कि चुनाव की घोषणा होने के बाद से अब तक फ्लाइंग स्क्वायड टीम ने 22 लाख एवं विभिन्न चेक नाका पर 30 लख रुपए जब्त किए गए हैं। वहीं 650 लिटर शराब भी बरामद की गई है। एसएसपी ने बताया कि जिले में 1224 लोगों को आर्म्स लाइसेंस निर्गत है। जिसमें से 496 लोगों ने अपने हथियार जमा करा दिए है। कहा कि शेष लोगों को 24 अक्टूबर तक अपने संबंधित थाना में हथियार जमा करने का निर्देश दिया है। उस तिथि तक हथियार जमा नहीं करने वालों का आर्म्स लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। डीसी व एसएसपी ने जिले के सभी मतदाताओं से विशेष कर शहरी क्षेत्र के मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने की अपील की।

## प्रत्येक मतदाता को अपना वोट अवश्य डालना चाहिए : उपायुक्त




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकतंत्र को मजबूत बनाने, विधानसभा चुनाव के दौरान शत प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मतदान सुनिश्चित करने एवं समाज को अधिक से अधिक मतदान के लिए उत्साहित करने के लिए स्वीप कोषांग की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत मंगलवार को समाहरणालय परिसर से की गई। जिसकी शुरूआत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा एवं एसएसपी एचपी जनार्दनन ने मतदाता हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर करके किया। इस दौरान डीसी ने कहा कि पूरे जिले में स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस हस्ताक्षर अभियान का मुख्य उद्देश्य विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को जागरूक करना है। स्वस्थ एवं विकसित लोकतंत्र के लिए मतदाताओं की जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। डीसी ने मतदाताओं से अपील की कि मतदान के दिन सभी मतदाता अपने घर से निकले एवं अपने मत का प्रयोग करें। मतदाताओं की जागरूकता से लोकतंत्र का भविष्य निर्धारित होता है। प्रत्येक मतदाता को अपना मतदान अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, एपीआरओ आलोक मिश्रा, एसएमपीओ विनीता कुमारी के अलावा कई अन्य पदाधिकारी, मीडिया व आम नागरिकों ने इस अभियान में हिस्सा लिया।

## रागिनी सिंह ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर अर्पित की श्रद्धांजलि



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह ने मंगलवार की सुबह क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में लगे महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। अभियान की शुरूआत बस्ताकोला से हुआ। जहां उन्होंने सर्वप्रथम अंबेडकर चौक पर बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद स्वर्गीय नगीना पासवान, फिर कतरास मोड़ स्थित स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह और जय प्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद लक्ष्मणीया मोड़ स्थित महाराणा प्रताप धर्मशाला में स्थापित किशुन पहलवान, बाटा मोड़ स्थित गणेश साहू, चिल्ड्रन पार्क स्थित महात्मा गांधी, फुलारीबाग स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित देकर यात्रा जोड़ापोखर थाना समीप शहीद शशिकांत पांडेय चौक पहुंचा। जहां रागिनी सिंह ने शहीद शशिकांत पांडे को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसके बाद स्वर्गीय बासुदेव प्रसाद चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावमिनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## टाटा स्टील झरिया शाखा की कोलियरीज को 2022-23 के लिए मिला 'फाइव स्टार रेटिंग'



**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील के झरिया शाखा ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए 2022-23 के लिए प्रतिष्ठित 'फाइव स्टार रेटिंग' हासिल की। यह सम्मान सोमवार को नई दिल्ली के स्कोप कन्वेंशन सेंटर में कोयला मंत्रालय की ओर से आयोजित 'कोयला एवं लिग्नाइट माइंस के लिए स्टार रेटिंग पुरस्कार' समारोह में प्रदान किया गया। इसमें शाखा की जामाडोबा कोलियरी ने भूमिगत खदानों की श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि सिजुआ कोलियरी ने 'अचीवर प्राइज' हासिल किया। यह पुरस्कार टाटा स्टील झरिया डिवीजन के जनरल मैनेजर संजय राजोरिया और कौसिक गायेन, हेड (प्लानिंग) को केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी किशन रेड्डी और राज्य कोयला एवं खनन मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने प्रदान किए। इस अवसर पर कोयला मंत्रालय के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि झरिया डिवीजन की चार भूमिगत कोलियरी ने इससे पहले 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के लिए भी स्टार रेटिंग मूल्यांकन में कई पुरस्कार जीते थे। यह पुरस्कार झरिया डिवीजन की खनन कार्यों में उत्कृष्टता और सतत खनन प्रक्रियाओं के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

## समस्याओं को लेकर महाप्रबंधक से मिला झामुमो का प्रतिनिधि मंडल



**धनसार (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल के भगतडीह स्थित बस्ताकोला क्षेत्रिय कार्यालय में मंगलवार को श्रमिक कॉलोनी में व्याप्त समस्याओं को लेकर झामुमो नेताओं ने महाप्रबंधक अनिल सिन्हा के साथ वार्ता किया। इस दौरान झामुमो नेता गनेश निषाद ने कॉलोनी में लो भोल्टेज, पेयजल, पिट वाटर के जर्जर पाइप कनेक्शन, प्रदूषण की समस्या से अवगत कराया। कहा कि कई श्रमिक कॉलोनी में वर्षो से नालों की सफाई नहीं हुई है। श्रमिक समस्याओं के बीच रहने को मजबूर है। इस पर महाप्रबंधक अनिल सिन्हा ने समस्याओं को दूर करने के लिए सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। मौके पर रेखा पासवान, भोला कुमार, गौतम पासवान और अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

## मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार: बोकारो डीसी

**डीसी ने जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिले के सभी चार विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को किया जाएगा जागरूक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** विधानसभा चुनाव को लेकर समाहरणालय परिसर से डीसी ने एलईडी जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वैन जिले के सभी चार विधानसभा क्षेत्र बोकारो, चंदनकियारी, गोमिया एवं बेरमो में भ्रमण कर मतदाताओं को 20 नवंबर को मतदान करन के लिए जागरूक करेगी। वैन मतदान प्रतिशत कम वाले मतदान केंद्रों के क्षेत्र में विशेष ध्यान देगा। वैन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराएं गए जागरूकता वीडियो का संचालन किया जाएगा। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि आमजन अपने मताधिकार का प्रयाग करें, मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार के साथ लोकतंत्र को मजबूत करने का टूल हैं। उन्होंने आमजनों से मतदान करने एवं दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। कहा कि जिले का मतदान प्रतिशत संतोषजनक नहीं है। इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि मतदात 20 नवंबर को मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लें।

## महान क्रांतिकारी अशफाक उल्ला खां की जयंती मनायी



**कतरास (आजाद सिपाही)।** शहीद भगत सिंह स्मारक समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद राजा की अध्यक्षता में मंगलवार को स्वाधीनता सेनानी व महान क्रांतिकारी कांकोरी कांड़ के महा नायक शहीद अशफाक उल्ला खां की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में पहुंचे जनवादी लेखक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ मृणाल ने सर्वप्रथम अशफाक उल्ला खां की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर मुन्ना सिद्धकी, प्रभात मिश्रा, विष्णु कुमार, नारायण प्रजापति व संजय महतो आदि मौजूद थे।

# लूट के इरादे से जा रहे तीन युवक गिरफ्तार, हथियार व कारतूस जब्त

## आरोपितों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज



पकड़े गए बदमाशों की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बरोरा थाना से कतरास थाना आकर कुछ युवकों द्वारा छिनतई-लूट की घटना को अंजाम देने की सूचना पुलिस को मिली थी। बाघमारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी कतरास थाना, थाना प्रभारी तेतुलमारी थाना, ओपी प्रभारी ईस्ट बसुरिया और थाना-ओपी में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों की एक टीम गठित कर कतरास थाना कि सीमा में ग्राम मानसिह कोरवा (कोलमुड़ना) में लेडीडुमर पुल के पास सघन जांच शुरू किया। जिसके क्रम में सात में ही तीन युवकों को एक बाइक, तीन देशी कट्टा, तीन 315 बोर के चिंदा कारतूस, बाइक का अतिरिक्त नंबर प्लेट एवं चार मोबाईल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के जारंगडीह गांव निवासी मो अख्तर उर्फ दानिश, माराफारी थाना क्षेत्र के अजाद नगर शिवनडीह गांव निवासी भोला कुमार दास उर्फ छोटू उर्फ भोरु और तेनुघाट गोमिया, ओपी अंतर्गत नवाबांध साइम गांव निवासी रिजवान अंसारी के रूप में हुई है। इस संबंध में कतरास थाना में भादवि की धारा 25 (1बी), 26, 35 आर्मस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की मानें तो तीनों कतरास थाना क्षेत्र में लूट की 5 घटना, जोगता थाना लूट की दो घटना, ईस्ट बसुरिया ओपी अन्तर्गत लूट की एक घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार किये हैं। इन आरोपितों ने बोकारों जिला के गांधी नगर थाना, तेनुघाट ओपी एवं अन्य थानों में की गई लूट की घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की गई है। उनकी स्वीकारोक्ती बयान के आधार पर आरोपित मो अख्तर उर्फ दानिश के घर से लूट की एक बाइक एवं कुछ आईडी आदि बरामदगी की गयी है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये बदमाशों के विरुद्ध स्थाई वारंट भी निर्गत था। काफी लंबे समय से सभी फरार चल रहे थे। तीनों अभियुक्तों ने अपने कुछ साथियों का भी नाम बताया है, जिनके संबंध में पुलिस आगे कार्रवाई कर रही है।

## समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुई कांग्रेस नेत्री हसीना



**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)। झरिया विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस विधायक पूर्णिमा सिंह को झटका लगा है। कई दशकों से कांग्रेस का झंडा बुलंद करने वाली वरिष्ट कांग्रेस नेत्री हसीना खातून ने पार्टी से अपना नाता तोडा। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह और पार्टी की अनदेखी से नाराज होकर मंगलवार को झरिया-कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह की मौजदगी में अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गयी। रागिनी सिंह ने फुल, माला और भाजपा का पट्टा पहनाकर हसीना खातून का स्वागत किया। रागिनी सिंह ने कहा कि आज कांग्रेस और झरिया विधायक से जनता त्रस्त है। जब कांग्रेस हसीना खातून जैसे अपने वरिष्ट नेत्री का सम्मान नहीं करती सकती है, तो आम जनता का क्या करेगी। जबकि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं का सम्मान हमेशा करती है। हसीना खातून के आने से झरिया में भाजपा मजबूत होगी। इस बार झरिया की जनता हवाई वादा करने वालों को सबक सिखाएगी।**

## एनडीए के पक्ष में है जनता का मन और मिजाज : डॉ लंबोदर



**गोमिया विधायक ने एक बार फिर जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का दिलाया भरोसा**

आजाद सिपाही संवाददाता।

**गोमिया।** डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि आजसू ने हमें दूसरी बार गोमिया विधानसभा क्षेत्र की जनता का सेवा करने का अवसर दिया है। हम जन आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे। लोगों का पुनः भरपूर मान-सम्मान प्यार स्नेह व आशीर्वाद मिलेगा। ऐसा हमें विश्वास और भरोसा है। उन्होंने मंगलवार को गोमिया में आजसू की बैठक में यह उदगार व्यक्त किया। कहा कि कार्यकर्ता कमर कस कर तैयार हो जाएं। जनता का मन व मिजाज पूरी तरह से आज एनडीए गठबंधन के पक्ष में बन चुका है। बैठक में गोमिया प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने संबोधन में कहा कि हम सब जनता के दरवाजे तक जाएंगे। एनडीए की गारंटी पर जनता को विश्वास है। बैठक में संतोष साव, संदीप स्वर्णकार, महेश महतो, पूनम देवी, नारायण महतो, दीना राम सोरेन, विक्रम साव, विनय साव, मिन्हाज अंसारी डालचंद महतो, अनिल यादव, पूरण महतो, एसएन श्रीवास्तव, विपिन नायक, कालेश्वर रविदास, चंपा देवी, संदीप सिंह, कुलदीप प्रजापति, धनेश्वर सोरेन, दिलू महतो, अंकेश्वर महतो व धनेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस छोड़ फिर भाजपा में शामिल हुए केडी पांडेय, रागिनी सिंह ने किया स्वागत



**झरिया (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव के तारीक जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, राजनीतिक पारा भी उसी रफ्तार से बढ़ रहा है। सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं-कार्यकर्ताओं को पाला बदल का सिलसिला भी जारी है। इसी कड़ी में झरिया विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को केडी पांडेय सहित कई कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। इस दिन झरिया-कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में झरिया विस की भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह और चुनाव प्रभारी नीतीश कुमार की अगुवाई में सभी लोगों का स्वागत किया गया। रागिनी सिंह ने माला और भाजपा का पट्टा पहनाकर सभी को शामिल करवाया। रागिनी सिंह ने कहा कि कुछ लोग पार्टी और सिंह मेंशन को छोड़ कर दूसरे जगह चले गए थे। वे फिर से हमलोगों पर भरोसा जताते हुए पार्टी में शामिल हुए है। हम इनका स्वागत करते है। वीं, चुनाव प्रभारी नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि प्रत्याशी रागिनी सिंह को अपार समर्थन मिल रहा है। झरिया विधानसभा में जहां भी जा रहे हैं जनता का स्नेह और आशीर्वाद मिल रहा है। इस बार सवा लाख मतों से जीत सुनिश्चित है। झरिया की जनता ने इस बार परिवर्तन का मन बना लिया है। वहीं, केडी पांडेय ने कहा कि किसी कारणवाश हमलोग दूसरी जगह चल गए थे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों, भाजपा और रागिनी सिंह पर विश्वास जताते हुए पुनः लौट आये हैं। बतातें चलें कि केडी पांडेय का सिंह मेंशन से गहरा रिश्ता रहा है। वे विधायक सूर्यदेव सिंह, कुंती सिंह और संजीव सिंह के साथ काम कर चुके हैं। लेकिन 2019 के विधानसभा चुनाव के समय नाराज होकर कांग्रेस में चले गए थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची**

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या –
**RDD/SD/RANCHI/12/2024-25 E-tender**
**P.R. No. 333730 Rural Development (24-25)**

**शुद्वि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/RANCHI/12/2024-25 E-tender जिसका पी0आर0 संख्या–333730 Rural Development (24-25) के **ग्रुप संख्या–2 कार्य** का नाम :– **Renovation of Community Health Centre at Burmu Block, Ranchi District** को निदेशानुसार अपरिहार्य कारणवश् स्थगित किया जाता है :–

निविदा अन्य शर्ते यथावत् रहेगी।

**PR 339409 Rural Development(24-25)#D**

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

विधानसभा आम निर्वाचन–2024
**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
(MCMC कोषांग)

**सूचना**

एतद द्वारा सभी राजनीतिक दल/अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 491/MCMC/5/2023/ Communication, दिनांक 24.08.2023 के आलोक में कोडरमा जिले के विधानसभा क्षेत्र (19–कोडरमा) निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MEDIA CERTIFICATION AND MONITORING COMMITTEE) गठित हैं जो प्रिंट मीडिया /इलेक्ट्रोनिक मीडिया/सोशल मीडिया/केबल नेटवर्क मीडिया/बल्क एस0एम0एस/वॉयस मैसेजेस एवं अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करेगी।

- निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को किसी भी तरह के राजनीतिक प्रचार सामग्री को प्रकाशन/प्रसारण होने की तिथि से 03 दिन पूर्व या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रकाशन/प्रसारण की तिथि से 07 दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) कोषांग से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।
- निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को इलेक्ट्रोनिक/ सोशल मीडिया/केबल नेटवर्क/बल्क एस0एम0एस /वॉयस मैसेजेस के माध्यम से कोई भी राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित/प्रसारित करना चाहते हैं तो विहित प्रपत्र ANNEXURE-A में जिला स्तरीय मीडिया एवं निगरानी समिति (MCMC) कोषांग को आवेदन समर्पित कर सकते हैं। उनकें द्वारा दिये गये व्यय की विवरणी को उम्मीदवारों/प्रत्याशी के खाते में प्रविष्ट किया जायेगा तथा प्राप्त आवेदन के आलोक में विधिवत विज्ञापन प्रसारण हेतु ANNEXURE-B में अनुमति प्रदान की जायेगी।
- प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस एवं मतदान दिवस से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु MCMC का अनुमति अनिवार्य है।
- आवेदन के समय दिये जाने वाले दस्तावेज (I) आवेदन पत्र (II) दो प्रति प्रस्तावित विज्ञापन की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (III) दो स्वः अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी (IV) प्रस्तावित विज्ञापन का अनुमानित लागत (V) विज्ञापन कब–कब एवं कितने बार प्रकाशित/टेलिकास्ट होगा उसका विवरण।
- आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी राजनीतिक दल/प्रत्याशी के द्वारा बिना (MCMC) कोषांग से अनुमति लिये किसी भी तरह के प्रचार–प्रसार से संबंधित सामग्री का प्रकाशन/प्रसारण पेड न्यूज की श्रेणी में रखा गया है।
- MCMC–सह–मीडिया कोषांग, जिला जनसम्पर्क कार्यालय, कोडरमा (सूचना भवन), कोडरमा में कार्यरत हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR 339395 IPRD (24-25)_D

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सचिव स्तरीय बैठक

# चक्रवात के दौरान जरूरी सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**सलाह:** • संभावित चक्रवात की स्थिति में उनकी कार्यक्षमता की जांच करने के लिए सभी जनरेटर सेटों को जल्द से जल्द ट्रायल रन करने का आदेश दिया गया।
• पीने के पानी की अग्रिम तैयारी के तौर पर 23 और 24 तारीख को सभी ओरहेड टैंक भरने का आदेश।
• जनता को आवश्यकतानुसार पानी का उपयोग करने की सलाह

**भुवनेश्वर।** मंगलवार को लोक सेवा भवन के सम्मेलन कक्ष में प्रमुख शासन सचिव मनोज आहूजा की अध्यक्षता में सचिव स्तरीय बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में सत्यब्रत साहू अतिरिक्त मुख्य शासन सचिव गृह विभाग, देवरंजन कुमार सिंह अतिरिक्त मुख्य शासन सचिव राजस्व विभाग और विशेष राहत आयुक्त, सुरेंद्र कुमार अतिरिक्त मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन और लोक शिकायत विभाग, जी. माथिवाथनन, अतिरिक्त मुख्य सचिव और गोपबंधु प्रशासनिक अकादमी के महानिदेशक के साथ-साथ विभिन्न विभागों के मुख्य प्रशासनिक सचिव, आयुक्त और प्रशासनिक सचिव उपस्थित थे।

बैठक की शुरूआत में मुख्य सचिव ने सचिवों के साथ संभावित कम दबाव की बारिश और चक्रवात की स्थिति में प्रशासनिक तैयारियों पर चर्चा की। बैठक में चक्रवात के बाद जनता के लिए टेलीफोन सेवाओं, बिजली, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और शैक्षणिक संस्थानों के प्रावधान पर ध्यान केंद्रित किया गया। चक्रवात के दौरान बिजली गुल होने की स्थिति में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में तत्काल पेयजल आपूर्ति एक बड़ी चुनौती है। इसी प्रकार, विभिन्न अस्पतालों में डीजी/जनरेटर सेट को हर समय चालू रखने की नितांत आवश्यकता है। इस संबंध में स्थिति पर नजर रखते हुए 23 एवं 24 को पंचायतीराज एवं पेयजल विभाग, आवास एवं नगर विकास विभाग के अधीन ओवरहेड पानी की टंकियों को 100 प्रतिशत भरने का आदेश दिया गया है।

वहीं, बैठक में जनता से अनुरोध किया गया है कि वे आवश्यकतानुसार पानी का संरक्षण करें, तूफान के दौरान तथा तूफान के बाद स्थिति सामान्य होने तक पानी का सोच-समझकर उपयोग करें।

बैठक में पिछले सितंबर तक विभिन्न विभागों के कार्यक्रमों पर हुए खर्च से अवगत कराया गया और बजटीय मंजूरी के अनुसार धन के उपयोग में तेजी लाने का सुझाव दिया गया। बैठक में बताया गया कि राज्य का अपना राजस्व संग्रहण सितंबर 2024 तक पिछले वर्ष की तुलना में 13.73 प्रतिशत बढ़ गया है। मुख्य शासन सचिव ने अन्य सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर जोर देने के साथ ही सचिवों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और आवश्यक सलाह दी।

# यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता : पूर्व तट रेलवे

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** चक्रवात दाना को देखते हुए पूर्व तट रेलवे (ईसीओआर) यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे संचालन की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक उपाय लागू कर रहा है। गंभीर चक्रवातों के पिछले अनुभवों से लाभ उठाते हुए, पूर्व तट रेलवे ने ट्रेन सेवाओं पर संभावित प्रभावों को कम करने के लिए सक्रिय रूप से तैयारी कर रहा है।

तत्परता सुनिश्चित करने के लिए, पूर्व तट रेलवे ने रेल सदन स्थित अपने मुख्यालय के साथ-साथ खुर्दा रोड, विशाखापत्तनम और संबलपुर में मंडल मुख्यालयों पर चौबीसों घंटे काम करने वाला आपदा प्रबंधन कक्ष सक्रिय किया है। ये टीमें चक्रवात से प्रभावित होने पर ट्रेन सेवाओं और रेलवे बुनियादी ढांचे की शीघ्र बहाली के लिए समर्पित हैं।

**पूर्व तट रेलवे में चक्रवात संबंधी सावधानियां**
• प्रभावित क्षेत्रों में ट्रेन सेवाएं रद्द, आंशिक रूप से रद्द, मार्ग परिवर्तित और नियंत्रित की जायेगी। • स्थिति की चौबीसों घंटे निगरानी के लिए रेल सदन में पूर्व तट रेलवे का आपदा प्रबंधन कक्ष। • ट्रेन संचालन और शीघ्र बहाली की निगरानी के लिए खुर्दा रोड, संबलपुर और वाल्टेयर में चौबीस घंटे आपातकालीन नियंत्रण कक्ष खोले गये हैं।

पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल ने एक तैयारी बैठक की अध्यक्षता की और पूर्व तट रेलवे के सभी प्रमुख विभागों के प्रमुखों और मंडल रेल प्रबंधकों को यात्रियों के लिए शून्य जोखिम सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी। उन्होंने चक्रवात के बाद ट्रेन सेवाओं की शीघ्र बहाली सुनिश्चित करने के लिए पटरियों, सिग्नलिंग प्रणाली और विद्युतीकरण आदि की शीघ्र बहाली के लिए विशेष टीमों की तैनाती पर जोर दिया।

**यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करना :** पूर्व तट रेलवे ने पटरियों, सिग्नलिंग सिस्टम और विद्युतीकरण प्रक्रियाओं की त्वरित बहाली के लिए विशेष टीमों की नियुक्ति करके यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। बिजली कटौती की स्थिति में, ट्रेन परिचालन जारी रखने के लिए डीजल इंजन स्टैंडबाय पर रहेंगे। संकट के दौरान संचार बनाये रखने के लिए आपातकालीन नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे चालू रहते हैं, जो सैटेलाइट फोन से सुसज्जित हैं। तटीय क्षेत्रों के लिए रेड अलर्ट जारी करने के साथ, पूर्व तट रेलवे भुवनेश्वर और विशाखापत्तनम के बीच सभी स्टेशनों पर स्थितियों की बारीकी से निगरानी कर रहा है।

**सेवा समायोजन :** चक्रवात के खतरे के मद्देनजर, पूर्व तट रेलवे ने विभिन्न ट्रेन सेवाओं को रद्द करने का कठिन निर्णय लिया है (बुलेटिन-1 संलग्न)।

जोखिमों को कम करने और सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ये समायोजन आवश्यक हैं। पूर्व तट रेलवे ने स्थितियां अनुकूल होने पर यथाशीघ्र सामान्य सेवाएं बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रियों को आधिकारिक चैनलों के माध्यम से अपडेट की जाँच कर- के सूचित रहने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

पूर्व तट रेलवे नियंत्रण कार्यालय, जो चौबीसों घंटे काम करता है, निरंतर निगरानी और निरंतर अपडेट के लिए मौसम विभाग, आपदा प्रबंधन सेल और बाढ़ संभावित क्षेत्रों में तैनात कर्मचारियों के साथ निकट संपर्क बनाये रख रहा है।

## पीएम नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को राउरकेला आयेंगे

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को जन जातीय गौरव दिवस के अवसर पर ओडिशा के राउरकेला का दौरा करेंगे। अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, प्रधानमंत्री सुबह 11 बजे झारसुगुडा हवाई अड्डे पर उतरेंगे और हेलीकॉप्टर से राउरकेला के लिए रवाना होंगे तथा कई कल्याणकारी परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।**

# वेदांता एल्युमीनियम ने आइआइएम संबलपुर के छात्रों का स्वागत किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** झारसुगुड़ा भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांत एल्युमीनियम ने अपने कैंपस कनेक्टिविटी पहल के हिस्से के रूप में संबलपुर में आईआईएम छात्रों की मेजबानी की। यात्रा के दौरान, छात्रों को वेदांता के संचालन को देखने का मौका मिला और एल्यूमीनियम उत्पादों के निर्माण के बारे में ज्ञान प्राप्त हुआ। वेदांता एल्युमीनियम 60 से अधिक देशों को उच्च गुणवत्ता वाले एल्युमीनियम की आपूर्ति करता है। उन्होंने यह भी सीखा कि वैश्विक स्तर पर टिकाऊ व्यवसाय कैसे चलाए जाते हैं।

अनुभवी पेशेवरों के मार्गदर्शन में, छात्रों को नवीनतम मशीनरी और उन्नत कार्य प्रक्रियाओं से परिचित कराया गया। उन्होंने सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल और विश्व स्तरीय प्रथाओं का भी अवलोकन किया जो परिचालन उत्कृष्टता के लिए वेदांत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। यह दौरा एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र के साथ संपन्न हुआ। जहां छात्रों ने कैरियर के अवसरों, उद्योग के रुझान और एल्यूमीनियम क्षेत्र में टिकाऊ व्यवसाय प्रथाओं के महत्व सहित विभिन्न विषयों पर वेदांता की नेतृत्व टीम के साथ बातचीत की।

अपने विचार साझा करते हुए वेदांता एल्युमीनियम के मुख्य परिचालन अधिकारी सुनील गुप्ता ने कहा, वेदांता एल्युमीनियम में, हम यह प्रदर्शित करके भविष्य के नेताओं को तैयार करने में बहुत गर्व महसूस करते हैं कि कैसे स्थिरता को हमारे दैनिक कार्यों में सहजता से एकीकृत किया गया है। हम युवा पीढ़ी - कल के परिवर्तन के अग्रदूतों - के साथ जुड़ते हैं। एक स्थायी व्यवसाय के निर्माण में रोमांचक प्रगति को साझा करने के लिए, हम विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकियों के माध्यम से अत्याधुनिक उत्पाद बनाते हैं जो एक अधिक टिकाऊ भविष्य को आकार देने में मदद करेंगे।

# बिजली चोरी के आरोप में जय माता दी आइसक्रीम फैक्ट्री के मालिक के खिलाफ एफआइआर दर्ज

**जनता से बिजली चोरी रोकने के लिए टीपीडब्ल्यूओडीएल द्वारा किये गये प्रयासों में सहयोग करने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बुर्ला टीपीडब्ल्यू ओडीएल हमेशा सर्वोत्तम और गुणवत्तापूर्ण बिजली सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन कुछ बेईमान लोग इस गुणवत्तापूर्ण बिजली सेवा प्रदान करने के बजाय अनैतिक तरीकों से बिजली चोरी करते हैं और बाधाएं पैदा करते हैं। बिजली की चोरी और अवैध उपयोग को रोकने के लिए टीपीडब्ल्यू ओडीएल द्वारा निरीक्षण और जांच अभियान चलाया जाता है। इस संबंध में 5 अक्टूबर को बलांगीर जिले के टिटिलागड विद्युत मंडल अंतर्गत दमेंईपाली गांव (थाना लारंबा) स्थित जय मातादी आइसक्रीम फैक्ट्री में रात में औचक छापेमारी और निरीक्षण किया गया। इस समय पाया गया कि उक्त आइसक्रीम फैक्ट्री अवैध रूप से पास के बिजली के पोल से हुकिंग कर बिजली का उपयोग कर फैक्ट्री में उपकरण चला रही थी। जिसमें उनके व्यावहारिक भार का फिर से अनुमान लगाया गया और कुल भार 16 किलोवाट की वृद्धि की गयी है और उन पर 3 लाख 50 हजार रुपये का प्रोभिजनल जुर्माना लगाया गया । इसके मालिक मनोज कुमार पटेल के खिलाफ लारंबा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है, जनता से अनुरोध है कि वे बिजली चोरी रोकने के लिए टीपीडब्ल्यूओडीएल द्वारा किये गये प्रयासों में सहयोग करें, क्योंकि इसका खामियाजा आम उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ता है। यदि आप अपने क्षेत्र में अवैध बिजली का उपयोग कर रहे हैं, तो हमारे मोबाइल नंबर 809 3061 179 पर संपर्क करें, आपकी पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

# जिंदल पैंथर सीमेंट की बड़ी छलांग, 15 लाख टन क्षमता के साथ 'ग्रीन सीमेंट' क्रांति की शुरुआत

**ओडिशा के अंगुल में सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट शुरू, जेपीसी डिकार्बोनाइजेशन के लिए प्रतिबद्ध**

आजाद सिपाही संवाददाता

JINDAL PANTHER CEMENT

**मुख्य बिंदु:** • सीमेंट उत्पादन के लिए अंगुल स्टील प्लांट स्थित ब्लास्ट फर्नेस से निकलने वाले 10 लाख टन स्लैग का इस्तेमाल किया जायेगा।
• जेएसपी की स्टील मार्केटिंग टीम के साथ मिलकर बाजार में सीमेंट वितरण की योजना
• एक ही स्थान पर समस्त निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने की सराहनीय पहल।

**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली।** जिंदल समूह के एक अभिन्न अंग, जिन्दल पैंथर सीमेंट (जेपीसी) ने ओडिशा के अंगुल में अपनी पहली सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट शुरू कर एक बड़ी छलांग लगायी है। 15 लाख टन प्रतिवर्ष (1.5 एमटीपीए) क्षमता की यह अत्याधुनिक यूनिट नवीन जिंदल के नेतृत्व वाली कंपनी जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के अंगुल इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट से निकलने वाले लगभग 10 लाख टन (1 एमटीपीए) ब्लास्ट फर्नेस स्लैग का इस्तेमाल सीमेंट बनाने में करेगी। बड़ी बात यह है कि पूरे सीमेंट उद्योग जगत में सबसे कम क्लिंकर का उपयोग कर यह यूनिट न्यूनतम कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ेगी, जो जिंदल समूह की एक बड़ी योजना का हिस्सा और उसकी प्रतिबद्धता है।

**ग्रीन सीमेंट की दिशा में अग्रसर:** जिंदल पैंथर सीमेंट की अंगुल ग्राइंडिंग यूनिट का उद्देश्य मध्य और पूर्वी भारत के उपभोक्ताओं के लिए न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन सुनिश्चित करते हुए उच्च गुणवत्ता वाला पोर्टलैंड स्लैग और कंपोजिट सीमेंट बनाना है। खास बात यह है कि जेएसपी में स्टील उत्पादन प्रक्रिया से निकले अपशिष्ट (वेस्टेज) का पुनः उपयोग करके जिंदल पैंथर सीमेंट कार्बन फुटप्रिंट घटाने और दीर्घकालिक औद्योगिक प्रथाओं को स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण काम कर रहा है।

**जिंदल पैंथर सीमेंट (जेपीसी) के बारे में :** जिंदल पैंथर सीमेंट (जेपीसी), जिन्दल समूह का एक अंग है, जो उच्च गुणवत्ता वाले, लो-कार्बन सीमेंट का उत्पादन कर रहा है। यह अंगुल और रायगढ़ में ग्राइंडिंग यूनिटों का सुव्यवस्थित संचालन कर देश की निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्यावरण अनुकूल पोर्टलैंड स्लैग और मिश्रित सीमेंट का उत्पादन कर रहा है। जिंदल पैंथर सीमेंट सस्टेनेबिलिटी, इनोवेशन और देश के बुनियादी ढांचे के विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।


**पूर्व मध्य रेल**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (विधुत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: ई. निविदा संख्या: ईएल/23/खुली/2024–25. 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : बरबाडीह – बरबाडीह में 33 केवी स्वतंत्र फीडर के साथ 33/11 केवी पावर सबस्टेशन का प्रावधान (शेष कार्य)। (कार्य समापन अवधि : नौ माह)। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹1,11,78,338.51, 3. बिड सिक्युरिटी : ₹2,05,900.00, 4. ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 14.11.2024 को 11:00 बजे। ई निविदा खुलने की तिथि दिनांक 14.11.2024 को 11:30 बजे के बाद। 5. वेबसाईट का विवरण : वेबसाइट ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विधुत)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/01366/डीएचएन/ईजीईएन/टी/24–25/32



**पूर्व मध्य रेल**

**परिचारकों की नियुक्ति हेतू ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखने वाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों "सिंगल पैकेट बिड" पर ई–निविदायें आमंत्रित है। 1. निविदा संख्या एवं दिनांक : GEM/2024/B/5427959 दिनांक 19.10.2024. 2. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सीनियर डीएमई/सीएचजी/डीएचएन के लिए टीएडीके के बदले परिचारकों की नियुक्ति 36 महीने की अवधि के लिए। कार्य समापन अवधि – 36 महीने। 3. कार्य की अनुमानित लागत : ₹13,68,762.95 (तेरह लाख अड़सठ हजार सात सौ बासठ रूपये और पंचानबे पैसे) मात्र। 4. बयाना राशि : ₹27,400.00 (सत्ताईस हजार चार सौ रूपये) मात्र। 5. ई–निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : तारीख 09.11.2024 को 16:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारीख एवं समय : तारीख 09.11.2024 को 16:30 बजे। 6. वेबसाईट विवरण : https://www.gem.gov.in ई–निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक/पूमरे/धनबाद

पीआर/01362/डीएचएन/यां./टी/24–25/36


# एनटीपीसी कोल माइंस को मिली फाइव स्टार रेटिंग

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) की तलाईपल्ली और दुलांगा कोयला खदानों को वर्ष 2022-23 के लिए 5 स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार भारत सरकार के कोयला और खान मंत्री, जी. किशन रेड्डी और कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे द्वारा एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (ईंधन) शिवम श्रीवास्तव, एनएमएल के सीईओ अनिमेष जैन, तलाईपल्ली के परियोजना प्रमुख एएस यादव और दुलंगा के परियोजना प्रमुख बीआर प्रसून को 21 अक्टूबर, 2024 को नयी दिल्ली में आयोजित कोयला खदानों की वार्षिक स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह में प्रदान किये गये। एनटीपीसी और पूरे देश की कोयला आवश्यकता में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए टिकाऊ खनन प्रथाओं को आगे बढ़ाने में एनएमएल के मार्ग का प्रमाण हैं। भारत की कुल 384 कोयला खदानों ने इस प्रतिष्ठित स्टार रेटिंग पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा की। इनमें से 43 कोयला खदानों को 5 स्टार रेटिंग प्रदान की गयी।















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**